# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 274 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




धनबाद में पूर्व विधायक आनंद महतो के दिवंगत सुपुत्र डॉ. बुद्धदेव महतो को श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

# सदन में छाया रहा नगर निकाय चुनाव से लेकर जेपीएससी का मुद्दा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दूसरे दिन सदन के अंदर-बाहर सत्तापक्ष-विपक्ष आमने सामने होता रहा। विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी नगर निकाय चुनाव के बहाने सरकार पर हमला बोलते दिखे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग के साथ-साथ दलीय आधार पर चुनाव कराने का आग्रह लगातार भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की जाती रही है इसके बावजूद सरकार इसे नहीं माना। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि जेएमएम खुद चुनाव के दौरान नियमों का उल्लंघन करती रही है। ऐसे में यह चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होने पर संशय है। भाजपा विधायक नीरा यादव राज्य में धान खरीद की स्थिति पर तल्ख



टिप्पणी करती नजर आईं। सदन के अंदर बाहर नीरा यादव इस मुद्दे पर मुखर रहीं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में इस बार धान की अच्छी पैदावार होने के बावजूद सरकार धान नहीं खरीद पा रही है। आज ही समाचार पत्रों में आया है कि धान खरीद बंद हो चुका है। यदि सरकार इसपर गंभीर रहती तो किसानों को धान खरीद के माध्यम से अच्छी खासी आमदनी होती लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने सत्तापक्ष पर जनता के सवालों का जवाब देने से भागने का आरोप लगाते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वो जनहित के मुद्दे उठाती रहेंगी। बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू हुई। इस दौरान प्रदीप यादव ने जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का मुद्दा शुन्यकाल में उठाया। उन्होंने अधिकतम आयु सीमा 2026 करने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी और इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थी के वंचित रहने पर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया। प्रदीप यादव के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं और वंचित अभ्यर्थियों को जल्द परीक्षा में शामिल करने पर विचार किया जाएगा। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने भाग लिया। सत्र के पहले दिन सदन में दिये गए राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में वही जिक्र किया जो सरकार लिख कर देती है। सरकार की उपलब्धियों को बताया जाता है। छात्रों के हितों को लेकर छात्रवृत्ति को लेकर बात नहीं करते हैं लेकिन विदेश यात्राओं को लेकर सदन में जरूर बताया गया। मुख्यमंत्री को विदेश से आकर एक प्रेस कॉन्फ्रेस करना चाहिए था। कुल मिलाकर उनको अपने देश के उद्योगपति के साथ यहां भी समझौता कर सकते थे लेकिन वह विदेश जाकर समझौता करते हैं। राज्यपाल के अभिभाषण से झारखंड की जनता को कोई खास बात नहीं दिखाई दिया। विधायक जयराम महतो ने कहा कि झारखंड में अब तक 09 बार ही जेपीएससी सिविल सर्विस का एग्जाम हुआ है जबकि इस बार 26वां जेपीएससी होना था। जब पिछली बार की परीक्षा का कट डेट अगस्त 2017 था तो इस बार भी विज्ञापन संख्या 01/26 के लिए उम्र सीमा की गणना 01 अगस्त 2018 तक होना चाहिए। जयराम महतो ने कहा कि निजी संस्थानों में 75% स्थानीय को लेकर आरक्षण को लेकर दिया गया बयान सही नहीं है और एक सीएम को यह बयान देना शोभा नहीं देता है।

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर।** बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जानें की खबर है। यह कार्रवाई जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल क्षेत्र में नक्सलियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू की थी। इसके जवाब में जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मौके पर ही ढेर हो गए। सुरक्षाबलों को इस अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त करने की भी जानकारी मिल रही है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह कार्रवाई नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में सहायक सिद्ध हो रही है। सुरक्षाबलों को बीजापुर के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान ही नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने अपनी रणनीति के तहत जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस मुठभेड़ में पांच खूंखार नक्सली मारे गए, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी। बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान तेज गति से चल रहा है। पिछले चार दिनों में जवानों ने 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को सफलतापूर्वक नष्ट किया है। यह कार्रवाई नक्सलियों की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बरामद विस्फोटक सामग्री से नक्सलियों की बड़ी साजिशों को विफल किया गया है। सुरक्षाबलों की यह लगातार कार्रवाई क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में प्रभावी सिद्ध हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, छह गिरफ्तार

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में गुरुवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो वाहन भी जब्त किए हैं। थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी अभिमन्यु यादव को गिरफ्तार किया। उसके साथ निखिल यादव, अंकित यादव, शिवम तिवारी, अमित कुमार और सौरभ सिंह को भी पकड़ा गया। सभी आरोपी रांची जिले के निवासी बताए जा रहे हैं।

### ट्रेन से कटकर युवक मरा

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भंडारों गांव के 25 वर्षीय युवक विक्रम वर्मा ने रेम्बा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार देर रात मधुपुर-कोडरमा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर हुई। इसमें विक्रम का धड़ और सिर अलग हो गया।

### जमीन विवाद में बुजुर्ग की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिलंगा गांव में गुरुवार को जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान 69 वर्षीय तैयब अंसारी की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने धक्का-मुक्की में मौत का आरोप लगाया है। गुरुवार को हुए झगड़े के दौरान द्वारिका महतो ने तैयब अंसारी को धक्का दे दिया, जिससे वे गिर पड़े। महरूम बीबी का दावा है कि अंदरूनी चोट लगने से तैयब अंसारी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद द्वारिका महतो और उनके दोनों पुत्र मौके से फरार हो गए।

# वंचित अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल करने पर विचार करेगी सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में जेपीएससी का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने शुन्य काल में जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिकतम आयु सीमा 2026 करने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी और इससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के वंचित होने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रदीप यादव के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन को भरोसा दिलाया कि इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर हैं और वंचित अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल करने पर जल्द विचार किया जाएगा। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि 2021 में जारी विज्ञापन में उम्र कट-ऑफ 2016 रखी गयी थी। 2023 के विज्ञापन में साल 2017 रखी गयी। अब 2026 के विज्ञापन में उम्र कट-ऑफ 2018 की जगह 2026 कर दी गई है जिससे बड़ी संख्या में छात्र इस परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। इस संबंध में सरकार के समक्ष अर्जी भी दी गई है। कुछ लोग हाई कोर्ट भी गए और 22 अभ्यर्थियों की अर्जी को हाई कोर्ट ने स्वीकार भी किया। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है और जो छात्र वंचित हो रहे हैं, उन्हें जरूर इस परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। प्रदीप यादव ने सदन के अंदर सरकार को आईना दिखाते हुए सरकारी योजनाओं के लंबित होने पर सवाल खड़ा किया और अपने विधानसभा क्षेत्र की योजनाओं से अवगत कराया।

# अंचल अमीन रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रांची के सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन गणेश महतो एक व्यक्ति से जमीन मापी के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। इसकी लिखित शिकायत उनके द्वारा एसीबी में की गई थी। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार परिवादी रांची के सिल्ली निवासी वासुदेव महतो ने एसीबी में लिखित शिकायत दी थी कि अमीन गणेश महतो के द्वारा उनकी जमीन की नापी, रिपोर्ट और नक्शा के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। वासुदेव महतो किसी भी हाल में रिश्वत देकर काम करवाना नहीं चाहता था। इसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत एसीबी में की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के पदाधिकारियों ने मामले की जांच की तो शिकायत सत्य पाई गई। अमीन ने वासुदेव महतो से जमीन की मापी और नशे को लेकर बड़ी रकम की मांग की थी लेकिन वासुदेव महतो ने जब कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तब 8000 में बात बनी। पैसे देने की बात वासुदेव महतो के द्वारा एसीबी को बताई गई। इसके बाद अमीन को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार को रिश्वत लेते उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अमीन को गिरफ्तार करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में पूरी जानकारी प्रेस रिलीज जारी की गई है। प्रेस रिलीज के अनुसार सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन गणेश महतो द्वारा आवेदित भूमि की नापी की गई। नापी करने के पश्चात सिल्ली अंचल के अमीन गणेश द्वारा नापी रिपोर्ट और नक्शा के लिए रिश्वत की मांग की जा रही थी। परिवादी रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहता था जिसके बाद उन्होंने एसीबी को आवेदन दिया। आवेदन का विधिवत सत्यापन किया गया। सत्यापन में अंचल कार्यालय, सिल्ली, रांची में पदास्थापित अमीन गणेश महतो पर लगे आरोपों को सत्य पाया गया। इसके बाद परिवादी के लिखित आवेदन और सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची थाना कांड संख्या-08/26, धारा-7(थ) भ्रष्टाचार निवारण (संशो.) अधिनियम-2018 पंजीकृत कर प्राथमिकी अभियुक्त अमीन गणेश महतो को भ्र.नि. ब्यूरो, रांची के टीम द्वारा 8000/-(आठ हजार) रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जनता की समस्याएं सदन में उठनी चाहिए : मंत्री

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही में पहले हाफ में हिस्सा लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने विपक्षी भाजपा और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा विधायकों को सदन की गरिमा बनाए रखने की नसीहत देते हुए कहा कि सदन जनता के पैसे से चलता है और विधायकों का कर्तव्य है कि वे जनता की समस्याओं को सदन में उठाएं। डॉ. अंसारी ने कहा कि सदन जनता के पैसे से चलता है। जनता की समस्याएं सदन में उठनी चाहिए। मेरी भाजपा विधायकों से अपील है कि वे नेता प्रतिपक्ष की बात मानें और सदन की मर्यादा बनाए रखें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी विधायक का सदन में रहना या न रहना उसका व्यक्तिगत निर्णय है लेकिन सदन की गरिमा बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# लेवी वसूली करने वाला कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** नक्सल विरोधी अभियान में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के नाम पर लेवी वसूली, अवैध हथियार रखने और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले नामजद अभियुक्त अजीम हव्वारी उर्फ मो. अजीम हब्बारी उर्फ हिमांशु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ खूंटी थाना कांड संख्या 142/25 (दिनांक 06 जुलाई 2025) दर्ज है, जिसमें बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ-साथ आर्म्स एक्ट और सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त खूंटी शहर का ही निवासी है। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी पूर्व में पीएलएफआई संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। बाद के वर्षों में उसने अलग गिरोह बनाकर हथियार के बल पर रंगदारी, लूटपाट और दहशत फैलाने की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के नाम पर क्षेत्र में लेवी वसूली की जा रही है और अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री का नेटवर्क सक्रिय है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि वह हथियार और गोलियों को कपड़े में छिपाकर बेचता था और संगठन के नाम पर व्यवसायियों और आम लोगों से रंगदारी की मांग करता था। उसका मुख्य उद्देश्य इलाके में भय का माहौल बनाकर अवैध वसूली करना था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले से कई संगीन मामले दर्ज हैं, जिनमें लेवी वसूली, लूट, अवैध हथियार रखना और फायरिंग जैसी घटनाएं शामिल हैं।

## विस्थापितों को चरणबद्ध तरीके से मुहैया कराई जा रही सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चांडिल डैम का निर्माण करीब 42 साल पहले हुआ था। इसकी वजह से 84 मौजा के 116 गांव के लोग विस्थापित हुए थे। लिहाजा, पुनर्वास नीति के तहत चयनित 22 स्थलों में से 13 पुनर्वास स्थलों का आंशिक विकास तो हुआ लेकिन आजतक 9 पुनर्वास स्थल विकसित नहीं किए गये हैं। यह मसला बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान उठा। ईचागढ़ की झामुमो विधायक सबिता महतो के सवाल पर विभागीय मंत्री हफीजुल हसन ने भरोसा दिलाया कि चरणबद्ध तरीके से विस्थापितों को सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।

# केरेडारी में कोल माइंस आंदोलन तेज, दो पूर्व विधायक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी(हज़ारीबाग़)।** कोयला खनन परियोजना को लेकर चल रहा आंदोलन बुधवार को उस समय और तेज हो गया जब पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी को पुलिस ने धरना स्थल से गिरफ्तार कर लिया। दोनों नेता केरेडारी थाना क्षेत्र में एनटीपीसी की कोल परियोजना से जुड़े विस्थापन, मुआवजा और रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी दोपहर करीब तीन बजे पगार ओपी क्षेत्र में की गई। प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। हालांकि समर्थकों का आरोप है कि शांतिपूर्ण आंदोलन को दबाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। यह पूरा विवाद एनटीपीसी लिमिटेड की चट्टी बरियातू कोल माइंस परियोजना से जुड़ा है। स्थानीय विस्थापित भू-रैयतों और प्रभावित परिवारों का कहना है कि खनन कार्य के लिए अधिग्रहित जमीन के बदले उन्हें पर्याप्त मुआवजा, पुनर्वास और स्थायी रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया। योगेंद्र साव 31 दिसंबर से इस मुद्दे को लेकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और विस्थापितों की जायज मांगों को अनसुना करना उचित नहीं है। उन्होंने गिरफ्तार नेताओं की अविलंब रिहाई और प्रभावित परिवारों के साथ संवाद स्थापित करने की मांग की। आंदोलनकारी संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।





**लक्ष्य:**

- विकसीत एवं बेहतर चास बनाना।
- नाली, रोड, पानी की समूचित व्यवस्था करना।
- जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण करना।
- सफाई की समूचित व्यवस्था करना।

**मानव सेवा, हमारा धर्म**

- विगत 30 वर्षो से हर जरूरतमंदो एवं गरीबो की यथासम्भव मदद की।
- ठंड की ठिठुरती रातो में अपनो के साथ धुम-धुम कर जरूरतमंद एवं लाचार व्यक्ति को कम्बल देना।
- समय समय पर जरूरतमंद को खून उपलब्ध करा कर उनका सहारा बनना।
- गरीब एवं जरूरतमंद लगभग 500 लोगो का मोतियाबिंद ऑपरेशन जाने माने नेत्र विशेषज्ञो के द्वारा करवाना।
- छठघाट से लेकर शमशान घाट तक संवारना।
- गरीब बच्चियों की पढ़ाई एवं शादी में मदद करना।
- आस पास के क्षेत्रों में मिलने वाली लगभग 250 लावारिस लाशों का वारिस बनकर उनका अंतिम संस्कार करवाना।
- बिना प्रचार प्रसार के किसी खामोश क्रांति की तरह हर किसी का सहारा बनना।
- बिगत 25 वर्षो से शमशान घाट में पड़े अपनो से बिछड़े अस्थ कलश का सरकार के अनुमती के साथ सनातन सभ्यता से विर्सजन करना।

**सम्मान:**

- वर्ष 2005 में सामप्रदायिक सोहार्द कायम रखने में प्रशंसनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- वर्ष 2006 में राष्ट्रीय संस्कृत प्रसार परिषद द्वारा सामाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु बाबा आम्टे संस्कृत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।
- 15 अगस्त 2015 बोकारो जिला प्रशासन द्वारा समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- 29 अगस्त 2015 को राष्ट्रीय संस्कृत प्रसार परिषद द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- चास नगर निगम द्वारा कोविड महामारी के दौरान जरूरतमंदो के बिच भोजन वितरण एवं मृतको का निशुल्क अंतिम संस्कार कराने में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।
- 09 अप्रैल 2021 को लोक सेवा समिति ने समाज सेवा में विशिष्ट योगदान के लिए झारखण्ड रत्न से सम्मानित किया गया।

गोपाल मुरारका द्वारा प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### किशोरियों के स्वास्थ्य और अधिकार पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** राजगीर सागर संगम काली बाड़ी परिसर में बिहार वॉटर डेवलपमेंट सोसायटी सेवा केंद्र कुर्जी पटना द्वारा, किशोरियों के स्वास्थ्य और अधिकार विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण



गुरुवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रशिक्षिका मनोरमा देवी ने हमारी पाठशाला फेज चार के किशोरियों के मासिक स्वास्थ्य और अधिकारों की जानकारी दी। कहा कि इस प्रशिक्षण से बालिकाओं में जन जागरूकता और नई चेतना का संचार होगा। एबीपीएम के राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से बालिकाएं अपने अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होगी। जिला स्तरीय प्रशिक्षक रमेश कुमार पान, हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता टीम सुपरवाइजर साहिल राज द्वारा संस्था के उद्गम एवं कार्यप्रणाली को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर पर हमारी पाठशाला फेज चार के शिक्षक भीम पासवान ,फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, किरण कुमारी, आरती कुमारी, सोनू कुमार, सुमन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश प्रसाद राजेश कुमार सहित 90 प्रतिभागी मौजूद रहे।

### बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला

**बिहारशरीफ (नबिटासं)।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन जिला उद्योग केंद्र नालंदा के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथि



प्रवीण कुमार,अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त का कार्यालय, नई दिल्ली उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में आर के चौधरी निर्देशक एमएसएमई पटना अजय कुमार परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नालंदा, शशिकांत वरीय प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक नालंदा, संतोष कुमार साहू एवं डॉक्टर रोचक राठौर सहायक निदेशक ग्रेट 1 एमएसएमई विकास कार्यालय पटना एवं अंकेश कुमार कार्यालय संयोजक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने बौद्धिक संपदा अधिकार में एमएसएमई की पूरी भूमिका पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित एमएसएमई इकाइयों को इसके महत्व के बारे में समझाया एवं बताया कि सरकार बौद्धिक संपदा प्रतिपूर्ति के तहत किस तरह एमएसएमई को प्रतिपूर्ति करके सरकार सूची एवं लघु उद्योगों को सशक्त बना रही है, तकनीकी सत्र में पुनः डॉक्टर रोचक राठौर ने सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के एमएसएमई इन्नोवेटिव स्कीम एवं अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा बौद्धिक संपदा एटर्नी की तरफ से आए रोबिन विंसेंट एवं मनीष रिजु ने बौद्धिक संपदा अधिकार एवं इसके कानूनी परिदृश्यों तथा एमएसएमई उद्योगों में बौद्धिक संपदा अधिकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में प्रतिभागियों ने अपने प्रश्नों पर चर्चा की एवं सहभागिता की, अंत में जीएल मीणा एवं डॉ श्वेता देवतले सहायक निदेशक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

**पटना (नबिटासं)।** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल (डफ्रछ) और ईआरजेडएल (फ्रेिछ) नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। कंपनी के मुताबिक, ओआरएसएलल डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक फॉमूर्ले पर आधारित है और रेडी-टू-ड्रिंक व पाउडर दोनों रूपों में उपलब्ध होगा। वहीं ईआरजेडएल को रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लॉन्च किया गया है। यह नया ब्रांड थकान, कमजोरी, गर्मी से होने वाली परेशानी या हल्के-मध्यम डिहाइड्रेशन में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार, ईआरजेडएल में पहले की तुलना में 1.4 गुना ज्यादा इलेक्ट्रोलाइट्स और 8 गुना कम शुगर है, जिससे यह पानी की तुलना में तेजी से हाइड्रेशन देने में सक्षम है। ईआरजेडएल ड्रिंक में सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड, विटामिन सी और असली फलों का रस शामिल है, जिससे यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहतमंद भी रहे। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मेयर पद के दावेदार विकास राणा का जनसंपर्क तेज, मिल रहा जबरदस्त समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहर का सियासी माहौल गरमाता जा रहा है। इसी क्रम में महापौर प्रत्याशी विकास राणा ने रामनगर, कदमा, विष्णुपुरी और शिवदयाल नगर इलाके में व्यापक डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया और समर्थन का भरोसा दिलाया।

यह अभियान आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें विकास राणा ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जनसंपर्क के दौरान विकास राणा ने कहा कि



नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट और नाली जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि महापौर बनने के बाद पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि शहर का विकास ही उनका लक्ष्य है और जनता का भरोसा ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। लोगों के बीच विकास राणा की छवि एक युवा, सक्रिय और जमीन से जुड़े नेता के रूप में उभर रही है। सामाजिक कार्यों में उनकी निरंतर भागीदारी और आम जनता के बीच उनकी मौजूदगी ने उन्हें लोगों के करीब पहुंचाया है। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने खुलकर उनका समर्थन किया और उन्हें शहर के सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त नेतृत्व बताया। अभियान के दौरान कई जगहों पर लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और ह्लनाम विकास, काम विकासह्व जैसे नारों से माहौल को जोश से भर दिया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्हें ऐसा नेता चाहिए जो सिर्फ चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर वक्त जनता के साथ खड़ा रहे—और इस कसौटी पर विकास राणा खरे उतरते नजर आ रहे हैं। अभियान के समापन पर कार्यकताओं ने भरोसा जताया कि इस बार शहर की जनता विकास और विश्वास की राजनीति को चुनते हुए विकास राणा को भारी मतों से विजयी बनाएगी।

## वार्ड 22 में मिताली रश्मि के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, महिलाओं की भागीदारी बनी ताकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** नगर निगम चुनाव में वार्ड 22 शिवपुरी से वार्ड पार्षद पद की प्रत्याशी मिताली रश्मि को महिलाओं समेत सभी वर्गों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। रोजाना दर्जनों महिलाएं अपने घरेलू काम निपटाकर घर-घर जाकर मिताली रश्मि के पक्ष में मतदान की अपील रहे, जिसके कारण आज शिवपुरी की सड़कें, नालियां और गलियां बदहाल स्थिति में हैं। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि कई बार ऑटो-टोटो चालक सवारी लेकर आने से कतराते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी नगर निगम क्षेत्र में होने के बावजूद



कर रही हैं। जनसंपर्क के दौरान महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि वार्ड 22 के विकास, बुनियादी सुविधाओं की बहाली और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से वे सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए प्रचार कर रही हैं, ताकि एक कर्मठ और शिक्षित प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके। उनका कहना है कि मिताली रश्मि की जीत से शिवपुरी के विकास को नई दिशा मिलेगी। महिलाओं ने बताया कि वार्ड 22 में लंबे समय से छठ घाट निर्माण की मांग उठती रही है, लेकिन पिछले करीब 15 वर्षों में पूर्व प्रतिनिधियों ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पर मिताली रश्मि ने भरोसा दिलाया है कि जीत के बाद शिवपुरी नाला को पुराने स्वरूप में लाकर एक सुंदर और सुव्यवस्थित छठ घाट का निर्माण कराया जाएगा। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की समस्याओं पर बात करते हुए मिताली रश्मि ने कहा कि पहले चुने गए प्रतिनिधि जनता की जरूरतों को समझने में असफल यहां की सुविधाएं ग्रामीण इलाकों से भी बदतर हैं—लोग टैक्स तो देते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाएं अब भी जस की तस हैं। मिताली रश्मि ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और लोगों की सेवा के उद्देश्य से चुनाव मैदान में उतरी हैं और यह सेवा भाव आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल में उनके परिवार ने बिना अपनी परवाह किए जरूरतमंदों तक अनाज, भोजन, मास्क और सेनेटाइजर पहुंचाने का काम किया था। उन्होंने वार्ड 22 के मतदाताओं से अपील की कि मतपत्र के क्रम संख्या 1 ह्लअलमारी छापह्व पर मुहर लगाकर शिवपुरी के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें आशीर्वाद दें। जनसंपर्क अभियान में उनके साथ सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, अनीता पांडे, लक्ष्मी देवी, रेशमी देवी, लवली सिन्हा, सरिता विश्वकर्मा, बिंदु देवी, प्रियंका तिवारी, आरती सिन्हा, पूनम सिंह, श्वेता, राधा देवी, बीना सिंह, सुमित्रा देवी, जुली सिंह, बसंती देवी, कलावती दुबे, मीनू जी, बीना देवी,

## प्लेसमेंट को लेकर करीब दो दर्जन छात्राओं का इंटरव्यू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** डिजिटल गर्ल्स हब परियोजना के तहत हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में प्लेसमेंट को लेकर स्टेजझवन के तहत प्री-साक्षात्कार (इंटरव्यू ब्रीफ) का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब दो दर्जन छात्राओं का इंटरव्यू लिया गया। साक्षात्कार दिल्ली से आए डीजीएच के प्लेसमेंट पार्टनर केशव मिश्रा द्वारा लिया गया। उन्होंने सभी छात्राओं के बायोडाटा की जांच की तथा पर्सनल इंटरेक्शन के माध्यम से जॉब नेचर, रुचि, योग्यता एवं पूर्व अनुभव से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इंटरव्यू के दौरान हजारीबाग में आयोजित होने वाले प्लेसमेंट ड्राइव को लेकर भी विस्तृत ब्रीफिंग दी गई।



स्टेजझवन में चयनित छात्राओं को 2 मार्च को हजारीबाग में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल कराया जाएगा, जहां विभिन्न कंपनियों द्वारा अंतिम साक्षात्कार के बाद नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस ड्राइव में डाटा एंट्री ऑपरेटर, नर्सिंग, टेली-कॉलर, कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों के लिए साक्षात्कार लिए जाएंगे। उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि यह इंटरव्यू ब्रीफिंग यूनिसेफ के सहयोग से कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) द्वारा आयोजित किया गया है। परियोजना के तहत 18 से 29 वर्ष की विवाहित एवं अविवाहित महिलाओं को ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बरही में एसआरसी रामनरायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही एवं सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है।

### लंबित वारंट के मामले में आरोपी नानकू राम गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारू (हजारीबाग)।** दारू थाना पुलिस ने फरार और लंबित वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने जी.आर. 3409/11 के वारंटी नानकू राम उर्फ दुलारचंद राम, पिता जागो राम, निवासी ग्राम चोरहेत, थाना दारू, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर सटीक रणनीति बनाकर छापेमारी की गई, जिसमें आरोपी को धर दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दारू थाना पुलिस ने बताया कि आगे भी लंबित वारंटियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल, भेजा गया अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दारु (हजारीबाग)।** दारू थाना क्षेत्र के एन एच 522 हरली गांव के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरली निवासी सूरज कुमार पिता विनोद प्रसाद मोटरसाइकिल से दारू से झुमरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान झुमरा की ओर से आ रही एक टाटा मैजिक वाहन अनियंत्रित हो गई और मोटरसाइकिल सवार के ऊपर पलट गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन चालक का संतुलन अचानक बिगड़ गया, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। स्थानीय ग्रामीण ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक की सहायता में जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही दारू थाना प्रभारी इकबाल हुसैन ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस दल को तत्काल घटनास्थल पर भेजा। पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टाटा मैजिक वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गई है तथा मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा की प्रेस वार्ता सुदेश चंद्रवंशी को बताया बेदाग और योग्य उम्मीदवार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर भाजपा की ओर से झंडा चौक स्थित सांसद सेवा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद मनीष जायसवाल और प्रदेश प्रवक्ता अनिवेश सिंह उपस्थित रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में मेयर पद के लिए सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने नामांकन किया है।

वे एक बेदाग, अपराधमुक्त और सुयोग्य उम्मीदवार हैं, जो पिछले करीब 40 वर्षों से समाज सेवा में




सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि सुदेश कुमार चंद्रवंशी के पिता स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद भी लंबे समय तक जनसेवा से जुड़े रहे थे। उनके सामाजिक कार्यों और जनसेवा के अनुभव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें समर्थन देने का निर्णय लिया है। भाजपा उनके सहयोग से हजारीबाग नगर निगम को स्वच्छ और ग्रीन नगर निगम बनाने की दिशा में काम करेगी। मनीष जायसवाल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड सरकार की मंशा साफ नहीं है। उनका आरोप है कि सरकार भाजपा से डरी हुई है, इसी कारण चुनाव दलगत आधार पर नहीं कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो सरकार खुद ईवीएम के जरिए चुनाव जीतकर सत्ता में आई है, वही अब ईवीएम पर भरोसा नहीं दिखा रही और वैलेट पेपर से चुनाव कराने का फैसला कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में अपराध और नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है, जिससे अपराधीकरण और गुंडाराज चरम पर पहुंच गया है। राज्य में बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीर स्थिति बनी हुई है, जहां बाल तस्करी और चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण राज्य की आंतरिक सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है और खनन व शराब माफियाओं का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

## रसोईया-धमना अंडरपास पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने सांसद से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** रसोईया-धमना क्षेत्र में निमार्णाधीन अंडरपास के डिजाइन को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। इसी को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल सांसद मनीष जयसवाल से मिला और अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। यह प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी और मोतीलाल चौधरी के नेतृत्व में पहुंचा।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान प्रस्तावित डिजाइन में दोनों ओर मिट्टी भराई कर दीवार जैसी संरचना बनाई जा रही है, जिससे गांव का सीधा संपर्क मार्ग बाधित होने की आशंका है। उनका कहना है कि यदि निर्माण इसी रूप में किया गया तो किसानों, छात्रों और रोजमर्रा के काम से आने-जाने वाले लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। इससे स्थानीय बाजार और छोटे व्यापारियों पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ग्रामीणों ने सुझाव दिया कि



अंडरपास को पिलर आधारित संरचना में बनाया जाए, ताकि नीचे से रास्ता खुला रहे और आवागमन सुचारु बना रहे। सांसद मनीष जयसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से तकनीकी समीक्षा कराने और व्यावहारिक समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इस मुद्दे की जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव को भी देते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। सांसद से मिलने वालों में रसोईयाझ्रधमना के मुखिया गोविंद साहू, उपमुखिया बिरेंद्र साहू, समाजसेवी तौकीर रजा, अनुज यादव, राजदेव गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने नेचर सफारी एवं जू सफारी परिसर का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने एक दिवसीय दौरे पर राजगीर पहुंचे जहां उन्होंने गुरुवार को जू सफारी, नेचर सफारी स्थित ग्लास ब्रिज परिसर का भ्रमण कर काफी प्रसन्नता जाहिर की। उनके संतुलन को बनाए रखते हुए पर्यटन को बढ़ावा देना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे यहाँ अत्यंत प्रभावी ढंग से संपादित किया जा रहा है। यह पहल न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही है, बल्कि पर्यावरण जागरूकता को भी



आगमन पर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम ने भव्य स्वागत किये। भ्रमण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने राजगीर की हरी-भरी प्राकृतिक छटा, सुव्यवस्थित पर्यटन अवसंरचना तथा जैव-विविधता संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि राजगीर प्रकृति प्रेमियों और आध्यात्मिक यात्रियों दोनों के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य है। उन्होंने विशेष रूप से राजगीर सफारी प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण नई दिशा दे रही है। भ्रमण के क्रम में मंत्री महोदय ने वन्यजीव संरक्षण परियोजनाओं, इको टूरिज्म गतिविधियों, पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों तथा आधुनिक पर्यटक प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। साथ ही जू एवं नेचर सफारी परिसर की संचालन व्यवस्था, संरक्षण रणनीतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार सिंह सहित विभाग के पदाधिकारी लोग शामिल थे।

# राजगीर में चिंतन शिविर के दूसरे दिन 'पीएमजेवीके' निगरानी ऐप लांच

## केंद्रीय मंत्री ने कहा - अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चलना ही 'सबका साथ, सबका विकास' है

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा विश्वविद्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के 'चिंतन शिविर' के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) निगरानी ऐप लांच किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यकों के विकास के बिना वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना संभव नहीं है।

ऐप लांन्चिंग के अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन, बिहार के अल्पसंख्यक कल्याण



मंत्री जमा खान और अन्य राज्यों से आए विभागीय मंत्री उपस्थित थे। इस ऐप के माध्यम से पीएमजेवीके के तहत चल रही योजनाओं की निगरानी की जा सकेगी, जिससे विभागीय कार्यों और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पीएमजेवीके को मंत्रालय का एक बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान विभिन्न राज्यों से आए मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ इस योजना पर विस्तृत चर्चा की गई है। राज्यों के मंत्रियों ने योजनाओं को धरातल पर और बेहतर तरीके से लागू करने के लिए अपने आइडिया और सुझाव साझा किए हैं। सत्र के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक कल्याण के प्रति सरकार का विजन रखा। उन्होंने कहा कि देश के सभी वर्गों, विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय को विकास की मुख्यधारा में साथ लेकर चलना ही 'सबका साथ, सबका विकास' का वास्तविक अर्थ है। सरकार इसी दिशा में नीतियां बना रही है ताकि अल्पसंख्यकों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय ज़रूरी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आगामी 23 फरवरी को पलामू के पांचों नगर निकाय क्षेत्रों के लिये मतदान निर्धारित है। इसी के निमित गुरुवार को टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी समीरा एस ने एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, क्लस्टर से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे,यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो, इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि मतदान के पश्चात सभी लोग क्लस्टर पर ही पहुंचेगें यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दौरान पूर्व से निर्धारित रुट को फ़ॉलो करना अनिवार्य रहेगा। मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में पोलिंग पर्सन के द्वारा निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी को मतदान पूर्व संध्या जिम्मेदारी,आवंटित मतदान केंद्रों का दौरा,मतदान केंद्रों का निरीक्षण,नियंत्रण कक्ष एवं संचार व्यवस्था, क्रिटिकल बूथों पर विशेष नज़र रखने आदि विषयों पर ध्यान देने की बात कही।इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

**मतदान स्थल के 100 मीटर के परिधि में किसी प्रकार के आर्म्स ले जाने पर रहेगी रोकः एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि 23 फरवरी को मतदान स्थल के 100 मीटर के क्षेत्र में किसी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस के जवान यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मतदाता मतदान स्थल के भीतर मोबाइल के साथ प्रवेश नहीं करे।उन्होंने मतदानकर्मियों से कहा कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत सर्वप्रथम अपने सेक्टर पुलिस पदाधिकारी से करें। इसके अलावे एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सभी निर्वाची पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

# बच्चा चोर समझ अज्ञात युवक को ग्रामीणों ने पीटा

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की पुलिस को तलाश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो थाना क्षेत्र मे बच्चा चोर होने की अफवाह के चलते एक अज्ञात युवक की ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। मामला कोडरमा-गिरिडीह बॉर्डर पर स्थित मरकच्चो के पपलो पंचायत के नावाडीह (बेको) गांव का है। बुधवार शाम एक अनजान युवक गांव में घूमता नजर आया। ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो उसे रोककर पूछताछ शुरू की गई। युवक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहा था, जिससे लोगों का शक गहरा गया। देखते ही देखते वहां भीड़ जुट गई और कुछ लोगों ने उसे बच्चा चोर बताकर मारपीट शुरू कर दी। हालांकि मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन भीड़ के आगे उनकी एक नहीं चली।

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

घटना के दौरान कुछ स्थानीय युवकों ने युवक का वीडियो बनाकर उसे 'बच्चा चोर' बताते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराकर थाने ले आई। पुलिस के अनुसार युवक के शरीर पर मारपीट के निशान थे। उसे तत्काल अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी नंदकिशोर तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है। पूछताछ में वह अपना सही पता या पहचान स्पष्ट रूप से नहीं बता सका।

**पुलिस की अपील- कानून हाथ में न लें**

राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों बच्चा चोर गिरोह की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। इसी के कारण कई जगहों पर निर्दोष लोगों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत स्थानीय थाने को दें।

स्वयं कानून हाथ में न लें। थाना प्रभारी ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान देने के बजाय सतर्कता बरतें और प्रशासन को सहयोग करें। फिलहाल युवक को इलाज के बाद छोड़ दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।

# जांच अभियान के दौरान चार ओवरलोडेड हाइवा जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहाडीह मोड़ के समीप अंचलाधिकारी सारांश जैन एवं थाना प्रभारी उमानाथ सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान चार ओवरलोड हाईवा वाहनों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि सभी वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक खनिज सामग्री लादकर परिवहन कर रहे थे, जो नियमों का उल्लंघन है। अंचलाधिकारी ने बताया कि ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। जब्त किए गए वाहनों के संबंध में अग्रतर कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**बारुण/नबिटा संवाददाता।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सोननगर जंक्शन ने ऑपरेशन सतर्क के दौरान शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कारोबारी को 23 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जीआरपी थानाध्यक्ष मुनेंद्र कुमार ने बताया कि गश्ती दल में शामिल आरपीएफ द्वारा रफीगंज स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन और चार के बीच से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। तस्कर के बैग को जांच के दौरान बैग से 350 एमएल का 22 बोतल अंग्रेजी शराब को जब्त किया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश स्थित फैजाबाद जिला के कर्मडांड गांव निवासी कुणाल यादव के रुप में पहचान हुई है।

# प्रमंडलीय आयुक्त से गढ़वा उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने की मुलाकात





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय से आज गढ़वा जिले के उपायुक्त दिनेश कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों पदाधिकारियों ने आयुक्त को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। आयुक्त ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से गढ़वा जिले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने की सलाह दी।

# अधिवक्ता मनोज टंडन के खिलाफ जांच पर रोक, पीएफआइ लिंक की जांच का आदेश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने डोरंडा थाना क्षेत्र में कार-मोटरसाइकिल दुर्घटना के मामले में हाई कोर्ट के अधिवक्ता मनोज टंडन के खिलाफ किसी भी तरह की जांच पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने बाइक सवार युवक द्वारा की गई आपत्तिजनक पोस्ट की भी जांच का आदेश दिया है।

**वरीय अधिवक्ता को बड़ी राहत**

गुरुवार को जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की एकलपीठ ने इस मामले में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। खुद को पीड़ित बताने वाले युवक मोबाज खान के सोशल मीडिया पर उन्मादी पोस्ट को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार और सीबीआई को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मोबाज खान के प्रतिबंधित संगठन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के साथ कथित संपर्क और क्रियाकलापों की जांच करने और शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। 24 मार्च को मामले में विस्तृत सुनवाई तय की गई है। इस फैसले से अधिवक्ता मनोज टंडन को बड़ी राहत मिली है, जिन्होंने अपनी याचिका में एफआईआर निरस्त करने, अपनी गाड़ी रिहा करने और घटनास्थल पर वीडियो बनाकर उनकी जान लेने पर उतारू उन्मादी भीड़ की जांच की मांग की थी। झारखंड हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान धीरज टंडन के खिलाफ किसी भी जांच पर रोक लगा दी है।

**क्या है पूरा मामला?**

डोरंडा थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना के बाद वरीय अधिवक्ता मनोज टंडन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मनोज टंडन ने इस घटना को लेकर कोर्ट में एक याचिता दायर की थी। टंडन ने याचिका में कहा कि वह दुर्घटना में शामिल नहीं थे और घटना के बाद उन्मादी भीड़ ने उनकी गाड़ी को घेर लिया, वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिससे उनकी जान को खतरा भी बना रहा। दूसरी ओर, खुद को पीड़ित बताने वाले मोबाज खान ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डाली, जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया। कोर्ट ने मामले की गहराई से पड़ताल के लिए तीनों पक्षों को निर्देश दिया है।

# वार्ड 29 में गंदगी और अव्यवस्थित नालियों से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** शहर के 36 वार्डों में अलग-अलग समस्याएं व्याप्त हैं, लेकिन वार्ड संख्या 29 की स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक बनी हुई है। यहां मंदिर के समीप गंदगी का अंबार लगा रहता है, वहीं नालियों में जमी गंदगी से लगातार बदबू फैल रही है। स्थिति यह है कि साफ-सफाई और जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नालियों का निर्माण भी समस्याओं को कम करने के बजाय बढ़ाने वाला साबित हुआ है। कई जगहों पर नालियां इस तरह बनाई गई हैं कि घरों की दहलीज नाली से नीचे हो गई है। ऐसे में घरों का गंदा पानी नाली तक पहुंच ही नहीं पाता, जिससे पानी घरों के आसपास ही जमा हो जाता है और दुर्गंध फैलती है। स्थानीय निवासी रवि कयाल का कहना है कि पूरे शहर में समस्याओं का अंबार है और वार्ड 29 की हालत भी बेहद खराब है। उन्होंने नगर निगम पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक स्थिति सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं अमित कुमार ने बताया कि नालियों का निर्माण बिना योजना के किया गया है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

# बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन भोजनावकाश के बाद सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। इस दौरान सदन में सत्तापक्ष-विपक्ष के विधायक कई मौके पर उलझते नजर आए।

जेएमएम विधायक हेमलाल मुर्मू ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंन राज्य सरकार की उपलब्धि को बताते हुए विपक्ष मे़ं बैठी भाजपा पर निशाना साधने में कोई कसर नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने का काम हमारी सरकार ने की मगर भाजपा सरकार ने इसे कम कर 14 प्रतिशत कर दिया।

सदन में वंदे मातरम से लेकर एसआईआर तक की चर्चा इस दौरान होती रही। हेमलाल मुर्मू के संबोधन के दौरान भाजपा विधायक सीपी सिंह ने तीखी टिप्पणी करते हुए तंज कसते नजर आए। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए भाजपा पर देश में नफरत की बीज बोने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि जिस तरह से कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल में मंत्रिपरिषद की मुहर लगी अभिभाषण को वहां के राज्यपाल ने नहीं पढ़ा और वहां के मुख्यमंत्री ने उसे पढ़ा और राज्यपाल ने अपना आभिभाषण को पढ़ा है। ऐसे में उन राज्यों के राज्यपाल को बर्खास्त करना चाहिए। प्रदीप यादव ने सदन में असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा के बयान की भी निंदा करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोलते नजर आए। उन्होंने कहा कि भाजपा वंदे मातरम का सम्मान नहीं करती है राम का नाम ढाल के रूप में इस्तेमाल कर भाजपा उसे बदनाम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के इस आरोप पर सदन में विभागीय मंत्री डॉ। इरफान अंसारी ने एतराज जताते हुए कहा कि जो आंकड़ा नेता प्रतिपक्ष सदन में दे रहे हैं, वह 2022-23 और 2023-24 का है जिस दौरान सुखा पड़ा था। इस बार धान की पैदावार अच्छी हुई है और 31 मार्च तक धान खरीद का समय है इसलिए जो लक्ष्य निर्धारित है वह जरूर पूरा होगा।

समय अभाव की वजह से आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा पूरा नहीं हो सका। शुक्रवार को एक बार फिर सदन में चर्चा होगी जिस दौरान मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। अंत में स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

# भाजपा का आरोप—हिन्दू समाज को बांटने की साजिश, मंत्री सुदिव्य का पलटवार— 'बंटवारे की राजनीति का अंतिम दौर'




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** झारखंड में निकाय चुनाव की सरगर्मियों के बीच 'यूजीसी' की नई नियमावली को लेकर सियासी तापमान अचानक बढ़ गया है। इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा आमने-सामने आ गए हैं, जिससे चुनावी माहौल और अधिक तीखा हो गया है। भाजपा ने राज्य सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार पर हिन्दू समाज को तोड़ने का गंभीर आरोप लगाया है, वहीं मंत्री ने पलटवार करते हुए भाजपा को ही "बंटवारे की राजनीति" का असली चेहरा बताया है। गुरुवार को शहर के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता सह पूर्व मंत्री डॉ. रवींद्र राय और राज पालीवार ने तीखा हमला बोला। डॉ. राय ने कहा कि निकाय और पंचायत चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़े जाते हैं, लेकिन झामुमो के नेता, विशेषकर गिरिडीह के विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार, जानबूझकर धार्मिक और सामाजिक विभाजन का एजेंडा चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है, उस पर केंद्र सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि किसी का अहित नहीं होने दिया जाएगा, फिर भी राज्य सरकार के मंत्री सवर्ण समाज को गुमराह करने में लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा हमेशा हिन्दू समाज को एकजुट रखने के लिए प्रतिबद्ध रही है। वहीं, मंत्री सुदिव्य कुमार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भाजपा पर करारा हमला किया। माथाडीह में आयोजित एक मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि समाज को धर्म और जाति के आधार पर बांटने का काम भाजपा ने वर्षों से किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार निकाय चुनाव में भाजपा ने गरीब दलितों की बजाय "अमीर दलित" को प्राथमिकता देकर अपने दोहरे चरित्र को उजागर किया है। मंत्री ने कहा कि देश में जब-जब धर्म और जाति के नाम पर राजनीति हुई है, तब-तब सामाजिक ताना-बाना कमजोर हुआ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "अब बंटवारे की राजनीति अपने अंतिम चरण में है" और जनता इसे समझ चुकी है। इस सियासी टकराव ने न केवल चुनावी बहस को नई दिशा दी है, बल्कि यह भी साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में मुद्दों की लड़ाई और अधिक तीखी होने वाली है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलएचएस–एलसीजी–41–16–सी–ई, दिनांकः 17.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–एलएचएस–एलसीजी–41–16–सी–ई** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल–निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य–शेड्यूल ए1–एईएन/बैण्डेल के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 41 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2–एईएन/बैण्डेल के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 41 के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम लागत। शेड्यूल बी1–एईएन/कटवा के तहत बी.के सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 16/सी/ई के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल बी2–एईएन/कटवा के तहत बी.के सेक्शन में लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 16/सी/ई के बदले नए सीमित ऊँचाई के सबवे के निर्माण के लिए टेलीकॉम्यूनिकेशन लागत। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 2,65,97,689.82, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 2,83,000/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 17.02.2026 को 18.20 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 27.02.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 13.03.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-633/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बनिया पासवान टोला में छह माह से नल-जल योजना बंद

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के वार्ड नं-14 बनिया पासवान टोला के लोगों को नल-जल योजना से पानी लगभग छह माह से बंद पड़ा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। पासवान टोला के लिए विभाग से नया नल जल योजना लगाने का टेंडर हुआ है। इस कार्य को कराने के लिए मेसर्स आर्यन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह महादलित टोला में नया नल-जल योजना लगाने के लिए विभाग से स्वीकृति मिली है। संवेदक द्वारा सड़क के किनारे गड्ढा खोद कर पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है। गड्ढा भी नहीं भरा गया है जिसके कारण प्रतिदिन लोग गड्ढे में गिरकर घायल हो गए हैं। संवेदक के द्वारा कभी तक पेयजल आपूर्ति करवाने हेतु बोरिंग नहीं करवाई गई है और काम बंद

# नाई समाज की पंद्रह सदस्यीय कमेटी गठित, अध्यक्ष बने अशोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** शिवगंज में गुरुवार को पारस ठाकुर के सभागार में अखिल भारतीय नारी विकास संघ का बैठक संतोष ठाकुर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में क्षौर कार्य करने वाले सैलून संचालकों का एक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अशोक कुमार ठाकुर को अध्यक्ष, सचिव मनु ठाकुर, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार, उपाध्यक्ष निरज ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, उप सचिव अखिलेश ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर को चुनाव किया गया है। जबकि कार्यकारणी समिति के सदस्यों का चुनाव प्रह्लाद ठाकुर, मुना कुमार ठाकुर, राकेश कुमार, समीर कुमार, गौतम कुमार ठाकुर, राकेश कुमार शामिल हैं। कमेटी के मुख्य संरक्षक पारस ठाकुर और संरक्षक संतोष ठाकुर को सर्वसम्मति से चुनाव किया गया है। बैठक रामू ठाकुर, सूरजपत ठाकुर, प्रवीण कुमार ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे। नव चयनित कमिटी के अधिकारियों ने कहा कि सैलून हर गुरुवार को बंद रहेगा। क्षौर कार्य नहीं होगा। महंगाई के मद्देनजर क्षौर कार्य के लिए नियामावली बना कर लेट तय करने पर विचार विमर्श किया गया। नियम उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

# अधिवक्ता के बंद घर में चोरी

**दानापुर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हाथी खाना मोड़ के पास अज्ञात चोरों ने एक अधिवक्ता के बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित अधिवक्ता रवि शंकर घोष ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वे फिलहाल गर्दनीबाग स्थित ससुराल में रह रहे थे और घर बंद था। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचने पर दरवाजा टूटा और सामान बिखरा मिला। चोर इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी व अन्य सामान ले गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए मामले की जांच में जुटी है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/742, दिनांक 18.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई–टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम सं. 1, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3558, कार्य का नाम :** "एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 5/3 के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3581, कार्य का नाम :** "हावड़ा मेट्रो की ओर से हावड़ा स्टेशन तक प्रवेश/निकास द्वारों की व्यवस्था, हावड़ा स्टेशन के पुराने परिसर भवन, पुराने परिसर से नए परिसर में पैसेंजर शेड के सुदृढ़ीकरण के बाद प्लेटफॉर्म–12 के ओआरएच पर खुली छत वाले स्थान के पास सीआईटी/आउटडोर कार्यालय को स्थानांतरित करके सीआईटी आउटडोर कार्यालय के स्थान पर प्लेटफॉर्म–12 में डीलक्स शौचालय, सड़क का विकास, यात्रियों को जानकारी के लिए पर्याप्त रोशनी और वीडियो वॉल के प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 29,15,821/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 58,300/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3564, कार्य का नाम :** "एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 24ए/4(ई) के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 4, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3551, कार्य का नाम :** "एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 7/सी के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **क्रम सं. 5, निविदा संख्याः ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3565, कार्य का नाम :** "एईएन/आजिमगंज के अधीन रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 24ए/12(ई) के स्थान पर नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 9,25,614/–, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 18,500/–, **पूर्णता अवधि:** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 12.03.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-635/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कार से लाश बरामद

## कारतूस और खोखा भी बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** गंगाब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी सेतु के निकट पश्चिमी लेन पर एक कार में गोली मारकर हत्या की गई युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

शव मिलने की सूचना पर राहगीर जुट गए। घटना की जानकारी मिलते ही गंगाब्रिज थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव की पहचान करने का प्रयास किया।

हालांकि शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस शव की पहचान कर स्वजन को सूचना देने का प्रयास कर रही है।

आशंका जताई जा रही है कि युवक की गोली मारकर हत्या कर शव को कार में रख दिया गया है। कार से एक खोखा और एक कारतूस मिला है। युवक काला पैजामा और उजला शर्ट पहने हुए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना की जानकारी मिलते ही एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किया है। वहीं, पुलिस ने कार को जब्त कर थाने पर ले आई।

गंगा ब्रिज थाना से महज कुछ दूरी पर एक कार में गोली मारकर हत्या कर शव को छोड़कर बदमाश फरार हो गया। और किसी राहगीर एवं गंगा ब्रिज थाने की पुलिस को पता नहीं चला। जबकि महात्मा गांधी सेतु पथ पर हमेशा वाहनों का परिचालन हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बदमाशों का हौसला इतना बुलंद है कि दिन के उजाले में घटना को अंजाम देकर फरार हो गया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

गंगा ब्रिज थाना की गश्त एवं क्षेत्र में भ्रमण कर रहे डायल 112 की पुलिस पर भी सवाल उठ रहा है। दिनदहाड़े बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गया और पुलिस को इसकी सूचना तक नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार जिस कार में युवक का शव मिला है। कार पर ऊपर मोटर ड्राइविंग स्कूल लिखा हुआ है। कार के आगे बीआर 1एएफ - 4068 जबकि पिछे बीआर 1एई 4068 लिखा हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# परीक्षार्थी के अपहरण की अफवाह

## छात्रों ने स्कूल एवं सड़क पर मचाया तांडव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बाजार स्थित एमएस हाईस्कूल में बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के तहत चल रही मैट्रिक परीक्षा देने आए एक छात्र के अपहरण की अफवाह फैल गई।

अफवाह के बाद छात्र उग्र हो गए और विद्यालय परिसर में तोड़-फोड़ शुरू कर दी। आक्रोशित छात्रों ने सिवान-आंदर मुख्य मार्ग को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया।

इस दौरान यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार हुआ और करीब आधा दर्जन से अधिक वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सूचना मिलते ही हुसैनगंज थाना पुलिस सक्रिय हुई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 अजय कुमार सिंह और थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस के अनुसार, बुधवार को मैट्रिक परीक्षा की द्वितीय पाली में

### अपने ही घर से बरामद हुआ कथित अपहृत

जीबी नगर थाना क्षेत्र का एक छात्र अपने साथियों के साथ गणित विषय की परीक्षा देने उक्त केंद्र पर आया था। परीक्षा अपेक्षा के अनुरूप न होने से वह तनाव में आ गया और मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर बिना किसी को बताए घर चला गया।

परीक्षा समाप्त होने के बाद साथियों ने उसकी तलाश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसी बीच सोशल मीडिया पर उसके गायब होने (अपहरण) की अफवाह फैल गई, जिससे छात्र भड़क उठे। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि जांच के दौरान छात्र को उसके घर से सकुशल बरामद कर लिया गया है। हंगामा, तोड़फोड़ और सड़क जाम करने के मामले में करीब 500 से 600 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

# एकलव्य केंद्रों की हुई समीक्षा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने गुरुवार को खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राज्य के खेल तंत्र में सुरक्षा, पारदर्शिता और संस्थागत सुधारों पर विशेष जोर दिया। बैठक में खेल सचिव महेन्द्र कुमार समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत स्तर के खेल परिसरों और आउटडोर स्टेडियमों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, ताकि सुरक्षा, निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने खेल क्लबों के सक्रिय संचालन को संस्थागत स्वरूप देने और उसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। सचिव स्तर से नियमित निरीक्षण की व्यवस्था विकसित करने पर भी बल दिया गया, जिससे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

बैठक में खेल क्षेत्र में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि निजी क्षेत्र और स्थानीय उद्योगों की भागीदारी बढ़े तथा युवाओं को प्रतियोगिताओं में अधिक अवसर मिल सके।

जमीनी स्तर पर जवाबदेही तय करने के लिए प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, खेल प्रशिक्षक और शारीरिक शिक्षक को टैग करने का निर्देश दिया गया।

खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता लाने हेतु ओपन कॉल के माध्यम से आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करने और अधिकतम कीमत निर्धारित करने की बात कही गई। राज्य में संचालित 27 एकलव्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने संतोष जताया तथा शेष केंद्रों को शीघ्र सक्रिय करने के निर्देश दिए। नवंबर से हाफ मैराथन आयोजन की भी जानकारी दी गई। बैठक ने राज्य में सुरक्षित और समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# पूरी राशि लेने के बाद भी आवास नहीं बना सके 368 लाभुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** कैमूर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी अनियमितता सामने आई है। आवास निर्माण के लिए पूरी राशि लेने के बावजूद 368 लाभुकों ने अब तक घर पूरा नहीं किया है। इन सभी लाभुकों ने सहायता राशि की तीनों किश्त प्राप्त कर ली है। इसके बावजूद कई जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिला प्रशासन ने ऐसे लाभुकों की पहचान कर सूची तैयार की है। अब विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

ग्रामीण विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में जिले को 9841 आवास का लक्ष्य मिला था। इनमें से 9484 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वीकृत लाभुकों को नियमानुसार किस्तों में राशि भी जारी की गई। सरकार का उद्देश्य था कि आवासविहीन परिवारों को पक्का घर मिल सके। लेकिन कुछ लाभुकों ने राशि लेने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया। इसी कारण विभाग को समीक्षा करनी पड़ी।राशि लेने के बाद भी घर पूरा नहीं करने वालों में कुदरा प्रखंड सबसे आगे है। कुदरा में 156, नुआंव में 69 और रामगढ़ में 64 लाभुकों ने आवास अधूरा छोड़ा है। भभुआ में 53, चैनपुर व चांद में 15-15 मामले सामने आए हैं।

भगवानपुर में 3, मोहनियां में 2 और रामपुर में 5 लाभुक शामिल हैं। इन सभी को कई बार सूचना देकर निर्माण पूरा करने को कहा गया। इसके बावजूद अपेक्षित प्रगति नहीं दिखी।

इस संबंध में उप विकास आयुक्त दिव्या शक्ति ने कहा कि सभी लाभुकों को अंतिम सूचना दी जाएगी। उन्हें शीघ्र आवास पूर्ण करने की अपील की जाएगी। यदि इसके बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि योजना की पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं होगा। सरकार की मंशा जरूरतमंदों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। अब देखना है कि चेतावनी के बाद कितने लाभुक निर्माण पूरा करते हैं।

# झारखण्ड में थम नहीं रही बच्चा चोरी की अफवाह

## पांच दिनों में दर्जन भर घटनाएं, भीड़ का निशाना बन रहे निर्दोष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बच्चा चोरी की अफवाहों ने गंभीर रूप ले लिया है। बीते पांच दिनों में राज्य के अलग-अलग हिस्सों से 12 से अधिक ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें महज शक के आधार पर भीड़ ने निर्दोष लोगों पर हमला कर दिया। ताजा मामला राजधानी रांची से आई है। जहां भीड़ ने बच्चा चोरी के संदेह में तीन लोगों को पीट दिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को रांची के एदलहातु इलाके में बच्चा चोरी के संदेह में तीन लोगों को भीड़ ने घेरकर पीट दिया। दो महिलाएं और एक पुरुष ऑटो से एक बच्चे के साथ जा रहे थे। बच्चा रो रहा था, तभी किसी ने बच्चा चोरी का शोर मचा दिया। अफवाह फैलते ही लोग जुटने लगे और बिना किसी पुष्टि के ऑटो रुकवाकर तीनों को नीचे उतार लिया। देखते ही देखते भीड़ ने मारपीट शुरू कर दी।

सूचना मिलने पर बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हस्तक्षेप कर तीनों को भीड़ से सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में किसी संगठित बच्चा चोरी गिरोह की पुष्टि नहीं हुई है, हालांकि मामले की जांच जारी है।

राज्य के अन्य जिलों में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। सोशल मीडिया, खासकर व्हाट्सएप पर बच्चा चोर गिरोह के सक्रिय होने की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। धनबाद, चतरा, जमशेदपुर, जामताड़ा, गिरिडीह, रामगढ़, लातेहार और बोकारो में भी भीड़ द्वारा संदेह के आधार पर लोगों की पिटाई की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

चतरा जिले के पिपरवार में तीन दिन पहले बच्चा चोरी के शक में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बाद में पता चला कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वहीं बुधवार को धनबाद के बाघमारा थाना क्षेत्र में भीड़ ने बच्चा चोर होने की अफवाह पर दो महिलाओं पर हमला कर दिया, जिन्हें पुलिस ने समय रहते बचा लिया। 16 फरवरी को बोकारो में बच्चा चोर गिरोह से जुड़े होने के आरोप में छह महिलाओं के साथ मारपीट की गई। पुलिस के हस्तक्षेप से उनकी जान बच सकी।

झारखंड पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध सूचना पर बिना पुष्टि के कानून हाथ में न लें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# बालू लदे ट्रैक्टर से पानी गिरने के विवाद में मारपीट

## छह लोग गंभीर, एक इलाजरत की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** बरहेट थाना क्षेत्र के धनजोरी गांव में घर के बाहर बालू लदे ट्रैक्टर से पानी गिरने के विवाद में मारपीट हो गई। इसमें छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नरेश पंडित की बेहतर इलाज के लिए मालदा ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजनों को सौंप दिया। इस मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि धनजोड़ी गांव निवासी नीलकंठ पंडित के पास ट्रैक्टर है जिससे वह बालू की ढुलाई करता है। रात में बालू लदे ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ा कर देता था। इस दौरान ट्रैक्टर से पानी रिसता था। इससे सड़क पर कीचड़ हो जाता था। नरेश पंडित की बेटी माला देवी ने नीलकंठ पंडित के घर के बाहर जाकर ट्रैक्टर को दूसरी जगह लगाने को कहा। इसी पर विवाद बढ़ गया। दोनों पक्षों की ओर से मारपीट शुरू हो गयी।

आरोप है कि नीलकंठ पंडित, उसकी पत्नी सुलेन देवी, गोविंद पंडित, धरोनी पंडित, गणेश पंडित, लखींद्र पंडित, फूलेश्वर पंडित, अष्टमी देवी, पुतुल देवी आदि ने दूसरे पक्ष के 50 वर्षीय नरेश पंडित, 65 वर्षीय पान किष्टू पंडित, 45 वर्षीय तिलेश्वर पंडित, 65 वर्षीय रेणुका देवी, 60 वर्षीय जोगिन पंडित, 45 वर्षीय राजू पंडित को मारपीट कर घायल कर दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल नरेश पंडित को इलाज के लिए मालदा ले जाने दौरान रास्ते में मौत हो गई। इसके बाद शव को रात में ही बरहेट थाना लाया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया। उधर, पुलिस ने छापेमारी कर नीलकंठ पंडित, गणेश पंडित, गोविंद पंडित, धरनी पंडित, उर्मिला देवी और सोलन देवी को गिरफ्तार कर लिया।

# वार्षिक खेल महोत्सव का समापन

## विजयी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर किया गया उत्साहवर्धन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** गुरुवार को स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया में वार्षिक खेल महोत्सव का द्वितीय एवं अंतिम दिवस अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अररिया के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री राशिद नवाज थे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों के बीच ब्लेजर दौड़, गणित दौड़, रिंग दौड़, छोटे बच्चों के लिए बॉल एवं बाल्टी दौड़ तथा अंतर सदन रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार, सहायक निदेशक कुमार आर्यन तथा शिक्षकों द्वारा पदक देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय के निदेशक अनुप कुमार ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी इस बार पदक प्राप्त नहीं कर सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि अगले वर्ष और अधिक परिश्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लें।

अंत में उन्होंने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# लाठी-डंडे से युवक की पिटाई

**हाजीपुर।** बिदुपुर थाना क्षेत्र के खालसा चौक के निकट गुरुवार की सुबह पूर्व विवाद को लेकर चार-पांच युवकों ने लाठी-डंडे से एक युवक की पिटाई कर दी।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में एक युवक को चार-पांच लोग लाठी-डंडे से मारते दिख रहे हैं।

इस दौरान एक युवक के हाथ में हथियार लिए दिख रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिदुपुर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया गया। घायल की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र के जुड़ावनपुर निवासी रघुनाथ सिंह के पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है।

गौरव कुमार ने बताया कि वह हाजीपुर से लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक रंगदारी मांगने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट की गई और कथित रूप से कट्टा लहराया गया। उन्होंने कुछ आरोपितों के नाम भी बताए हैं और पहचान करने की बात कही है।

# सेवा निवृत्त आर्मी मैन की गोली मारकर हत्या

## मौके से तीन खोखे बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के मानपुर बैरिया में गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवक ने सेवा निवृत्त आर्मी मैन को गोली मार दी। घायल व्यक्ति को आनन-फानन में इलाज के लिए पटना के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले को आपसी जमीन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। मृतक की पहचान अशोक नगर निवासी तेजनंदन राय (45) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर सदर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी 2 रंजन कुमार ने बताया कि तेजनंदन राय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद उड़ीसा में एक कंपनी में काम कर रहे थे। उन्होंने वर्ष 2005 में गोपालपुर बैरिया में चोखा राय से एक जमीन खरीदी थी। उस जमीन पर चोखा राय का नाती विकास कुमार अपना दावा कर रहा था।

गुरुवार को तेजनंदन राय जमीन की नापी कराने के बाद बाउंड्री वॉल बनवा रहे थे। इसी क्रम में विकास कुमार मौके पर पहुंचा और तेजनंदन राय को दनादन गोलियों से भून दिया। पुलिस ने मौके से तीन खोखे बरामद किए हैं। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि चोखा राय का नाती विकास ने तेजनंदन राय पर तीन गोलियां चलाई हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अपराधी विकास कुमार की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

घटनास्थल के आसपास के लोगों ने बताया कि तेजनंदन राय ने मानपुर बैरिया के चोखा राय से वर्ष 2005 में जमीन की रजिस्ट्री करवाई थी। गुरुवार की सुबह वह कुछ लोगों के साथ आकर उस जमीन की सफाई करने और बाउंड्री वॉल बनवाने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच चोखा राय का नाती विकास कुमार अपने कुछ दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और बाउंड्री वॉल बनने से तेजनंदन राय को रोकने लगा।इस पर तेजनंदन राय और विकास कुमार के बीच काफी देर तक बहस हुई। इसी दौरान विकास ने अपने कमर से पिस्तौल निकालकर तेजनंदन राय पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। गोली लगते ही तेजनंदन राय वहीं गिर पड़े। मौके का फायदा उठाकर विकास कुमार फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल अवस्था में खून से लथपथ तेजनंदन राय को पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### नाली विवाद में चली गोली

**आरा।** जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव में नाली के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई। फायरिंग में चाचा को गोली लग गई, जबकि भतीजा मारपीट में घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से मामला शांत कराया गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। गोली से घायल चाचा पुली सिंह के 22 वर्षीय पुत्र अमरेंद्र कुमार हैं। उनके बाएं हाथ की हथेली में गोली लगी है। घायल भतीजा उपेंद्र सिंह के 20 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार है। इधर,घायल अमरेंद्र कुमार ने बताया कि उनके घर के सामने नई सड़क का निर्माण हुआ है। उसी सड़क में नाली निकालने को लेकर पट्टीदारों से विवाद चल रहा है। वे सहार थाना क्षेत्र के बागी गांव से बाइक से लौट रहे थे। तभी देखा कि उनके पट्टीदार उनके पिता के साथ झगड़ा कर रहे हैं और मारपीट कर रहे हैं। जब वे बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद पटीदारों ने पिस्टल निकालकर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें उनके बाएं हाथ में गोली लग गई।

# डोभी प्रखंड में किसान रजिस्ट्रेशन अभियान तेज

## 32 प्रतिशत किसानों का हुआ पंजीकरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड क्षेत्र में वर्ष 2025 के अंतर्गत किसान रजिस्ट्रेशन अभियान को गति देते हुए अब तक लगभग 32 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। प्रखंड के पंचायतों में कृषि विभाग की ओर से विशेष अभियान चलाकर किसानों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कृषि समन्वयक संजय कुमार एवं उनकी टीम के द्वारा घर-घर जाकर किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न पंचायतों में कैंप लगाकर भी किसान रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे अधिक से अधिक किसान आसानी से पंजीकरण करा सकें। कृषि विभाग के अनुसार रजिस्ट्रेशन के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, बीज, उर्वरक तथा कृषि संबंधी अन्य लाभ सीधे उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि शेष किसानों का पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी किसान को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। कृषि विभाग ने प्रखंड के सभी किसानों से अपील की है, कि वे अपने नजदीकी कैंप या कृषि समन्वयक से संपर्क कर जल्द से जल्द किसान रजिस्ट्रेशन कराएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# उच्च न्यायालय ने पक्ष- विपक्ष के 42 विधायकों को थमाया नोटिस

- नोटिस में विस अध्यक्ष का भी नाम शामिल
- नामांकन के दौरान साक्ष्य छुपाने का आरोप




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। इतना ही नहीं कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं, जिनपर कोर्ट ने अलग-अलग सुनवाई करते हुए लिखित जवाब देने को कहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि सूची में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है।

इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलनी चाहिए। अगर यह जानकारी गलत दी गई तो यह गंभीर बात है। सभी विधायक तय समय के अंदर अपना जवाब दें।

हाईकोर्ट में यह एकमुश्त किसी मामले की सुनवाई के दौरान फैसला नहीं आया है या नोटिस जारी नहीं किया गया है। अलग-अलग मामले हैं और रोचक यह भी है कि कई मामलों में विधानसभा चुनाव जीतने वालों के साथ-साथ हारे प्रत्याशियों को भी कठघरे में रखा गया है। जैसे एक केस में- औराई विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गईं रमा निषाद के खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ था, उसमें छठे नंबर पर रहे अखिलेश कुमार ने ऊपर से पांच स्थान पाने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ लड़ाई शुरू की है। उनकी याचिका में रमा निषाद के अलावा प्रत्याशियों- शिव शंकर गुप्ता, मो. आफताब आलम, भोगेंद्र सहनी और राधा रमण को भी आरोपी बनाया गया है। इसी तरह, दूसरे केस में- झंझारपुर विधानसभा सीट से जीतने वाले नीतीश मिश्रा के साथ हारने वाले प्रत्याशियों- कृष्ण कुमार साहू, अब्दुल इरफान, ओम प्रकाश पोद्दार, उमर आफताब अफसर, कृष्ण कुमार झा को भी इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी राम नारायण यादव ने आरोपी बनाया है।

# हॉस्टल से आठ छात्रों को किया गया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के छात्रावास एक बार फिर से सुर्खियों में है। कारण है यहां के आठ छात्रों की गिरफ्तारी। आरोप है आठों छात्र शराब के नशे में पकड़े गए। पटना पुलिस ने छापेमारी कर इन्हें मिंटो हॉस्टल कैंपस से गिरफ्तार किया। छात्रसंघ चुनाव से पहले पटना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई से विश्वविद्यालय कैंपस में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार, पीरबहोर थाना क्षेत्र के अलग-अलग छात्रावासों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। छात्रसंघ चुनाव को देखते हुए पटना पुलिस अधीक्षक (मध्य) भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में मिंटो छात्रावास में छापेमारी कर आठ छात्रों को नशे की हालत में पकड़ा गया।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार छात्रों का संबंध पीरबहोर थाना में दर्ज बम कांड से भी जुड़ा हुआ है। इस मामले में विस्फोटक अधिनियम की धाराएं लगाई गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों में से एक का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस को भी बुलाया गया था। सभी आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन की ओर से सभी छात्रावासों में लगातार निगरानी और छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए तीन दिनों से चल रही नामांकन प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो गई। सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए कुल 51 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

### मुख्य सचिव ने की खेल विभाग की समीक्षा

# सुरक्षा, निगरानी, पीपीपी मॉडल एवं संस्थागत सुधारों पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में खेल सचिव महेन्द्र कुमार एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने राज्य के खेल तंत्र में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल क्लबों एवं खेल परिसरों की सुरक्षा को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत स्तर के खेल परिसरों एवं आउटडोर स्टेडियमों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पारदर्शिता, सुरक्षा एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खेल क्लबों के सक्रियण एवं संचालन की प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप दिया जाए जिससे उसकी नियमित समीक्षा एवं प्रगति का आकलन किया जा सके। सचिव स्तर पर नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। ताकि राज्य भर में खेल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र स्थापित हो सके। मुख्य सचिव ने खेल क्षेत्र में स्वस्थ पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी के लिए स्पष्ट नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए जिससे सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित हो सके। स्थानीय उद्योगों को खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन में शामिल करने तथा युवाओं को प्रतियोगिताओं एवं खेल आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समावेशी एवं सुव्यवस्थित पीपीपी मॉडल राज्य में खेल विकास के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। जमीनी स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि प्रत्येक खेल क्लब के साथ जिला खेल पदाधिकारी, राज्य सरकार के खेल प्रशिक्षक तथा शारीरिक शिक्षक को टैग किया जाए। खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं एकाधिकार की स्थिति को रोकने के लिए उन्होंने खुले आमंत्रण (ओपन कॉल) के माध्यम से खेल सामग्री आपूर्तिकर्ताओं एवं विक्रेताओं को सूचीबद्ध (एम्पैनल) करने का निर्देश दिया। ताकि सभी खेल क्लबों को समान दरों पर गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही खेल सामग्री की अधिकतम कीमत (कैपिंग प्राइस) निर्धारित करने का भी निर्देश दिया गया जिससे राज्य में कहीं भी मूल्य शोषण की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्य सचिव ने राज्य में संचालित 27 एकलव्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया तथा शेष प्रस्तावित केंद्रों को शीघ्र सक्रिय करने का निर्देश दिया। विभाग द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि नवंबर एवं फरवरी माह में हाफ मैराथन का आयोजन प्रस्तावित है जिसकी शुरुआत इस नवंबर से की जाएगी। यह बैठक राज्य में सुरक्षित, पारदर्शी, जवाबदेह एवं समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के प्रति बिहार सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# भारत के आन बान शान थे शिवाजी महाराज : आरसीपी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटेल परिवार के द्वारा आयोजित शिवाजी महाराज की जयंती समारोह में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारत के आन बान शान थे और उनके ही द्वारा किए गए कार्य के चलते देश तरक्की कर रहा है। जयंती समारोह से पूर्व पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कंकड़बाग टेंपो स्टैंड स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि मराठा साम्राज्य को स्थापित करने में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अहम भूमिका निभाई थी और उन्होंने एकजुट का संदेश दिया था। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पटेल परिवार के संयोजक शंकर पटेल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से आज के युवाओं को सीख मिलती है और उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए पटेल परिवार के सहसंयोजक जितेंद्र पटेल ने शिवाजी महाराज के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके किए गए कार्यों का बखान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सत्येंद्र पटेल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सीमा पटेल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व वृशिण पटेल, पूर्व विधायक सतीश कुमार, पूर्व विधान पार्षद वाल्मीकि सिंह डॉक्टर एल बी सिंह ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर गणेश प्रसाद सिंह इंद्रजीत पटेल अमित कुमार रिंपी कुमारी शांति देवी पूनम देवी ज्योति रिंकू कुमारी इंदु देवी सहित सैकड़ो लोगों ने शिवाजी महाराज के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# इ-निबंधन पोर्टल से मिलेगी जमीन की पूरी जानकारी, निबंधन प्रक्रिया होगी और आसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में अब जमीन दस्तावेज निबंधन की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग अब जमीन के निबंधन और दाखिल-खारिज से पूर्व खरीदार-विक्रेता को भूमि की पूर्ण अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह नई व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी। विभाग का उद्देश्य है कि सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' पहल के अंतर्गत प्रशासनिक स्तर पर प्रक्रिया सुगम की जाए। इसके साथ हीं भूमि अंतरण के दौरान अनावश्यक कानूनी झंझटें कम हों और अधूरी जानकारी के कारण उत्पन्न होने वाले विवादों की भी रोकथाम हो सके। यह सुविधा ई-निबंधन पोर्टल पर दी जाएगी। इसके लिए आवेदक को ई-निबंधन पोर्टल पर अकाउंट बनाकर लॉग इन करना होगा। इसके बाद भूमि से जुड़ी 13 महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज करनी होंगी जिसमें निबंधन कार्यालय का नाम, अंचल, मौजा, थाना संख्या, खाता संख्या, खेसरा संख्या, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी संख्या, जमाबंदी धारक का नाम, क्रेता-विक्रेता का नाम और भूमि का प्रकार शामिल है।

**अंचल अधिकारी 10 दिनों के भीतर अद्यतन जानकारी करेंगे अपलोड**

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निबंधन से पहले आवेदक को विकल्प मिलेगा कि वह भूमि की अद्यतन जानकारी प्राप्त करना चाहता है या नहीं। यदि विकल्प हां चुना जाता है तो जानकारी संबंधित अंचल अधिकारी/राजस्व अधिकारी को भेजी जाएगी और सूचना दोनों पक्षों को एसएमएस से मिलेगी। अंचल अधिकारी 10 दिनों के भीतर अद्यतन जानकारी अपलोड करेंगे अन्यथा आवेदक द्वारा दी गई जानकारी पूर्ण मानी जाएगी और आवेदन ऑटो फॉरवर्ड हो जाएगा। यह सुविधा केवल रैयती भूमि पर लागू होगी जिससे भूमि विवादों में कमी आएगी और नागरिकों को भूमि संबंधी सटीक जानकारी मिलने से जीवन आसान बनेगा।

## गोल्फ चौंपियनशिप का भव्य आगाज, तीन दिवसीय प्रतिष्ठित प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना गोल्फ क्लब द्वारा 53वीं पटना वार्षिक गोल्फ चौंपियनशिप 2026 का आयोजन 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक क्लब परिसर, बेली रोड, पटना में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता क्षेत्र की सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित खेल प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। प्रेस वार्ता में न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, अध्यक्ष, तपन कुमार घोष, उपाध्यक्ष, कुमार त्रिपुरारी सिंह, उपाध्यक्ष, विशाल सहाय, कैप्टन एवं अरविंद सिंह, मानद सचिव, विवेक कुमार राणा, कोषायक्ष एवं दिलजीत खन्ना ने संयुक्त रूप से मीडिया को प्रतियोगिता की रुपरेखा, विभिन्न श्रेणियों, प्रतिभागियों की संख्या तथा मुख्य आकर्षणों की विस्तृत जानकारी दी।

# देशहित को गिरवी रख कर व्यापार समझौता मंजूर नहीं : दीपेंद्र हुड्डा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कांग्रेस सांसद सीडब्ल्यूसी सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में मोदी सरकार ने भारत के किसानों व खेत-खलिहान के हितों की बलि दे डाली। भारत की ऊर्जा सुरक्षा से खिलवाड़ किया। भारतीय हितों की रक्षा में मजबूती से खड़े होने के बजाय एक मजबूर सरकार ने भारत की संप्रभुता व आत्मनिर्भरता से समझौता कर लिया। इससे भारत की डिजिटल स्वायत्तता व हमारी डेटा प्राईवेसी पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसे कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। न ही देश के 144 करोड़ जनमानस इसे मंजूर करेंगे। पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने भारत-अमेरिका समझौते की खामियों को बिंदुवार बताया। कहा कि भारत के कृषि बाजार में अमेरिका के खाद्य उत्पादों का आयात किसान की रोजी-रोटी पर सीधा हमला है। 6 फरवरी 2026 के 'फ्रेमवर्क एग्रीमेंट' के पहले बिंदु में ही सहमति जताई गई है कि भारत बगैर किसी आयात शुल्क के अमेरिका के खाद्य व कृषि उत्पादों के लिए अपना बाजार खोल देगा। विचारणीय है कि भारत में मक्का कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, गुजरात में भरपूर होता है। देश में भरपूर बाजरा होता है। अगर अमेरिका से ड्यूटी-फ्री (शुल्क रहित) मक्के और बाजरे के लिए भारत का बाजार खुल जाएगा तो देश के किसानों का क्या होगा? व्यापार समझौते में अमेरिका से 'सोयाबीन ऑयल' के आयात पर सहमति जताई गई है। भारत का सालाना सोयाबीन उत्पादन 153 लाख टन है। सोयाबीन की पैदावार मुख्यतः मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान व कर्नाटक में होती है। इन किसानों का क्या होगा? अगला बड़ा झटका भारत के फल और मेवा उत्पादकों यानी सेब, नाशपाती, अमरूद, संतरा, स्ट्रॉबेरी, केला समेत बादाम, अखरोट, पिस्ता, मूंगफली और अन्य उत्पादकों को लगेगा क्योंकि अमेरिका से आयात को शुल्क-मुक्त किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों के लाखों किसान इससे गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के केला और मूंगफली किसान भी प्रभावित होंगे। सवाल है कि जब सभी फल और मेवे अमेरिका से शुल्क-मुक्त आधार पर आयात किए जाएंगे तो हमारे किसानों की आजीविका की रक्षा कौन करेगा? दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इस समझौते का बड़ा प्रभाव ''कपास'' पैदा करने वाले किसान पर पड़ेगा।

## 6 महीने में नए रूप में तैयार हो जाएगा पटना संग्रहालय का ऐतिहासिक हेरिटेज परिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार की ऐतिहासिक धरोहर में शुमार पटना संग्रहालय को संरक्षित करने का काम भवन निर्माण विभाग तेजी से कर रहा है। इसे अगले 6 महीने में पूरा कर लेने की तैयारी है। इसके मूल स्वरूप को बरकरार रखते हुए पुराने भवनों को संरक्षित किया जा रहा है। इस परियोजना के दूसरे चरण में पुराने हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य और इनकी दीर्घाओं को शामिल किया गया है। पहले चरण में परिसर में ही दो नई दीर्घाएं 'गंगा' और 'पाटली' का उद्घाटन किया जा चुका है। परियोजना का सिविल कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है और इलेक्ट्रिकल कार्य चल रहा है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि हेरिटेज भवनों के संरक्षण कार्य में काफी सावधानी बरती जा रही है। ताकि प्राचीन संरचनाओं को किसी तरह की क्षति न पहुंचे। संग्रहालय में बचे हुए कार्य को अगले छह महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के विस्तारीकरण के अंतर्गत संग्रहालय परिसर में गंगा दीर्घा एवं पाटली दीर्घा का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त 2डी प्रेक्षागृह, अस्थायी प्रदर्शनी हॉल, संग्रहालय कार्यालय, संरक्षण प्रयोगशाला, 105 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम एवं कलाकृतियों को रखने के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त भण्डार गृह का निर्माण भी किया गया है।

# प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप एवं भावी कार्यक्रमों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा पटना में आयोजित तीन दिवसीय 'प्राउटिस्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन' के दूसरे दिन द्विवार्षिक रोडमैप, घोषणापत्र, नीतियों एवं भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत एवं सारगर्भित चर्चा सम्पन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह ने की जबकि संचालन आचार्य शिवानन्द दानी द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने आगामी दो वर्षों के लिए संगठन की कार्यनीति को सशक्त, योजनाबद्ध एवं जनोन्मुख बनाने पर बल देते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्राउट के सिद्धांतों को प्रभावी रूप से पहुंचाना है। इस अवसर पर अंगिका समाज, अमरा बंगाली समाज, मगही समाज, मिथिला समाज, भोजपुरी समाज, बघेली समाज, हरियाणवी समाज, विदर्भ समाज, छत्तीसगढ़ी समाज, डोगरी समाज एवं उत्कल समाज के समाज सचिवों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने संगठन के विस्तार, प्राउट के सिद्धांतों के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधियों ने आगामी दो वर्षों के लिए व्यापक जनजागरण अभियान, कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संगठनात्मक विस्तार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। सम्मेलन का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण रहा। एम पी जैन ने बताया कि सम्मेलन का समापन सत्र 20 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

## किसानों को शुद्ध बीज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में बीज एक अत्यंत महत्वपूर्ण व निर्णायक उपादान है। गुणवत्तायुक्त व शुद्ध बीज के बिना उच्च उत्पादन की कल्पना संभव नहीं है। इसलिए बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बिहार सरकार का कृषि विभाग बीज गुणवत्ता नियंत्रण की सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक व्यवस्था के साथ कार्य कर रहा है। राज्य में बीज नमूनों की जांच हेतु राज्यस्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला और पटना, भभुआ, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, सहरसा, दरभंगा व मोतिहारी में बीज विश्लेषण समेत अन्य प्रयोगशालाएं विकसित की गई हैं। 31 जिलों में जिला स्तरीय बीज विश्लेषण प्रयोगशाला और 38 जिलों में बीज नमूनों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन प्रयोगशालाओं में प्राप्त आधिकारिक एवं सेवा बीज नमूनों की जांच वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप की जाती है।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स मौजूदा बाजार में रिस्क-ऑन और रिस्क-ऑफ के बीच बदलते रुझानों के दौर में एक जरूरी विकल्प बन गए हैं। ये फंड एक ही पोर्टफोलियो में इक्विटी, डेट और गोल्ड या सिल्वर जैसी कमोडिटीज में निवेश कर विविधीकरण प्रदान करते हैं। अलग-अलग एसेट क्लास का व्यवहार एक जैसा नहीं होता जिससे पोर्टफोलियो ज्यादा संतुलित रह सकता है और बाजार के विभिन्न चक्रों में जोखिम-समायोजित अनुभव देने में मदद मिलती है। पहले निवेशक अलग-अलग एसेट क्लास में स्वयं निवेश करते थे, लेकिन फीस, टैक्स एफिशिएंसी, लागत और परफॉर्मेंस ट्रैकिंग जैसी चुनौतियां इसे जटिल बनाती थीं। मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड एक यूनिफाइड पोर्टफोलियो अप्रोच के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाते हैं। परिसंपत्तियों का संतुलित मिश्रण इक्विटी ग्रोथ के लिए, डेट स्थिरता के लिए और गोल्ड या सिल्वर अनिश्चितता के समय हेज के रूप में कंसंट्रेशन रिस्क को कम करने और अलग-अलग बाजार परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है। ड्रॉडाउन्स के दौरान डाइवर्सिफाइड रिस्क ड्राइवर्स, आपस में कम संबंध और अनुशासित री-बैलेंसिंग निवेश अनुभव को अधिक संरचित और स्थिर बना सकते हैं। मौजूदा वैश्विक अनिश्चितता, ब्याज दरों में बदलाव और नीति संकेतों के बीच मल्टी-एसेट एलोकेशन को एक ऑल-वेदर अप्रोच के रूप में देखा जा रहा है। यह एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल है। निवेशक केवल रजिस्टर्ड म्यूचुअल फंड्स के साथ ही डील करें जिनकी जानकारी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड की वेबसाइट पर सत्यापित की जा सकती है। असंतोष की स्थिति में स्कोर्स प्लेटफॉर्म पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। म्यूचुअल फंड में निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से संबंधित सभी दस्तावेज सावधानीपूर्वक पढ़ें।

# रामकृष्ण परमहंस जयंती समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज एवं सर्वत्र संस्कृतम की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय रामकृष्ण परमहंस स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर में रामकृष्ण परमहंस की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासनिक) राज्य लोक सेवा अधिकरण उत्तर प्रदेश डा. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस आध्यात्मिक शक्ति को व्यवहार रुप देने वाले प्रथम संत थे। वे मां काली से निरन्तर संवाद करते थे। उन्होंने अपने जिज्ञासु शिष्य स्वामी विवेकानंद को भी ईश्वर से साक्षात्कार कराये। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस मानव सेवा ही शिव सेवा मानते थे। वे अद्वैतवाद सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे। विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे एवं डॉ अवन्तिका कुमारी ने कहा कि वे सनातन धर्म के पुरोधा थे। डॉ दीप्ति कुमारी ने कहा कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनके शिष्य स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ नीरा कुमारी, डॉ रागनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, विश्वजीत रुद्रपाल, विकास कुमार, गरिमा मिश्रा, हर्षिता शर्मा, वन्दना पटेरिया, विमलेश पाण्डेय आदि ने भी रामकृष्ण परमहंस के विषय में जानकारी दी तथा उनके मार्गदर्शन में जीवन व्यतीत करने का आग्रह किया।

# शिक्षा को मिशन और सेवा को संकल्प बनाने वाले आनंद रंजन झा को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** शिक्षा, तकनीकी साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय और सतत कार्यों के लिए शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह उपाधि उन्हें संबंधित परिषद द्वारा उनके शैक्षणिक, सामाजिक एवं मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर प्रदान की गई है। जानकारी के अनुसार आनंद रंजन झा कैरियर मिशन नाम से संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान एवं एक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका कार्य क्षेत्र शिक्षा के प्रसार, तकनीकी एवं डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास, युवाओं के मार्गदर्शन, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों तक विस्तृत है। वे लगभग दो दशकों से निरंतर इन क्षेत्रों में कार्यरत बताए जाते हैं।
इस संबंध में आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान में उन्हें मानद डॉक्टरेट का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है जबकि संबंधित परिषद द्वारा शीघ्र ही एक औपचारिक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें विधिवत सम्मानित किया जाएगा जिस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की है। मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर उन्होंने अपने संस्थान, संगठन, गांव-समाज, सहयोगियों, शुभचिंतकों एवं परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों का सम्मान है जिनके सहयोग, विश्वास और मार्गदर्शन से उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिली।

## पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिनमें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण-भुसावल-इटारसी-जबलपुर-प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी।

# ज्ञान भवन में महिला उद्यमी फागुनोत्सव शुरू

## महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता का उत्सव महिला उधमी फागुनोत्सव : दिलीप जयसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उधमी फागुनोत्सव - 2026 का शुभारंभ गुरुवार को ज्ञान भवन में किया गया। इस मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर एमएसएमई डीएफओ पटना की सहायक निदेशक स्वेता, नाबार्ड के डीजीएम भोला प्रसाद सिंह, सिडबी की महाप्रबंधक अनुभा प्रसाद, एआईसी के सीईओ डॉ. विजय प्रकाश, बीआईए के निदेशक रामलाल खेतान, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा, बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा सहित संघ के वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री दिलीप जयसवाल ने इस आयोजन के लिए बिहार महिला उद्योग संघ को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बिहार कि महिलाएं अब तकनीक, उत्पादन, सेवा और उद्यमिता सहित अन्य सभी क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। महिला उधमी फागुनोत्सव सिर्फ एक मेला नहीं बल्कि महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का उत्सव है।
उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बेहतरी के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि अब महिलाएं घर से निकलकर हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि बिहार की महिला उद्यमियों का आंकड़ा नौ लाख पार कर चुका है।

## एआइ स्मार्टफोन को प्री रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज अपने आगामी एआई स्मार्टफोन को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों के लिए विशेष लाभों की घोषणा की। प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को 256जीबी से 512जीबी तक का मेमोरी अपग्रेड मुफ्त (कॉम्प्लिमेंट्री) दिया जाएगा। सैमसंग का अगला एआई फोन 25 फरवरी को सैन फ्रांसिस्को, कैलिफोर्निया में आयोजित होने वाले गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में पेश किया जाएगा। ग्राहक 25 फरवरी तक 999 रुपये की रिफंडेबल टोकन राशि जमा करके नए गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। प्री-रिजर्वेशन की सुविधा सैमसंगडॉटकॉम, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, अमेजनडॉटइन, फ्लिपकार्टडॉटकॉम और देशभर के प्रमुख रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। स्टोरेज अपग्रेड के अलावा प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को नया गैलेक्सी एस सीरीज डिवाइस खरीदने पर 2,699 रुपये मूल्य के अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे।

## संपादकीय

# खाने की कीमत पूरी लेकिन थाली में भरोसे की कमी

खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। भारतीय रेलवे के बारे में अक्सर यह दावा किया जाता है कि इसके समग्र संचालन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सेवा के समकक्ष बनाया जाएगा। मगर हकीकत यह है कि हादसों, सफर के दौरान निर्धारित समय पर गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने से लेकर ट्रेन के भीतर साफ-सफाई और खानपान के मामले में कई बार स्थिति बेहद दयनीय और खराब दिखती है।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जिन ट्रेनों को विशेष सुविधा वाला बताया जाता है, उनमें परोसा गया भोजन भी अक्सर खराब निकल जाता है और यात्री ठगे-से रह जाते हैं। खबरों के मुताबिक, हर रोज पैंतीस से ज्यादा लोग रेलवे के खराब खाने को लेकर शिकायत करते हैं।खाने में तिलचट्टा, दूसरे कीड़ों या अखाद्य वस्तुओं के मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। साथ ही, भोजन की मात्रा और तय कीमतों से ज्यादा राशि वसूलने की समस्या भी आम देखी जा सकती है। सवाल है कि अगर उच्च गुणवत्ता और सेवा का दावा करके खाने-पीने के मामले में भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, तो उसे कैसे देखा जाएगा।सफर के दौरान यात्री थोड़ी सुविधा के लिए ट्रेन में मिलने वाला खाना पैसा चुका कर लेना चाहते हैं। कई ट्रेनों में सफर के दौरान टिकट के साथ खाने-पीने के सामान के लिए राशि चुकाने का भी विकल्प है। मगर विडंबना यह है कि पूरी कीमत चुकाने के बावजूद कई लोगों की थाली में ऐसा खाना होता है, जिसे खाया नहीं जा सकता।ट्रेनों में मिलने वाले खराब खाने को लेकर आए दिन शिकायतें आती रहती हैं और कई बार विवाद भी होते हैं। ऐसी खबरें भी सामने आई, जिनमें भोजन के खराब होने पर आपत्ति जताने पर ट्रेन में मौजूद कर्मियों ने यात्री से दुर्व्यवहार किया।खुद सरकार ने पिछले वर्ष जुलाई में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया था कि 2024-25 के दौरान खाने-पीने के सामान की खराब गुणवत्ता के संबंध में 6,645 शिकायतें मिलीं। जबकि 2021 से अगले चार वर्षों में रेलवे को इस तरह की कुल 19,174 शिकायतें मिलीं। ऐसे भी मामले होंगे, जिनमें किसी यात्री को खराब भोजन मिला, लेकिन उसने औपचारिक शिकायत नहीं की। डिजाइन किए गए रसोई से खाना बनवाने और ट्रेनों तक पहुंचाने से लेकर खाना बनाने पर निगरानी, खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षक की तैनाती और अच्छी सामग्री का उपयोग सुनिश्चित करने का दावा किया जाता है।

**सवाल यह है कि क्या इशान किशन को अच्छे प्रदर्शन के बाद ड्रॉप करना टीम मैनेजमेंट का फैसला सही था। दो साल तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौका नहीं देना क्या इशान किशन के साथ अन्याय हुआ। दो साल तक भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद सात टी20 इंटरनेशनल मैचों में 53.28 के औसत और 215.6 के स्ट्राइक रेट से 373 रन। इशान किशन की वापसी के बाद के ये आंकड़े स्वाभाविक रूप से चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हैं। क्या 2023 के बाद उन्हें बाहर रखना उस समय की रणनीतिक जरूरत थी या टीम मैनेजमेंट ने एक संभावित मैच-विजेता को जरूरत से ज्यादा लंबा इंतजार कराया? जनवरी 2026 में वापसी के बाद से उनकी निरंतरता और आक्रामक बल्लेबाजी ने इस बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है। अब चर्चा सिर्फ उनके प्रदर्शन की नहीं, बल्कि चयन में निरंतरता और जवाबदेही की भी हो रही है। नवंबर 2023 की उस सीरीज पर नजर डालें तो तस्वीर एकतरफा नहीं दिखती। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टी20 में वह खाता नहीं खोल पाए, लेकिन उससे पहले दो मुकाबलों में अर्धशतक जड़ चुके थे।**

# दो साल बाहर, फिर 7 मैच में 373 रन, इशान किशन को टीम से बाहर करने वालों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए

(आलोक श्रीवास्तव)

ऐसे में सवाल यह है कि क्या एक असफल पारी निर्णायक साबित हुई या टीम मैनेजमेंट उस समय किसी अलग संयोजन और दीर्घकालिक योजना पर काम कर रहा था? भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा हमेशा कड़ी रही है, जहां हर स्थान के लिए कई दावेदार होते हैं। हर सीजन नए चेहरे उभरते हैं, टीम कॉम्बिनेशन बदलता है, कप्तान की सोच बदलती है और भविष्य की योजनाएं भी। हालांकि, इस जटिल ढांचे के बीच एक मूलभूत सवाल हमेशा कायम रहता है, क्या हर खिलाड़ी को समान मौके और निरंतरता मिलती है? इशान किशन का मामला इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

**2023– प्रदर्शन था, भरोसा नहीं:** 28 नवंबर 2023, गुवाहाटी– ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मुकाबला। इशान खाता नहीं खोल पाए। स्कोरकार्ड में '0' दर्ज हुआ। यही उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साबित हुआ।

लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। उसी सीरीज के पहले दो मुकाबलों में उन्होंने अर्धशतक लगाए थे। यानी फॉर्म पूरी तरह से गायब नहीं थी। एक खराब पारी के बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया और फिर लगभग दो साल तक वापसी का रास्ता बंद रहा।

यहां सवाल प्रदर्शन का कम और भरोसे का ज्यादा है। क्या चयनकर्ताओं ने उस समय यह मान लिया था कि इशान टीम की दीर्घकालिक योजना में फिट नहीं बैठते? या फिर टीम मैनेजमेंट किसी अलग टेम्पलेट पर काम कर रहा था, जिसमें पावरप्ले आक्रामकता से ज्यादा स्थिरता को प्राथमिकता दी जा रही थी?

**2024–2025– नहीं मिले मौके:** दो साल का अंतरराष्ट्रीय ब्रेक किसी भी खिलाड़ी के करियर में बड़ा होता है। इस दौरान नए बल्लेबाज उभरे, टीम में संयोजन बदले, कप्तानी में भी बदलाव आया। टी20 प्रारूप में जहां लय और आत्मविश्वास सबसे अहम होते हैं, वहां निरंतर मौके न मिलना खिलाड़ी की मानसिकता पर असर डाल सकता है। हालांकि, घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में इशान किशन ने खुद को चर्चा में बनाए रखा। यह संकेत था कि उनकी क्षमता पर संदेह नहीं, बल्कि चयन का समीकरण अलग था।

**2026– वापसी और आंकड़ों की ताकत:** इशान किशन ने 21 जनवरी 2026 को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। इससे पहले उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 28 नवंबर 2023 को खेला था, जो गुवाहाटी में ऑस्ट्रेलिया के



खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मुकाबला था।

उस मैच में इशान किशन अपना खाता नहीं खोल पाए थे। हालांकि, उससे पहले सीरीज के दोनों टी20 मैच में उन्होंने अर्धशतक लगाए थे, इसके बावजूद उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था और करीब दो साल तक उन्हें टीम में जगह नहीं दी गई।

अब जनवरी 2026 में वापसी के बाद से इशान किशन ने 15 फरवरी 2026 तक सात टी20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिसमें 53.28 के औसत और 215.6 के स्ट्राइक रेट से 373 रन बनाए। टी20 क्रिकेट में 200 से ऊपर का स्ट्राइक रेट सिर्फ आक्रामकता नहीं, मैच पर नियंत्रण का संकेत है।

यह बताता है कि बल्लेबाज सिर्फ टिक नहीं रहा, बल्कि खेल की दिशा तय कर रहा है। इशान ने पावरप्ले में जोखिम उठाया, गेंदबाजों को लंबाई बदलने पर मजबूर किया और मध्यक्रम को खुलकर खेलने का मंच दिया। यह भूमिका आधुनिक टी20 में अत्यंत मूल्यवान है।

**चयन की दुविधा– निरंतरता बनाम प्रयोग:** भारतीय टीम में प्रतिस्पर्धा असाधारण है। हर स्थान के लिए कई दावेदार हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं को भविष्य, फिटनेस, टीम संतुलन और रणनीतिक लचीलापन- सब पर एक साथ नजर रखनी पड़ती है। संभव है कि 2023 के बाद टीम मैनेजमेंट किसी ऐसे सलामी संयोजन पर काम कर रहा हो जो अलग प्रकार का संतुलन देता हो। यह भी संभव है कि इशान को बैकअप विकल्प के रूप में देखा गया हो।

हालांकि, यहां एक व्यापक मुद्दा यह है कि क्या हर खिलाड़ी को 'लंबे समय से मौके' मिलते हैं? इतिहास गवाह है कि कुछ नाम लगातार औसत प्रदर्शन के बावजूद मौके पाते रहते हैं, जबकि कुछ को छोटी चूक महंगी पड़ जाती है। यह असंतुलन ही बहस की जड़ है। इस प्रश्न का सीधा उत्तर देना आसान नहीं। चयन हमेशा उस समय की जरूरतों और उपलब्ध विकल्पों पर आधारित होता है। साल 2023 में टीम शायद अलग संतुलन चाहती थी। हालांकि, 2026 के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि इशान किशन जैसे प्रोफाइल का बल्लेबाज टी20 रणनीति में निर्णायक साबित हो सकता है। अगर वही आक्रामकता 2024 या 2025 में टीम के पास होती, तो क्या कुछ करीबी मुकाबलों का परिणाम अलग हो सकता था? यह एक काल्पनिक सवाल है, लेकिन तर्कसंगत है।

खिलाड़ियों के लिए चयन सिर्फ अवसर नहीं, संदेश भी होता है। जब किसी को लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाता है तो यह संकेत जाता है कि उसकी भूमिका स्पष्ट नहीं है। इशान किशन की वापसी और उसके बाद का प्रदर्शन 'प्रमाण' है कि प्रतिभा को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता।

हालांकि, यह भी सच है कि हर खिलाड़ी वापसी पर इतनी मजबूती से नहीं लौट पाता, इसलिए यह मामला सिर्फ एक बल्लेबाज का नहीं, बल्कि चयन प्रणाली के दृष्टिकोण का भी है। क्या टीम मैनेजमेंट युवा खिलाड़ियों को असफलता के बाद दोबारा उठने का पर्याप्त समय देता है?

सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में प्रशंसक इसे अन्याय मान रहे हैं। उनके अनुसार, जिस खिलाड़ी ने वापसी के बाद इतनी विस्फोटक बल्लेबाजी की, उसे दो साल तक बाहर रखना गलत था। हालांकि, चयन कक्ष में फैसले भावनाओं से नहीं, योजनाओं से होते हैं। वहां आंकड़ों के साथ-साथ फिटनेस रिपोर्ट, ड्रेसिंग रूम समीकरण, आगामी टूर्नामेंट की रणनीति के साथ-साथ व्यवहार भी मायने रखता है। फिर भी पारदर्शिता की कमी हमेशा संदेह को जन्म देता है। जब चयन के कारण सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं होते, तो अटकलें स्वाभाविक हैं।

आगे का रास्ता खिलाड़ियों और चयनकर्ताओं की अब असली परीक्षा निरंतरता की है। क्या इशान किशन को लगातार मौके मिलेंगे? क्या टीम उन्हें स्पष्ट भूमिका देगी, ताकि वह बिना असमंजस के खेल सकें? टी20 क्रिकेट में आक्रामक सलामी बल्लेबाज मैच की धुरी बन सकता है। अगर इशान किशन इसी लय को बरकरार रखते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। निष्कर्ष-इशान किशन का मामला 'सही या गलत' का सरल समीकरण नहीं है। साल 2023 का फैसला उस समय की रणनीति का हिस्सा रहा होगा, लेकिन 2026 का प्रदर्शन यह साबित करता है कि प्रतिभा को समय पर अवसर मिलना कितना महत्वपूर्ण है।यह कहानी भारतीय क्रिकेट में चयन की संवेदनशीलता, प्रतिस्पर्धा की तीव्रता और धैर्य की आवश्यकता तीनों को सामने लाती है। अंततः सवाल यही है– क्या दो साल का इंतजार आवश्यक था या यह वह अवधि थी जिसमें भारतीय टीम एक संभावित मैच-विजेता की सेवाओं से वंचित रही? जवाब समय देगा, लेकिन बहस अभी खत्म नहीं हुई है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# भारत के लिए बड़ा सबक है गलगोटिया यूनिवर्सिटी विवाद

(संतोष कुमार पाठक)

राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 के लगभग वैश्विक एआई अग्रणी भारत की राजधानी दिल्ली में अपनी तरह के पहले वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अपनी नई भूमिका की तलाश कर रहा भारत, दुनिया के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इवेंट 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की मेजबानी कर रहा है। यह पहली बार है जब एआई पर इस स्तर का वैश्विक सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित किया जा रहा है। सरकार ने इसे लेकर दावा भी किया है कि इस शिखर सम्मेलन में राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, मंत्रीगण, वैश्विक प्रौद्योगिकी अग्रणी, प्रख्यात शोधकर्ता, बहुपक्षीय संस्थान और उद्योग जगत के हितधारक एक साथ आएंगे और समावेशी विकास को बढ़ावा देने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और सतत विकास को सक्षम बनाने में एआई की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे।

राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी के साथ चल रहा इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपने आप में यह बताता नजर आ रहा है कि भारत आज की तारीख में वैश्विक एआई संवाद का नेतृत्व कर रहा है और आने वाले दिनों में कोई भी देश भारत की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। क्योंकि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 वैश्विक एआई एजेंडा को आकार देने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में भारत की भूमिका को मजबूत करता है। दुनियाभर के दिग्गजों के साथ-साथ इस समिट में भारत के भी कई विश्विद्यालय, कॉलेज और स्टार्टअप्स शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तो एआई को 5वीं औद्योगिक क्रांति की संज्ञा देते हुए यहां तक दावा किया कि, 3 लाख से ज्यादा छात्रों और रिसर्चर्स ने रजिस्ट्रेशन किया है। देशभर के कई विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और स्टार्टअप ने समिट में एआई मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जाहिर सी बात है कि इस समिट के जरिए जहां चर्चा भारत के युवाओं की बौद्धिक क्षमता और टैलेंट की होनी चाहिए थी, वहीं गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने पूरी दुनिया के सामने भारत को शर्मसार कर दिया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन में बने रोबोट को अपना इनोवेशन बताकर दिल्ली एआई समिट में पेश कर दिया। मीडिया से बात करते हुए एक प्रोफेसर ने बड़े ही गर्व के साथ चार पैरों वाले इस रोबोडॉग की खासियत भी कैमरे पर बताई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की इस प्रतिनिधि के हाव-भाव देखने लायक है।इसका नाम 'ओरियन' बताते हुए उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। सरकारी चैनल सहित देश के कई मीडिया संस्थानों ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर जोर-शोर से चलाया और छापा भी। लेकिन चीन की तरफ से बयान आते ही पूरा मामला पलट गया। इसके बाद यह पता लगा कि वास्तव में यह गलगोटिया यूनिवर्सिटी द्वारा नहीं बल्कि चीन की एक कंपनी द्वारा बनाया गया एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है। दरअसल, यह बिल्कुल सही समय आ गया है कि सरकार पहले की तरह सरकारी स्कूल, कॉलेज और विश्विद्यालयों में शिक्षा हासिल कर रही प्रतिभाओं को हर तरह से उभारने में मदद करें। इन संस्थानों में फीस और लालफीताशाही दोनों कम होनी चाहिए, जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और करप्शन पर हर हाल में लगाम होनी चाहिए। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# आखिर भारत की एआई लोकतंत्रीकरण नीतियां अमेरिका-चीन की तुलना में ज्यादा समावेशी हैं?


**भारत की एआई लोकतंत्रीकरण नीतियां अन्य देशों से मुख्य रूप से समावेशी, ओपन-सोर्स और ग्लोबल साउथ-केंद्रित दृष्टिकोण से भिन्न हैं। जहां अमेरिका और चीन् दिव्य भास्कर को प्रमुख कंपनियों के एकाधिकार के माध्यम से आगे बढ़ाते हैं, वहीं भारत सार्वजनिक संसाधनों (जैसे ऐरावत पर एलएलएएमए मॉडल्स) को एआई के जरिए सस्ता उपलब्ध कराता है। भारत की एआई लोकतंत्रीकरण नीतियां दुनिया के अन्य देशों यानी अमेरिका-चीन-यूरोप की तुलना में ज्यादा समावेशी, ओपन-सोर्स और ग्लोबल साउथ-केंद्रित हैं।**

(कमलेश पांडे)

भारत का दृष्टिकोण सर्वथा भिन्न और लोककल्याणकारी है। जहां अमेरिका और चीन एआई को प्रमुख कंपनियों के एकाधिकार के माध्यम से आगे बढ़ाते हैं, वहीं भारत सार्वजनिक संसाधनों (जैसे ऐरावत पर एलएलएएमए मॉडल्स) को एआई के जरिए सस्ता उपलब्ध कराता है।

यही वजह है कि भारत बनाम अन्य देश की विशेषताओं के दृष्टिगत पारस्परिक होड़ जारी है, खासकर भारत, अमेरिका, चीन व यूरोप के बीच। क्योंकि भारत का फोकस किसान, छात्र, स्टार्टअप्स के लिए भाषिणी, किसान ई-मित्र जैसे क्षेत्रीय अनुप्रयोग हैं, जबकि अमेरिका, चीन व यूरोप में बड़े टेक दिग्गजों का वर्चस्व है जो सख्त जोखिम नियमन से परेशान दिखाई देते हैं।

यही वजह है कि नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रस्तावित एआई लोकतंत्रीकरण के लिए नीतिगत सिफारिशें मुख्य स्थान रखती हैं, क्योंकि ये सिफारिशें प्रमुख रूप से सार्वजनिक एआई संसाधनों को किफायती और सुलभ बनाने पर केंद्रित होंगी। ऐसा इसलिए कि ये सिफारिशें ग्लोबल साउथ के देशों के लिए ओपन-सोर्स मॉडल्स, कम लागत वाली कंप्यूटिंग और कौशल विकास को बढ़ावा देंगी। पहला, एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण– डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप (भारत, मिस्र, केन्या सह-अध्यक्ष) द्वारा एपीआई-आधारित सस्ते एआई मॉडल्स (जैसे एलएलएएमए) को उपलब्ध कराना, ताकि स्टार्टअप्स, किसान और छात्र लाभान्वित हों। दूसरा, जोखिम-आधारित शासन– इंडिया एआई गवर्नेंस दिशानिर्देशों के अनुरूप उच्च-जोखिम एआई के लिए सुरक्षा उपाय, मौजूदा कानूनों (आईटी अधिनियम, डीपीडीपी ) पर आधारित बिना नए नियामक निकाय। तीसरा, समावेशी इकोसिस्टम– भाषिणी जैसे प्लेटफॉर्म्स से क्षेत्रीय भाषाओं में एआई कंटेंट, टियर-2/3 शहरों में नवाचार को प्रोत्साहन। जहां तक इनके अपेक्षित प्रभाव की बात है तो ये सिफारिशें एआई एकाधिकार को तोड़कर भारत को ह्यूमन-सेंट्रिक एआई मॉडल के रूप में स्थापित करते हुए रोजगार सृजन और सतत विकास सुनिश्चित करेंगी। समिट के चक्रों से निकलने वाली ये प्रतिबद्धताएं वैश्विक मानक बनेंगी। ष्ठ एआई लोकतंत्रीकरण नीतियां अन्य देशों से कैसे भिन्न हैं? समझिए भारत की एआई लोकतंत्रीकरण नीतियां अन्य देशों से मुख्य रूप से समावेशी, ओपन-सोर्स और ग्लोबल साउथ-केंद्रित दृष्टिकोण से भिन्न हैं। जहां अमेरिका और चीन् द्ब को प्रमुख कंपनियों के एकाधिकार के माध्यम से आगे बढ़ाते हैं, वहीं भारत सार्वजनिक संसाधनों (जैसे ऐरावत पर एलएलएएमए मॉडल्स) को एपीआई के जरिए सस्ता उपलब्ध कराता है। यही वजह है कि भारत बनाम अन्य देश की विशेषताओं के दृष्टिगत पारस्परिक होड़ जारी है, खासकर भारत, अमेरिका, चीन व यूरोप के बीच। क्योंकि भारत का फोकस किसान, छात्र, स्टार्टअप्स के लिए भाषिणी, किसान ई-मित्र जैसे क्षेत्रीय अनुप्रयोग हैं, जबकि अमेरिका, चीन व यूरोप में बड़े टेक दिग्गजोंका वर्चस्व है जो सख्त जोखिम नियमन से परेशान दिखाई देते हैं। वहीं शासन के अनुरूप भारत जोखिम-आधारित, मौजूदा कानूनों पर निर्भर है, वो भी




बिना नए नियामक के, अमेरिका, यूरोप, चीन में बाजार-प्रेरित, न्यूनतम हस्तक्षेप होते रहने से कठोर अनुपालन और स्वतंत्र ऑडिट की राह में मुश्किल आती हैं।वहीं पहुंच के मद्देनजर भारत सरकारी क्लाउड (मेघराज), 10,000 करोड़ मिशन से किफायती कंप्यूटिंग लगेगी। जबकि अमेरिका, चीन, यूरोप में निजी क्लाउड, उच्च लागत होने से नियामक अनुपालन पर जोर दिया जाता है।जहां तक प्रमुख भिन्नताएं की बात

हैं तो भारत का मॉडल विविध भाषाओं (भाषिणी) और टियर-2/3 शहरों पर केंद्रित है, जो विकासशील देशों की जरूरतों को प्राथमिकता देता है, जबकि पश्चिमी नीतियां गोपनीयता और सुरक्षा पर अधिक सख्त हैं। यह दृष्टिकोण एआई को सभी के लिए बनाता है, न कि चुनिंदा एलिट के लिए। एआई लोकतंत्रीकरण नीतियों के कार्यान्वयन में कई महत्वपूर्ण चुनौतियां हालांकि एआई लोकतंत्रीकरण नीतियों के कार्यान्वयन में कई महत्वपूर्ण चुनौतियां भी हैं, जो मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे, नैतिकता और संसाधनों से जुड़ी हैं। ये चुनौतियां भारत जैसे विकासशील देशों में अधिक गंभीर हैं, जहां ग्रामीण-शहरी विभाजन और डिजिटल असमानता बाधक हैं। कतिपय प्रमुख चुनौतियां निम्नवत हैं–

**पहला, डेटा गोपनीयता और सुरक्षा–** बड़े पैमाने पर द्ब तैनाती में नागरिक डेटा की रक्षा करना कठिन है, खासकर डीपीडीपी अधिनियम के बावजूद सख्त प्रवर्तन की कमी से।

**दूसरा, पक्षपात और निष्पक्षता–** एआई मॉडल यदि विविध डेटा पर प्रशिक्षित न हों, तो सामाजिक पूर्वाग्रहों को बढ़ावा दे सकते हैं, जो समावेशिता के लक्ष्य को कमजोर करता है।

**तीसरा, अवसंरचना अंतराल–** उच्च गुणवत्ता वाले डेटासेट, जीपीयू-आधारित कंप्यूटिंग और ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल कार्यबल की कमी; मेघराज जैसे प्रयास पर्याप्त नहीं।

**चतुर्थ, अन्य बाधाएं–** वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उन्नत देशों (यूएस-चीन) के मॉडलों से पिछड़ना, साथ ही नीतिगत समन्वय की कमी। पारदर्शिता का अभाव और जन जागरूकता की कमी कार्यान्वयन को धीमा करती है। कुल मिलाकर, ये चुनौतियां समावेशी एआई को सीमित कर सकती हैं यदि बहुआयामी समाधान न अपनाए जाएं। एआई लोकतंत्रीकरण नीतियों के कार्यान्वयन चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत बहुआयामी रणनीतियां अपना रहा है, जो बुनियादी ढांचे, कौशल विकास और नीतिगत समन्वय पर केंद्रित हैं।

**पहला, एआई रणनीतियां–** हमारी रणनीतियां इंडियाद्ब मिशन और समिट के चक्रों से प्रेरित हैं, जो समावेशी विकास सुनिश्चित करती हैं।

**दूसरा, बुनियादी ढांचा मजबूती मिशन– इसके तहत भारत**

मेघराज क्लाउड और ऐरावत जैसे सरकारी क्लाउड पर जीपीयू-आधारित कंप्यूटिंग का विस्तार कर रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती एआई पहुंच हो।

**तीसरा, डेटा सेंटर विस्तार–** 10,000 करोड़ के मिशन से उच्च-गुणवत्ता डेटासेट और स्टोरेज क्षमता बढ़ाना।

**चतुर्थ, नैतिकता और पक्षपात समाधान–** जोखिम-आधारित गवर्नेंस– आईटी अधिनियम औरडीपीडीपी के तहत ऑडिट तंत्र, विविध डेटा पर एआई प्रशिक्षण अनिवार्य।

**पंचम, भाषिणी प्लेटफॉर्म–** 22 भारतीय भाषाओं में एआई कंटेंट जनरेशन से सांस्कृतिक पक्षपात कम करना।

**षष्टम, कौशल और जागरूकता विकास एआई कौशल कार्यक्रम–** टियर-2/3 शहरों में प्रशिक्षण केंद्र, स्टार्टअप्स के लिए सब्सिडी। वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषकहै)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### डीआरएम कप में दो मुकाबलों का आयोजन

**कटिहार (नबिटासं)।** रेलवे मैदान में पहला मुकाबला मेकेनिकल बनाम इलेक्ट्रिक के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय इलेक्ट्रिक टीम ने लिया। वहीं निर्धारित 20 ओवर में



मेकेनिकल ने 125 रन बनाकर 126 का टारगेट इलेक्ट्रिक को दिया। जवाब में उतरी इलेक्ट्रिक टीम ने 20 वे ओवर में 6 विकेट गंवाकर 116 रन ही बना पाई और इस तरह मेकेनिकल विजय हुई। मैन ऑफ द मैच चैतन्य गुरुंग हुये जो 3 विकेट लिए थे।दूसरा मुकाबला मेडिकल बनाम आरपीएफ के बीच इसमें पहले टॉस जीत के मेडिकल ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 79 रन बनाकर 80 रन का लक्ष्य आरपीएफ के सामने रखा। जिसमें धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आरपीएफ टीम ने इस मैच को जीत लिया। मैन ऑफ द आरपीएफ के इंस्पेक्टर रवि कुमार बने जो 6 विकेट 5 रन देकर लिया । उदघोषक अमित सागर रहे। कमिटी के राकेश रंजन, वेद, पीपू, विवेका, बुबली, संजीव, पिन्टु, सोनू, संतोष, सतीश, गौतम, विक्रम, अजीत आदि मौजूद रहे। टीम की हौसला अफजाई करने के लिए स्पोर्ट्स आफिसर पंकज पाल और डीएसटी अनुराग साद मैदान में मौजूद रहे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनीचक की शिक्षिका पति का निधन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनीचक के शिक्षिका के पति सरोज कुमार पासवान (48) का निधन इलाज के दरमियान कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को मेडिकल कॉलेज कटिहार से उनके निवास स्थान मरंगी पंचायत के मरंगी गांव लाया गया। जहां पर कांग्रेस, बीजेपी, राजद, जदयू सहित अन्य पार्टी के कार्यकताओं ने उनके



निधन पर शोक जताया। मौके पर उनके बड़े भाई प्रदीप कुमार पासवान ने बताया कि कुछ दिनों से मेरा छोटा भाई बीमार चल रहा था जिनका इलाज कटिहार मेडिकल कॉलेज कटिहार से चल रहा था। बुधवार की शाम को उनका निधन हो गया। गुरुवार को मनिहारी गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो कि शिक्षिका मधु कुमारी के पति कुछ दिनों से बीमार थे और उनका निधन हो गया उनके चार पुत्री थी बड़ी पुत्री की शादी हो गई हैं,सबसे छोटी पुत्री ने मुखाग्नि दी। मालूम हो कि सरोज कुमार पासवान अपने पीछे माता-पिता,भाई-बहन,पत्नी,चार पुत्री एवं भतीजा - भतीजी को छोड़कर चल बसे। इस अवसर पर बबन सिंह, प्रदीप सिंह, राजेंद्र मंडल, दीपक झा, रामचरित्र पासवान, दिलीप पासवान, प्रदीप कुमार पासवान, सूर्य कमल पासवान, रामबाबू पासवान, सोनू पासवान, पुरुषोत्तम पासवान, अमन पासवान, जितेंद्र पासवान, रतन पासवान, मृगेंद्र पासवान, शुभम पासवान आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया।

### ट्रैक्टर पलटने से एक दर्जन घायल

**कदवा/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के चपरघट-झौआ मुख्य सड़क पर सुरेश चौक के पास ट्रेक्टर पलटने से डेढ दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार कदवा पंचायत के दोखड़ा गांव निवासी बुधन केवट के शव का अंतिम संस्कार करने लगभग 30 लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर झौआ जा रहे थे कि इसी क्रम में सुरेश चौक से लगभग सौ मीटर पहले हीं ट्रैक्टर अनियंत्रीय होकर विनोद कुमार यादव के इलेक्ट्रॉनिक



की दुकान को तोड़ते हुए सड़क के किनारे गड्ढे में चले गया। जिससे दुकान में रखा फ्रीज, वासिंग मशीन, एलईडी टीवी, डीजे,लाइट सहित अन्य लाखों रुपये का समान टूट कर बर्बाद हो गया तो वहीं ट्रैक्टर सवार दर्जन लोग घायल हो गये। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी।घटना की सूचना मिलते हीं कदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक केन्द्र दुगार्गंज भेज दिया।जहां से नंदलाल केवट, बेचू केवट,महलु केवट, श्यामसुंदर केवट एवं कारे केवट की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं एक महिला के हाथ टूटने की भी सूचना है। अपर थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि दाह संस्कार के लिए लोग तीन ट्रैक्टर से जा रहे थे कि एक ट्रैक्टर ने दूसरे को धक्का मार दिया।जिसके कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुकान को तोड़ते हुए गढ्ढे में चला गया। जिसमें 18 लोगों के घायल होने की सूचना है।उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की करवाई की जा रही है।

### पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य भाया कटिहार अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन शुरू

**कटिहार (नबिटासं)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू- पाटलिपुत्र हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह गैर- वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं। जानकारी के अनुसार गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है । यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी। वही गाड़ी सं. 11031 पनवेल-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 23.02.2026 से प्रत्येक सोमवार को पनवेल से 11.50 बजे खुलकर कल्याण- भुसावल-इटारसी- जबलपुर- प्रयागराज छिवकी के रास्ते मंगलवार को 14.58 बजे डीडीयू, 18.25 बजे पाटलिपुत्र, 19.50 बजे हाजीपुर, 21.35 बजे मुजफ्फरपुर, 22.45 बजे समस्तीपुर रूकते हुए बुधवार को 03.20 बजे कटिहार पहुंचेगी तथा कटिहार से 03.30 बजे खुलकर, किशनगंज-न्यूजलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी के रास्ते 13.50 बजे अलीपुरद्वार पहुंचेगी ।जबकि गाड़ी सं. 11032 अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस दिनांक 26.02.2026 से प्रत्येक गुरूवार को अलीपुरद्वार से 04.45 बजे खुलकर 12.50 बजे कटिहार, 15.23 बजे खगड़िया, 16.45 बजे समस्तीपुर, 18.35 बजे मुजफ्फरपुर, 19.30 बजे हाजीपुर, 20.30 बजे पाटलिपुत्र बजे, शुक्रवार को 00.08 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शनिवार को 05.30 बजे पनवेल पहुंचेगी । जिससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

# पर्व-त्योहारों पर नगर निगम को बनाएं स्वच्छ

## मेयर ने सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** मेयर उषा देवी अग्रवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 02 और 06 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, साफ-सफाई व्यवस्था, जल निकासी एवं अन्य नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। पर्व-त्योहारों के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र के वार्डों को स्वच्छ, सुन्दर और साफ-सुथरा बनाये रखने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया।



उन्होंने कहा कि पवित्र माह-ए-रमजान शुरू हो गया है और आगे रंगों का त्योहार होली आने वाला है। पर्व-त्योहारों पर नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ रखना उनकी प्राथमिकता है नगर निगम से नगरवासियों की जो अपेक्षा है उससे कोई समझौता नहीं किया जायेगा। लोगों ने समय पर कचरा का उठाव नहीं होने की शिकायत की जिसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समय पर कचरों का उठाव कर उसका प्रबंधन किया जाना आवश्यक है मस्जिदों के आस-पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है कचरों का समय पर उठाव और साफ-सफाई नहीं होने से खासकर रोजेदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

दिन-प्रतिदिन बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम क्षेत्र के सभी नालों की समय-समय पर साफ - सफाई पर जोर देते हुए छिड़काव की गति बढ़ने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर संबंधित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि, नगर निगम के पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बच्चा चोरी के आरोप में भीड़ ने विक्षिप्त महिला को पीटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के हफलागंज चौक के फोरलेन सड़क पर गुरुवार के अहले सुबह बच्चा चोरी के आरोप में एक महिला की भीड़ तंत्र ने पिटाई कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मनसाही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और महिला को भीड़ से बचाते हुए पुलिस गाड़ी से ही थाने ले गई। स्थानीय लोगों का कहना था कि महिला बच्चा चोरी कर रहा था। जिसके बाद उन्हें पकड़ कर स्थानीय लोग पिटाई करने लगा।



इसके बाद मनसाही पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची और महिला को भीड़ से बचाते हुए उनकी जान बचाई। हालांकि पुलिस का कहना है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है और अफवाह के कारण महिला की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने लोगों को अफवाह से बचने और कानून हाथ में न लेने की सलाह दी है। साथ ही लोगों को सूचित किया है कि इस तरह कानून हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जाम से निजात दिलाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अंबा बाजार में प्रतिदिन लगने वाली सड़क जाम की समस्या से लोगो को निजात नहीं मिल रही है। आए दिन सड़क जाम की समस्या प्रशासन के नासूर बन गई है। बुद्धिजीवियों में इस बात की चिता है कि कब और कैसे सड़क जाम की जटिल समस्या से यात्रियो को निजात मिलेगी। इसके बारे में कुछ भी कहना सहज प्रतीत नहीं हो रहा है। उक्त बाजार में सड़क जाम की समस्या थमने के बजाय दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। जाम का मुख्य कारण सड़को पर सवारी वाहनों की अटपटा पाद्धकग, अपने प्रतिष्ठान के सामने सड़को पर लगाए गए, बैनर बोर्ड, सड़को किनारे अवैध रूप से खड़े किए गए बाइक व ऑटो के साथ-साथ ट्रैफिक नियमो का नजर अंदाज करना भी सड़क जाम होने का एक मुख्य कारण बताया जा रहा है। आखिर इसका जिम्मेवार कौन है। इस बात को लोग समझ नहीं पा रहे है।

# गोरखनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने दिया दान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** शिव सर्किट के रूप में मान्यता मिलने एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने के उपरांत बाबा गोरखनाथ धाम में महाशिवरात्रि 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं ने दिल खोल कर दान दिये। इस अवसर पर दानपेटी, आजीवन सदस्यता, रसीद, पंडित, नाई, शीध्र दर्शन, मुंडन, मेला दुकान, मीना बाजार आदि से 11 लाख 74 हजार, 95 रू दान के रूप में जमा हुआ। मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि मंदिर न्यास कमेटी के अध्यक्ष सह एसडीओ राजु कुमार के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के समक्ष दान पेटी खोल कर राशि की गिनती की गयी।



मंदिर कमेटी के द्वारा इसकी जानकारी सार्वजनिक करते हुए बताया कि 11 लाख 74 हजार 95 रुपए प्राप्त हुआ है। वही चांदी का त्रिशूल, बेलपत्र, कान पीस, नाग नागिन, चांदी का टुकडा एवं नेपाली 8650, भुटानी 3850 रुपए आदि प्राप्त हुआ है। बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में आये सभी श्रद्धालुओं का मंदिर कमेटी की ओर से धन्यवाद व्यक्त किये।

महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस प्रशासन एवं मंदिर कमेटी की सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर कमेटी के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह, प्रदीप शर्मा, श्यामनाथ यादव, अमित अग्रवाल, निताय यादव, चन्दन यादव, पंचानंद यादव, पिंटू साह, बजरंग चौधरी, देवनारायण नुनिया, नारायण बिन्द, फनी सिंह, रामबिलास शर्मा, सनी यादव, अंकित यादव, श्याम अग्रवाल, गणेश बोसाक, निरंजन यादव, सुरेश दास, लालू दास, राधाकांत घोष, मिथुन यादव, राजु घोष, मामू महादेव, बिटका मुर्मु, रत्न दास, फनी दास, राहुल साह आदि उपस्थित रहे ।

# संदेहास्पद स्थिति में आदिवासी युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** थाना क्षेत्र के डंडखोरा पंचायत के इटवा घाट के पास घोघरा जाने वाली पक्की सड़क पर दिन के 11 बजे के लगभग एक आदिवासी युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। हालांकि कि दुर्घटना को लेकर कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है।स्थानीय लोगों की सूचना पर डंडखोरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डंडखोरा ले आई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मधेली निवासी बबलू सोरेन उर्फ नेता सोरेन के रुप में हुई है।थाना पहुंचे परिजनों ने बताया का वह दो दिनों पहले भारीडीह मेला देखने के लिए द्राशय पंचायत का बुधैली गांव अपनी बहन के यहां गया था।फूट-फूटकर रोती मृतक की मां ने किसी के द्वारा उसके बेटे की हत्या कर सड़क पर फेक देने की आशंका जताई। वहीं लोग सड़क दुर्घटना में मौत होने से भी इंकार नहीं करते। इस बाबत थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि परिजनों से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने बताया कि घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया है। आवेदन मिलने के बाद पोस्टमार्टम तथा फारेंसिक जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कारवाई करेगी।

# गोरखनाथ धाम में राजकीय महोत्सव की आयोजन की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** पुर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के निदेशक उदयन मिश्रा को पत्र लिख कर बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाला मेला के अवसर पर राजकीय महोत्सव की स्वीकृति देने की मांग करते हुए कहा है की गोरखनाथ धाम भगवान शिव का प्राचीन मंदिर अवस्थित है।



मुख्यमंत्री नितीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान पर्यटन की दृष्टि से इसे विकसित करने हेतु 14 करोड़ 25 लाख 71 हजार की राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस परिसर का विकास कार्य निमार्णाधीन है। इस धाम पर महाशिवरात्रि के अवसर पर एक बड़ा मेला का आयोजन परम्परागत रूप से होता है। जिस में पड़ोसी देश नेपाल, भुटान सहित उत्तर भारत के कई राज्यों के श्रद्धालु आते हैं। इस अवसर पर राजकीय महोत्सव आवश्यक है। जिस से की हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परम्परा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से अक्षण होगा। इस संबंध में बिहार सरकार पर्यटन निदेशालय के द्वारा कटिहार जिला प्रशासन को बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर के परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर राजकीय महोत्सव के आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया है। मंदिर कमेटी सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय कुमार एवं कमेटी सदस्यों ने इस के लिए पुर्व उपमुख्यमंत्री, पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# राधा कृष्ण ठाकुरबारी में प्रतिमा विराजमान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी राधाकृष्णा ठाकुरबाड़ी में गुरुवार को विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमाओ का विधि विधान पूर्वक प्राण प्रतिष्ठा कर ठाकुरवाड़ी मंदिर में विराजमान की गई। इस अवसर पर हवन पूजन कर देवी - देवताओं की प्रतिमाओं में सर्वप्रथम प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया। वह इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।



मौके पर मारवाड़ी समाज के लोगों ने खासा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं मुख्य रूप से पूर्व विधान पार्षद मोहनलाल अग्रवाल, अशोक शर्मा, सुबोध शर्मा, बबलू अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, प्रमोद केडिया, दीपक अग्रवाल, जी दिवाकर, संदीप अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, ललित बूबना, अशोक सरावगी, अरुण सिंघानिया सहित सालमारी बाजार के अन्य गणमान्य इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# शिवमंदिर घासीटोला में संपन्न हुआ हरिनाम संकीर्तन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के घासीटोला में ऐतिहासिक शिव मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर स्थानीय ग्रामीण एवं कमेटी व जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासन के पहल से 1051 कन्याओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकालकर 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।



इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार से 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन आरंभ किया गया था। इस दौरान शिव मंदिर परिसर में राधा कृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। मेले का आयोजन के साथ-साथ राम लिला का भी आयोजन कमेटी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा किया गया था। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मनसाही मो. इस्माइल, थाना के मो. मुस्तफा अंसारी शिव मंदिर का निरीक्षण करते रहे। वहीं कमेटी के सभी सदस्य स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन, अंचल प्रशासन, एसडीएम, डीएम व न्यायालय को धन्यवाद दिया। धूमधाम गाजे बाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन का विसर्जन किया गया। इस मौके पर मनसाही थाना के मुस्तफा अंसारी एवं अंचलाधिकारी मो. इस्माइल की उपस्थिति में प्रतिमा विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह, जय किशोर सिंह, दिलारचंद पासवान, विपिन सिंह, संतलाल परिहार, सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, आदर्श राठौर, छोटू सिंह, संजीव सिंह, कृष्ण सिंह, मानव राठौर आदि उपस्थित रहे ।

# मेनू के अनुसार नहीं दे रहे हैं एनजीओ खाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के 48 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में से केवल एक प्राथमिक विद्यालय चिकनी टोला छोड़कर 47 विद्यालय में एमडीएम के तहत मिलने वाला खाना एनजीओ संचालक संजय कुमार के द्वारा दिया जाता हैं। आये दिन विद्यालय के छात्र - छात्राओं के परिजनों एवं शिक्षकों द्वारा हमेशा से ही शिकायत मिलते रहते हैं कि कभी भोजन की थाली से सब्जी गायब,तो कभी अंडा तो कभी फल गायब रहते हैं। एनजीओ संचालक को ना तो शिक्षा विभाग और ना ही प्रशासन का डर हैं।



कानून के ताक पर रखकर सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के भोजन से खिलवाड़ कर रहे हैं। गुरुवार की दोपहर को प्राथमिक विद्यालय पिंडा सहित कई विद्यालय में जब बच्चों की खाने की थाली जांच की गई तो थाली में सिर्फ चावल और दाल ही मिला मेनू के हिसाब से हरी सब्जी भी होनी चाहिए था जो कि नहीं था ऐसा पहली बार नहीं हैं। बल्कि एनजीओ संचालक संजय कुमार के द्वारा ऐसा ही रवैया किया जाता हैं। एनजीओ संचालक के खिलाफ कभी भी विभिन्न विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं के परिजनों के द्वारा आंदोलन का रूप ले सकता हैं। दर्जनों विद्यालय से शिकायत आने के बाद एनजीओ संचालक संजय कुमार से फोन के माध्यम से सवाल पूछे जाने पर वह किसी भी जवाब देने पर आनाकानी करने लगे।

## चेक करें पेट्रोल-डीजल के रेट

# ईरान पर हमले की आहट, 70 डॉलर के पार पहुंचा ब्रेंट क्रूड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा ईरान पर संभावित सैन्य कार्रवाई की खबरों के बाद तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। पिछले सत्र में 4.6 प्रतिशत की बढ़त के बाद वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 65 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर कारोबार कर रहा है। वहीं, ब्रेंट कच्चा तेल दो सप्ताह से अधिक समय में पहली बार 70 डॉलर के स्तर को पार कर गया। हालांकि, राहत की बात यह है कि भारत में पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इंडियन ऑयल के पंपों पर पेट्रोल की आज रिटेल कीमत 94.77 प्रति लीटर है। इसी तरह, डीजल का खुदरा मूल्य 87.67 प्रति लीटर है। तेल कंपनियों द्वारा तय बेस प्राइस और एक्साइज ड्यूटी के साथ 74.97 है। डीलर कमीशन 4.40 जुड़ता है। सबसे ऊपर, दिल्ली सरकार का वेट 15.40 लगाया जाता है, जिसके योग से यह कीमत 94.77 बनती है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक इसी तरह, डीजल का खुदरा मूल्य 87.67 प्रति लीटर है, जो 71.81 के बेस प्राइस प्लस एक्साइज ड्यूटी और 3.03 के डीलर कमीशन और 12.83 के वेट को जोड़ने के बाद बनता है। ब्लूमबर्ग ने एक न्यूज वेबसाइट एक्सियोस की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि अमेरिकी सैन्य अभियान की संभावना पहले की अपेक्षा कहीं अधिक नजदीक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अभियान कई हफ्तों तक चल सकता है और इजरायल सरकार ईरान में शासन परिवर्तन के लक्ष्य वाली स्थिति पर जोर दे रही है।

## बीएल कश्यप एंड संस को ग्रेटर नोएडा में मिला 300 करोड़ का ऑर्डर

B L KASHYAP
WE BUILD YOUR WORLD

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीएल कश्यप एंड संस लिमिटेड के शेयरों में गुरुवार, 19 फरवरी को 9 प्रतिशत तक की उछाल देखी गई। कंपनी ने यह जानकारी दी कि उसे सीआरसी ग्रीन्स से 300 करोड़ रुपये का एक नया ऑर्डर मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस परियोजना को पूरा होने में लगभग 42 महीने का समय लगने की उम्मीद है। यह ऑर्डर ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थित एक ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए सिविल और स्ट्रक्चरल कार्यों के निर्माण और निगरानी से संबंधित है। इस विकास से कंपनी के ऑर्डर बुक में इजाफा होगा और आवासीय निर्माण क्षेत्र में उसकी उपस्थिति मजबूत होगी। कंपनी के शेयर सुबह 52.90 रुपये पर खुले और 54.59 रुपये के डे हाई को टच किए। सुबह 10 बजे के करीब 4.59 पर्सेंट ऊपर 52.39 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले 5 दिन में यह स्टॉक 3 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। जबकि, पिछले एक महीने में 8 फीसद से अधिक की उछाल दर्ज किया है। अगर पिछले छह महीने के इसके प्रदर्शन की बात करें तो यह 26 पर्सेंट से अधिक टूटा है। दूसरी ओर, इस साल अब तक इसमें 1 पर्सेंट की कमी आई है। पिछले 5 साल में यह स्टॉक 300 पर्सेंट का शानदार रिटर्न दिया है। बीएल कश्यप एंड संस लिमिटेड का मार्केट कैप 1179 करोड़ रुपये है। इसका 52 हफ्ते का हाई 80.10 रुपये और लो 42.70 रुपये है। बीएल कश्यप एंड संस ने पिछले फिस्कल ईयर की इसी तिमाही के मुकाबले क्यू3 एफवाय26 में 965.8 प्रतिशत की शानदार कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट बढ़ोतरी दर्ज की, जो 11.83 करोड़ तक पहुंच गई। यह शानदार ग्रोथ ऑपरेशन से रेवेन्यू में 33.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ हुई, जो क्यू3 एफवाय25 के मुकाबले क्यू3 एफवाय26 में बढ़कर 323.87 करोड़ हो गई। भारत का कंस्ट्रक्शन एंड रियल एस्टेट सेक्टर फिलहाल एक जटिल दौर से गुजर रहा है। साल 2026 के लिए अनुमान है कि कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज 7 से 8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जिसकी मुख्य वजह सरकार की इंफ्रा स्ट्रक्चर इनिशिएटिव और खासकर महानगरों में लगातार बनी हुई आवासीय मांग है। हालांकि, इस क्षेत्र के सामने कुछ पुरानी चुनौतियां भी हैं, जैसे निर्माण सामग्री की बढ़ती कीमतें और ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, जो मुनाफे पर दबाव बना सकते हैं।बीएल कश्यप का क्ष्/श्व अनुपात (मूल्य-आय अनुपात) लगभग 283 है, जो मझोली कंपनियों (मिड-कैप) के लिए सामान्य मूल्यांकन सीमा में आता है। यह पीएनसी इन्फ्राटेक जैसी समान कंपनियों के बराबर है, लेकिन लार्सन एंड टुब्रो (लगभग 223) या हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (लगभग 183) जैसी बड़ी कंपनियों से ऊंचे भाव पर कारोबार कर रहा है। इस मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि बाजार को कंपनी को लगातार ऑर्डर मिलते रहने की उम्मीद है।

**एक अप्रैल से बड़ा बदलाव**

# क्रेडिट कार्ड से हुए लेनदेन की जानकारी पेन में दिखेगी

## बड़े क्रेडिट कार्ड बिल की जानकारी देनी होगी, पैन आवेदन में काम आएगा क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक अप्रैल 2026 से क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव लागू हो सकते हैं। इसके तहत कार्ड के जरिए हुए सभी बड़े लेनदेन और भुगतान की जानकारी देना अनिवार्य हो सकता है। इसका मतलब यह है कि कोई व्यक्ति लेनदेन के लिए क्रडिट कार्ड का इस्तेमाल करता हैं, तो उसके पैन रिकॉर्ड में उसकी जानकारी दर्ज हो जाएगी।

ये सभी बदलाव नए आयकर नियम-2026 के तहत होंगे, जिसका मसौदा हाल ही में सरकार ने जारी किया है। इन नियमों पर अलग-अलग पक्षों से सुझाव लिए जाएंगे और अंतिम मंजूरी के बाद उन्हें किया जा सकता है। इसके बाद पुराने आयकर नियम-1962 की जगह नए नियम लागू होंगे। मसौदा नियमों के मुताबिक, बड़ी रकम वाले क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान की जानकारी आयकर विभाग को दी जाएगी। अगर कोई व्यक्ति एक वित्त वर्ष में 10 लाख से ज्यादा का क्रेडिट कार्ड बिल नकद के अलावा किसी भी तरीके से (जैसे यूपीआई, बैंक ट्रांसफर, चेक आदि) चुकाता है, तो बैंक या क्रेडिट कार्ड कंपनी को इसकी जानकारी आयकर विभाग को देनी होगी। इसके अलावा, अगर 1 लाख या उससे ज्यादा का क्रेडिट कार्ड बिल कैश में चुकाया जाता है, तो उसकी जानकारी भी रिपोर्ट होगी। हालांकि यह पूरी तरह नया नियम नहीं है, क्योंकि ऐसा प्रावधान पहले से इनकम टैक्स रूल्स 1962 में मौजूद है। नियमों के अनुसार, पिछले तीन महीनों के क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को पैन कार्ड बनवाते समय पते के सबूत के रूप में मान्य होगा। यह बदलाव उन लोगों के लिए काफी मददगार होगा जिनके पास तुरंत कोई और दस्तावेज उपलब्ध नहीं होता। इससे पैन आवेदन प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक बन जाएगी।




अब टैक्स का भुगतान ऑनलाइन करते समय क्रेडिट कार्ड का उपयोग भी किया जा सकेगा। पहले केवल डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग जैसे माध्यम मान्य थे। अब क्रेडिट कार्ड को भी अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट मोड में शामिल कर लिया गया है। इससे करदाताओं को भुगतान के समय एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा और वे अपनी सुविधा के हिसाब से भुगतान कर सकेंगे। हालांकि, इसका इस्तेमाल करते समय यह जानना जरूरी होगा कि प्रोसेसिंग फीस या अतिरिक्त चार्जेज किस तरह लागू होंगे, ताकि किसी अतिरिक्त खर्च का अंदाजा पहले से रहे।

अगर किसी कर्मचारी को कंपनी की तरफ से क्रेडिट कार्ड दिया गया है और उस पर किए गए खर्च (जैसे मेंबरशिप फीस या सालाना शुल्क) का भुगतान या रीइम्बर्समेंट कंपनी ही करती है, तो उस पर कर लगेगा। हालांकि टैक्स की गणना करते समय उस लाभ की कुल कीमत में से वह रकम घटा दी जाएगी, जो कर्मचारी ने खुद पहले ही चुका दी हो। अगर खर्च पूरी तरह आधिकारिक काम के लिए किया गया है, तो उस पर टैक्स नहीं लगेगा। लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। कंपनी को उस खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखना होगा।

# एआई भले ही काम में बहुत तेज हो

● इंसानी दिमाग से बेहतर कोई नहीं: नारायण मूर्ति

**मुंबई, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भले ही काम में बहुत तेज हो, लेकिन इंसानी दिमाग से बेहतर कोई नहीं। ये बातें डीयू में आयोजित 'लीडर्स टॉक' में इंफोसिस के संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति ने कही। युवा पीढ़ी को सीख देते हुए इंफोसिस के संस्थापक ने कहा कि वे थिंक विद एआई, बिल्ड विद एआई, एआई को सहयोगी बनाएं। प्रसिद्ध वैज्ञानिक, गणितज्ञ और कंप्यूटर प्रोग्रामर स्टीफेन वुलफ्राम का हवाला देते हुए नारायण मूर्ति ने कहा कि एआई एक सहयोगी टूल हो सकता है।

यह उच्च स्तरीय काम कर सकता है। जैसे रिमोट सर्जरी, सही नाप-तौल के साथ उत्पाद तैयार करना, कोड जेरनेट करना और सॉफ्टवेयर बनाना। मगर इसके लिए एआई को बार-बार प्रशिक्षित करना पड़ेगा। इस कारण मानव मस्तिष्क हमेशा बॉस की भूमिका में रहेगा। वह इसे बेहतर करने के लिए नए प्रयोग करता रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि एआई के आने से मनुष्य की रचनात्मकता रुक जाएगी।

नारायण मूर्ति ने कहा कि व्यापार में कमाई और मुनाफा दूसरे नंबर पर आते हैं। असली पहचान और भरोसा लोगों के साथ आपसी सम्मान से बनता है। उनका लक्ष्य सबसे बड़ा उद्यमी बनना नहीं, बल्कि सम्मान कमाना रहा है। ड्रोन आधारित डिलीवरी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी स्काई एयर मोबिलिटी ने बुधवार को एआई समिट में एंड-टू-एंड ऑटोनॉमस कॉमर्स डिलीवरी सिस्टम का प्रदर्शन किया। कंपनी ने बताया कि यह पूरी तरह से स्वचालित व्यवस्था है, जो बिना किसी मानवीय मदद के ड्रोन के माध्यम से ग्राहकों के घर तक सामान पहुंचाती है।



इस पहल के तहत स्काई एयर मोबिलिटी ने अराइव एआई और ओटोनॉमी के साथ साझेदारी की है। कंपनी के अनुसार, पिछले दो वर्षों में 36 लाख से अधिक सामान की डिलीवरी की जा चुकी है।

# गोल्ड-सिल्वर फ्यूचर पर मार्जिन हटाकर एमसीएक्स ने ट्रेडर्स को दिया तोहफा

**एनएसई क्लियरिंग ने भी जारी किया सर्कुलर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया के शेयर की कीमत में गुरुवार को कारोबार के दौरान 3.32 प्रतिशत तक का उछाल देखने को मिला। कंपनी ने बुधवार शाम को एक सर्कुलर जारी कर गोल्ड और सिल्वर फ्यूचर पर लगाए गए अतिरिक्त मार्जिन को हटाने की घोषणा की थी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया के शेयर की कीमत में गुरुवार को कारोबार के दौरान 3.32 प्रतिशत तक का उछाल देखने को मिला। कंपनी ने बुधवार शाम को एक सर्कुलर जारी कर गोल्ड और सिल्वर फ्यूचर पर लगाए गए अतिरिक्त मार्जिन को हटाने की घोषणा की थी। इस खबर के बाद एमसीएक्स के शेयर आज एनएसई पर 2,400 रुपये पर खुले। बुधवार के शेयर 2,341 रुपये पर बंद हुए थे।

एमसीएक्स ने बुधवार शाम जारी सर्कुलर में कहा कि वह गोल्ड फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट पर लगा 3 प्रतिशत का अतिरिक्त मार्जिन और सिल्वर फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट पर लगा 7 प्रतिशत का अतिरिक्त मार्जिन वापस ले रहा है। मार्जिन हटाने का यह फैसला गुरुवार, 19 फरवरी से प्रभावी हो गया है। सर्कुलर के अनुसार, गोल्ड फ्यूचर के सभी वेरिएंट और सिल्वर फ्यूचर के सभी वेरिएंट से ये अतिरिक्त मार्जिन हटा लिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर, एनएसई




क्लियरिंग ने भी एक सर्कुलर जारी कर गोल्ड और सिल्वर फ्यूचर पर मार्जिन वापस लिए जाने की पुष्टि की है, जो आज से प्रभावी हो गया है। एनएसई ने अपने सदस्यों को सलाह दी है कि वे अपनी पोजीशन को उसी के अनुसार एडजस्ट करें। इस फैसले से गोल्ड और सिल्वर कॉन्ट्रैक्ट में कारोबार करने वाले ट्रेडर्स के लिए मार्जिन की आवश्यकता कम हो जाएगी। अतिरिक्त मार्जिन हटने का मतलब है कि ट्रेडर्स को अब ट्रेड करने के लिए कम पूंजी की जरूरत होगी। आमतौर पर, मार्जिन की आवश्यकता कम होने से बाजार में सट्टेबाजी (सट्टा) बढ़ती है और इंट्राडे ट्रेडिंग गतिविधि में तेजी आती है। बता दें कि ये अतिरिक्त मार्जिन सोने-चांदी की कीमतों में आई तेज उतार-चढ़ाव (अस्थिरता) पर लगाम लगाने के लिए लगाए गए थे। यह मल्टीबैगर स्टॉक बाजार की उतार-चढ़ाव भरी स्थितियों के बावजूद ज्यादातर हरे निशान में बना हुआ है। पिछले पांच सत्रों में स्टॉक ने 2 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। एमसीएक्स के शेयरों ने पिछले छह महीनों में निवेशकों को 45 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है और पिछले एक साल में 113 प्रतिशत रिटर्न के साथ निवेशकों के पैसे दोगुने कर दिए हैं।

### एमसीएक्स के तीसरी तिमाही के नतीजे

कंपनी ने दिसंबर 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अपने नतीजे भी जारी किए हैं। एमसीएक्स का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 151 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी के साथ 401 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 160 करोड़ रुपये था। वहीं, क्यू3 एफवाय26 में रेवेन्यू ऑपरेशन 121 प्रतिशत उछलकर 666 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 301 करोड़ रुपये था।मुकाबले भी कंपनी का नेट प्रॉफिट 103 प्रतिशत और राजस्व 78 प्रतिशत बढ़ा है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए भी 144 प्रतिशत बढ़कर 527 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बुलियन सेगमेंट का एवरेज डेली टर्नओवर में योगदान तिमाही दर तिमाही बढ़कर 69 प्रतिशत हो गया, जिसका श्रेय गोल्ड मिनी और गोल्ड टेन फ्यूचर जैसे नए वेरिएंट को दिया जा रहा है।

# टीवीएस मोटर, कोचीन शिपयार्ड समेत 10 शेयरों में हलचल की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेबी-रजिस्टर्ड रिसर्च एनालिस्ट और लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद का मानना है कि भारतीय इक्विटी बाजार आज सपाट से लेकर थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ खुल सकता है। यह रुझान निफ्टी के संकेतों से समर्थित है, जो अमेरिकी शेयरों में कल हुई तेजी खासकर टेक्नोलॉजी शेयरों में आई मजबूती और एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों को दर्शाता है।

निफ्टी 50 और सेंसेक्स के निकट भविष्य के परिदृश्य पर बात करते हुए, कोटक सिक्योरिटीज में हेड इक्विटी रिसर्च, श्रीकांत चौहान ने कहा, हमारा मानना है कि अल्पकालिक सपोर्ट 25500/83000 से बढ़कर 25600/83300 हो गया है। जब तक बाजार इस स्तर से ऊपर बना रहता है, तब तक तेजी जारी रहने की संभावना है। ऊपर की ओर, 25950-26000/84700-85000 का स्तर तुरंत रेजिस्टेंस जोन के रूप में काम कर सकता है। दूसरी ओर, 25600/83300 के नीचे आने पर रुझान बदल सकता है; इस स्तर से नीचे आने पर कारोबारी अपने ट्रेडिंग लॉन्ग पोजीशन से बाहर निकलना पसंद कर सकते हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को सूचित किया कि उसकी प्रमुख सहायक कंपनी, लाइनएज पावर प्राइवेट लिमिटेड, को सऊदी अरब स्थित याकिन केम से 1.35 मिलियन डॉलर का ऑर्डर मिला है। भारत फोर्ज ने ऐलान किया है कि उसने वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत ऑटोमोटिव और रक्षा सहित कई प्रौद्योगिकी-केंद्रित क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी की संभावना




तलाशी जाएगी।

**डॉ. रेड्डीज:** फार्मा कंपनी डॉ. रेड्डीज ने घोषणा की कि उसने मर्क्यूरी फार्मा ग्रुप लिमिटेड से भारत में प्रोगाइनोवा और साइक्लोप्रोगाइनोवा ट्रेडमार्क और संबंधित संपत्तियों का अधिग्रहण कर लिया है।

**एनसीसी:** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनसीसी पर नए ऑर्डर लेने पर रोक लगा दी है।

**जिंदल सॉ:** अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए ऑडिट के दौरान कुछ मुद्दे पाए जाने के बाद कंपनी का सीमलेस पाइप के लिए एपीआई लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

**गो डिजिट:** गोडिजिट जनरल इंश्योरेंस ने कहा कि उसने अपने पॉलिसीधारकों को रियायती दरों पर सीनियर केयर सेवाएं देने के लिए अन्वया किन केयर के साथ साझेदारी की है। बीमा कंपनियां पारंपरिक कवरेज से आगे बढ़कर ग्राहक जुड़ाव बढ़ाने पर जोर दे रही हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर अगले दो वर्षों में 2,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करने की योजना बना रहा है। यह निवेश अपने ब्यूटी एंड वेलबीइंग और होम केयर लिक्विड्स पोर्टफोलियो के तहत तेजी से बढ़ रही प्रीमियम श्रेणियों में विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा।

**टीवीएस मोटर:** कंपनी ने बताया कि उसने इंडोनेशिया में वर्ष 2006 में परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कुल मिलाकर 10 लाख वाहनों का निर्माण कर लिया है।

**कोचीन शिपयार्ड:** कोचीन शिपयार्ड को फ्रांस की सीएमए सीजीएम समूह से छह एलएनजी-चालित जहाजों के निर्माण और डिलीवरी के लिए लगभग 360 मिलियन डॉलर का नया जहाज निर्माण अनुबंध मिला है।

**जायडस लाइफसाइंसेज:** फार्मा कंपनी जायडस को अपनी बोसेंटन टैबलेट्स फॉर ओरल सस्पेंशन, 32 मिलीग्राम के लिए अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन से अंतिम मंजूरी मिल गई है।

# टाटा स्टील के शेयर ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील के शेयर में तेजी का सिलसिला जारी है। शेयर मार्केट में आज कमजोरी के बीच कंपनी का शेयर 1 फीसदी की बढ़त के साथ 211.35 रुपये के नए हाई पर पहुंच गया। यह उछाल घरेलू कारोबार को लेकर मजबूत संभावनाओं के चलते आया है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी का शेयर 10 फरवरी, 2026 को बने अपने पिछले रिकॉर्ड 211.15 रुपये को पार कर गया। पिछले एक महीने में टाटा स्टील ने 12 फीसदी की जबरदस्त बढ़त हासिल की है, जबकि इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में 0.5 फीसदी और मेटल इंडेक्स में 3.6 फीसदी की मामूली बढ़त हुई है।

क्यों हो रही है टाटा स्टील के शेयर में तेजी टाटा स्टील ने दिसंबर तिमाही (वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही) में मजबूत प्रदर्शन किया है। कंपनी की कुल परिचालन आय सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 57,002 करोड़ रुपये रही। स्टील बिक्री की मात्रा भी 6 फीसदी बढ़कर लगभग 8.2 मिलियन टन रही। हालांकि, कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन पिछली तिमाही के मुकाबले 77 आधार अंक गिरकर 14.4 फीसदी रहा, लेकिन आगे की संभावनाएं उज्ज्वल हैं।

कंपनी को उम्मीद है कि चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) में उसका प्रदर्शन बेहतर होगा। इसका मुख्य कारण सेफगार्ड ड्यूटी के कारण कीमतों में 12 फीसदी का सुधार है, जिससे भारत में उसकी बिक्री से होने वाली आमदनी में प्रति टन लगभग 2,300 रुपये का इजाफा होने की संभावना है। इसके अलावा, कोटा प्रतिबंध जैसे कदमों से भी मुनाफे में सुधार होने की उम्मीद है।




बेहतर परिचालन लाभ, लागत में लगातार बचत, कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म का क्रियान्वयन और यूरोप में आयात कोटा...

करीब एक सदी पुरानी यह कंपनी सरकार की 2030 तक राष्ट्रीय कच्चा स्टील क्षमता 300 मिलियन टन पहुंचाने की योजना के तहत बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमता लगभग 40 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज का मानना है कि टाटा स्टील के शेयर में और तेजी आ सकती है। ब्रोकरेज फर्म ने घरेलू मांग के मजबूत आउटलुक, सेफगार्ड ड्यूटी से कीमतों को मिल रहे सपोर्ट, क्षमता विस्तार और यूरोपीय संघ (ईयू) कारोबार में धीरे-धीरे सुधार के चलते कंपनी पर सकारात्मक रुख अपनाया है। एमओएफएसएल ने सितंबर 2027 के अपने अनुमान के लिए 240 रुपये प्रति शेयर का टार्गेट रखते हुए बाय की सिफारिश की है। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि यूरोप में हालांकि निकट भविष्य में मुनाफा स्प्रेड रिकवरी और ऊर्जा लागत पर निर्भर करेगा, लेकिन सीबीएएम और सख्त आयात कोटा जैसे संरचनात्मक उपायों से कीमतों में अनुशासन आएगा और आयात से मार्जिन पर पड़ने वाला दबाव कम होगा। भारत में मजबूत प्रदर्शन और यूरोप में सुधार से कंपनी की कुल कमाई को बल मिलेगा।

### आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों का भी कहना है कि सेफगार्ड ड्यूटी से कीमतों में बढ़ोतरी, अनुकूल मांग और रणनीतिक क्षमता विस्तार के कारण टाटा स्टील का भारतीय परिचालन लंबी अवधि में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है।

# टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर गुरुवार को बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 719 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 5 साल में टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में 578 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। टाटा ग्रुप की यह दिग्गज कंपनी अपने शेयर का भी बंटवारा कर चुकी है। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन का मार्केट कैप गुरुवार को 36000 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड अपने शेयर का बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) कर चुकी है। कंपनी ने अपने शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने अक्टूबर 2025 में 10 रुपये फेस वैल्यू वाले अपने शेयर को 1-1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटा है। दिसंबर 2025 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी 73.38 पर्सेंट है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 26.62 पर्सेंट है। शेयर पिछले 5 साल में 578 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। टाटा ग्रुप की इस कंपनी के शेयर 19 फरवरी 2021 को 105.59 रुपये पर थे। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर 19 फरवरी 2026 को 719 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले 4 साल में कंपनी के शेयरों में 407 पर्सेंट की तूफानी तेजी देखने को मिली है।

# मुंबई क्लाइमेट वीक में बोकारो की सियारी पंचायत का लो-कार्बन मॉडल बना चर्चा का विषय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** मुंबई में चल रहे क्लाइमेट वीक 2026 में झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित सियारी पंचायत चर्चा का विषय बनी हुई है। पंचायत के मुखिया रामवृक्ष मुर्मू को अपनी पंचायत में सोलर एनर्जी और जलवायु अनुकूल विकास कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। मुर्मू ने विकास कार्यों में जलवायु समर्थ योजनाएं अपनाने की पहल को मुंबई में साझा किया। उन्होंने बताया कि अगर पंचायतों और मुखियाओं को जलवायु परिवर्तन के संबंध में जागरूक किया जाए तो स्थानीय नेतृत्व और सही योजना के जरिए छोटे-छोटे गांव भी कम कार्बन उत्सर्जन वाले और सुरक्षित आजीविका वाले भविष्य की दिशा में काम कर सकते हैं।

बता दें कि मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पंचायत लीडिंग इंडियाज क्लाइमेट चार्ज सत्र में रामवृक्ष मुर्मू ने झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और केरल से आए अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मंच साझा किया। सभी प्रतिनिधियों ने स्थानीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन से निपटने में ग्राम पंचायतों की भूमिका पर बात रखी।

सौर ऊर्जा को दी प्राथमिकता अपने संबोधन में मुर्मू ने बताया कि बार-बार होने वाली बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। उन्होंने कहा, कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत (कोप) में हुई चर्चाओं से हमें समझ आया कि बिजली की समस्या केवल स्थानीय नहीं, बल्कि जलवायु संकट से भी जुड़ी है। इसके बाद पंचायत ने सीएसआर फंड की मदद से 72 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का फैसला किया, ताकि बच्चे रात में सुरक्षित माहौल में पढ़ सकें।

इसके अलावा पंचायत ने स्कूलों और सामुदायिक भवनों में सोलर सिस्टम लगाए और मुख्य तालाब पर सोलर आधारित लिफ्ट सिंचाई पंप स्थापित किया, जिससे अनियमित बिजली और महंगे डीजल पर निर्भरता कम हुई। मुर्मू ने बताया कि उन्होंने अपनी पंचायत में




डीएमएफटी फंड से भी कई विकास कार्य कराए हैं।

साथ ही पंचायत ने बिरसा मुंडा बागवानी मिशन के तहत ग्रामीणों के सहयोग से 2,880 आम के पौधे और 800 अन्य फलदार व छायादार पेड़ लगाए, जिससे जंगल आधारित आजीविका को भी मजबूती मिली।

मुर्मू ने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत हेल्प डेस्क ने इन योजनाओं के लिए सही सरकारी स्कीम और तकनीकी सहयोग प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह पहल असर सोशल इम्पैक्ट एडवाइजर्स, पॉलिसी एंड डेवलपमेंट एडवाइजरी ग्रुप (पीडीएजी), दामोदर बचाओ अभियान और कॉमन ग्राउंड इनिशिएटिव के सहयोग से झारखंड में चलाए जा रहे कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत कार्यक्रम का हिस्सा है।

पीडीएजी के सह-संस्थापक और पार्टनर अरिंदम बनर्जी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत की शुरुआत स्थानीय शासन संस्थाओं की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे जलवायु से जुड़े जोखिमों का सामना बेहतर तरीके से कर सकें।

उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल 2028 तक देशभर में स्थानीय स्तर पर जलवायु कार्रवाई के लिए एक साझा मंच तैयार करने में मदद करेगी।

असर की सीईओ विनुता गोपाल ने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने दिखाया है कि जलवायु संकट से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस काम पहले से हो रहा है–चाहे वह पेड़ लगाना हो, सोलर पैनल लगाना हो या गांव की कार्ययोजनाओं को लागू करना हो।

मुंबई क्लाइमेट वीक (17-19 फरवरी) भारत का पहला ऐसा मंच है, जहां स्थानीय स्तर पर किए जा रहे जलवायु समाधानों को साझा करने और उन्हें बड़े स्तर पर लागू करने पर चर्चा की गई।

इस संबंध में सारथी नेटवर्क की साथी सहयोगिनी बोकारो के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि असर सोशल इम्पैक्ट एडवाइजर्स पर्यावरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था है, जो जलवायु सहनशीलता और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था स्थानीय संदर्भों को समझते हुए शोध, साक्ष्य और जमीनी वास्तविकताओं के आधार पर रणनीतियां विकसित करती है तथा बहु-हितधारक संवाद और साझेदारी को मजबूत करती है।

पॉलिसी एंड डेवलपमेंट एडवाइजरी ग्रुप नई दिल्ली स्थित एक सामाजिक प्रभाव परामर्श संस्था है, जो सार्वजनिक नीति, शोध और रणनीतिक संचार के क्षेत्र में कार्य करती है।

संस्था सरकारों, बहुपक्षीय संस्थाओं और अकादमिक साझेदारों के साथ मिलकर साक्ष्यों को नीतिगत कार्रवाई में बदलने, सार्वजनिक प्रणालियों को मजबूत करने और समुदायों तथा संस्थानों के बीच संवाद को बढ़ावा देने का कार्य करता है। उपलब्धि पर सारथी नेटवर्क के गौतम सागर गुलाबचंद शंकर रवानी किरण तथा आदि ने शुभकामनाएं दी है।

## सिख समुदाय के लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम कांग्रेस नेता ज्योति सिंह मथारू की पहल पर आयोजित हुआ एवं इसमें समाजसेवी सुखपाल सिंह नामधारी, गुरदीप सिंह एवं प्रीतपाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम के दौरान सभी नए साथियों का पार्टी नेतृत्व द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प को दोहराया गया।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति, झारखंड राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, सह कार्यालय प्रभारी राजन वर्मा आदि मौजूद थे।

इसके पूर्व अपने संबोधन में अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सर्वधर्म समभाव और भाईचारे की पक्षधर रही है। सिख समुदाय का ऐतिहासिक योगदान देश और समाज के निर्माण में अतुलनीय रहा है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सिख समाज के सम्मानित लोगों के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और प्रदेश में कांग्रेस की विचारधारा और मजबूत होगी।

वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

ज्योति सिंह मथारू ने अपने संबोधन में सिख समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अल्पसंख्यक समाज के अधिकारों और सम्मान की रक्षा की है।

## सीएम व एमएलए पहुंचे बलियापुर

### डॉ बुद्धदेव महतो को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद** । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा विधायक गांडेय कल्पना सोरेन मुर्मू आज बलियापुर पहुंचे। विधायक चंद्रदेव महतो के छोटे भाई स्व डॉ बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री तथा विधायक गांडेय, रांची से हेलीकॉप्टर द्वारा बलियापुर पहुंचे। बलियापुर हवाई पट्टी पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद मुख्यमंत्री एवं विधायक गांडेय ग्राम बड़ादाहा स्थित विधायक के आवास पहुंचे। विधायक सिंदरी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने दिवंगत स्व डॉ बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री एवं विधायक गांडेय ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके बाद वे श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। विधायक आवास पर लगभग आधा घंटा रुकने के बाद मुख्यमंत्री एवं विधायक गांडेय पुनः बलियापुर हवाई पट्टी पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ओनर देकर विदाई दी गई। स्व डॉ बुद्धदेव महतो चार भाइयों में सबसे छोटे थे। वे हजारीबाग टेक्निकल यूनिवर्सिटी में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे। पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 7 फरवरी 2026 को रांची में उन्होंने अंतिम सांसें ली। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती सरिता देवी एवं दो छोटे पुत्र, सिद्धार्थ एवं गौतम को छोड़ गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने हेलिपैड से लेकर



विधायक आवास तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मुख्यमंत्री के काफिले में एडवांस वार्निंग कार, पायलट कार, तीन स्कॉर्ट वाहन, एडवांस एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन के अलावा दो क्विक रिस्पांस टीम शामिल थी। वहीं प्रखंड कार्यालय बलियापुर में एवं धनबाद में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। कार्यक्रम में विधायक निरसा अरूप चटर्जी, उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष सत्यम के अलावा जिला प्रशासन एवं पुलिस के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने शुरू किया जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया।

पूरे महीने के दौरान, देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में, एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया, जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दर्शाता है।

इस पहल का फोकस जागरूकता और ट्रेनिंग, बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर, चिन्हित जोन्स में सख्त अनुपालन और क्रिटिकल लोकेशंस के विश्लेषण पर है। फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स की बेहतर तैयारी के जरिए यह पहल दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन बचाने का लक्ष्य रखती है, साथ ही एक अधिक जिम्मेदार, तैयार और सेफ्टी-कोंशियस समुदाय का निर्माण करती है, जो देशभर के शहरों के लिए एक मॉडल बन सकता है। रोड सेफ्टी रैली, समिट, हेलमेट वितरण, मासिक सड़क सुरक्षा अभियान और अन्य एंगेजमेंट गतिविधियों सहित सभी जागरूकता कार्यक्रमों का फोकस ट्रैफिक नियमों, राइडर की जिम्मेदारी और प्रोटेक्टिव राइडिंग प्रैक्टिसेज की अहमियत को लेकर प्रैक्टिकल लर्निंग पर रहा।

## उपायुक्त एवं एसपी ने किया वज्र गृह, रिसीविंग सेंटर एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो द्वारा आज कदमा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति भवन में बन रहे वज्र गृह, रिसीविंग सेंटर एवं प्रस्तावित मतगणना केंद्र का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। साथ हीं निर्वाचन की सम्पूर्ण तैयारियों को लेकर सभी आरओ एवं विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मतगणना कक्ष, बज्रगृह, रिसीविंग सेंटर समेत अन्य कक्ष का जायजा लिया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, पार्किंग, मीडिया गैलेरी तथा अभ्यर्थियों एवं मतगणना एजेंट के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने वज्र गृह की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर बल दिया।

जिसके पश्चात उपायुक्त ने नगरपालिका निर्वाचन कोषांग, कार्मिक कोषांग, मतपत्र एवं मतपेटिका कोषांग, सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता कोषांग, हेल्पलाइन एवं जन शिकायत कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, मीडिया कोषांग, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग, सूचना तकनीकी कोषांग तथा नियंत्रण कक्ष के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने निर्वाचन कार्य में लगे मतदान एवं मतगणना कर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। मतदान कर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए वाहनों की



पर्याप्त व्यवस्था एवं पुलिस बल के साथ टैगिंग, अंतिम रेंडमाइजेशन समेत अन्य विषयों पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने विचार विमर्श कर संबंधित कोषांग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के लिए गठित सभी कोषांग को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदशिका एवं निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए उत्तरदायित्व पूर्ण ससमय निर्वाचन कार्य करना सुनिश्चित करे।

22 फरवरी को मतदान कर्मियों का होने वाले डिस्पैच को उपायुक्त ने मतदान के लिए जरूरी सामग्री के साथ मतदान कर्मियों का ससमय डिस्पैच सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, मतदान के दिन ससमय मतदान प्रारंभ कराने, मतदान केंद्र को सुव्यवस्थित रखने समेत अन्य आवश्यक निर्देश दिए, जिससे मतदाताओं को मतदान करने में समस्या न हो। मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात ससमय रिसिविंग सेंटर तक वापस लाने, रिसीविंग, मतगणना, सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य जरूरी विषयों को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी आर०ओ० एवं सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिससे सफलता पूर्वक नगरपालिका (आम) निर्वाचन को सम्पन्न कराया जा सके।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी दिपेश कुमारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीसीएलआर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित सभी आरओ, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन उन्मुखीकरण कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** फाईलेरिया उन्मूलन कार्यकम के तहत सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, प्राचार्य के लिए एक दिवसीय उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजन सदर अस्पताल के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया। इस अवसर पर जिला वीबीडी पदाधिकारी, डॉ सुनील कुमार ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यकम की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ अभिषेक पॉल, राज्य समन्वयक ने पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाईलेरिया गन्दे पानी में पनपने वाली सबसे अधिक आबादी वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक अपंगता पैदा करने वाली द्वितीय सबसे बड़ी लाईलाज बिमारी है। जिसकी वजह से हाथ, पांव (हाथीपांव) का फूलना और हाइड्रोशील होता है। बताया कि इस सर्वजन दवा सेवन अभियान में वर्ष में एक बार डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल दवा का एकल खुराक सेवन कराकर फाईलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सकता है। दवा सेवन के माइक्रो फाईलेरिया को समुदाय में फैलने से रोका जा सकता हैं और अन्य स्वस्थ्य व्यक्तियों को इसके संक्रमण से बचाया जा सकता है।




उन्होंने बताया कि बीते 10 फरवरी को दवा प्रशासकों के माध्यम से स्थापित बुथ के माध्यम से दवा खिलायी गई। इसके पश्चात छुटी हुई शोष आबादी को 11फरवरी से 25फरवरी तक घर-घर जाकर दवा सेवन कराया जा रहा है। एक दिन में दवा प्रशासक द्वारा 20-25 घरों में उपसिथत जन मानस को अपने सामने दवा का सेवन कराया जा रहा है। फाईलेरिया उन्मूलन लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शत-प्रतिशत लक्षित आबादी द्वारा दवा सेवन अनिवार्य है। साथ ही बताया कि डीईसी एवं एलबेण्डाजोल सुरक्षित दवा है। फिर भी एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्मवती महिलाओं एवं गम्भीर रूप से वीमार व्यक्ति को यह दवा नही दी जायेगी। साथ ही खाली पेट दवा का सेवन नहीं किया जाना है। बताया कि इस कार्यकम को सफल बनाने के लिए वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन एवं पिरामल फाउंडेशन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिला वीबीडी सलाहकार, रमेश कुमार सिंह ने फाईलेरिया की स्थिति से समी शिक्षकों को अवगत कराया। वहीं सभी शिक्षकों ने कार्यकम में पूर्ण सहयोग का आशवासन दिया। बैठक में डीएवी विद्यालय, सर्वोदया पब्लिक स्कूल, धनबाद पब्लिक स्कूल (केजी आश्रम), धनबाद पब्लिक स्कल हीरक ब्रॉच, डीनोवेली पब्लिक स्कूल, आर्दश सरस्वती विद्या मंदिर आदि सहित 50 से अधिक विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित हुए।

## दंपत्ति की जंगल में लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खड़गपुर।** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गुड़गुड़ीपाल थाना अंतर्गत गोपगढ़ इलाके में जंगल से एक दंपति के शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटके हुए बरामद किए गए। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्राथमिक चचाओं में भारी कर्ज के बोझ को इस आत्मघाती कदम के पीछे की मुख्य वजह माना जा रहा है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, देर रात कुछ ग्रामीणों ने गोपगढ़ इको पार्क के पास घने जंगल में एक पुरुष और एक महिला को पेड़ से लटका हुआ देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना गुड़गुड़ीपाल थाना पुलिस को दी।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर शवों को फंदे से नीचे उतारा और मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की शिनाख्त पिंटू दास (38) और उनकी पत्नी मधुमिता दास (32) के रूप में हुई है। वे मेदिनीपुर शहर के वार्ड नंबर 13, पानपाड़ा इलाके के रहने वाले थे।

पिंटू दास पेशे से एक मेडिकल सेल्समैन थे। इस दुखद घटना के बाद उनके दो नाबालिग बच्चे अनाथ हो गए हैं, जिससे परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है।

पिंटू के रिश्तेदार कृष्ण दास ने बताया कि पति-पत्नी के बीच कोई आपसी विवाद या घरेलू कलह नहीं थी। हालांकि, स्थानीय सूत्रों और पड़ोसियों के बीच यह चर्चा आम है कि दंपति पिछले कुछ समय से भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे थे।

कथित तौर पर उन पर काफी कर्ज था और लेनदारों का दबाव बढ़ता जा रहा था। चर्चा है कि सामाजिक अपमान और देनदारी के मानसिक तनाव के कारण ही उन्होंने यह कठोर कदम उठाया।

पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

## भागो मोबिलिटी ने लांच किया इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म

**रांची।** भागो मोबिलिटी ने भारत में तेजी से बढ़ती शहरी मोबिलिटी आवश्यकताओं को सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के साथ साझेदारी में और होंडा पावर पैक एनर्जी इंडिया के बैटरी-स्वैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सहयोग से, कंपनी दिल्ली और बेंगलुरु में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर्स की तैनाती करेगी, जिसके बाद अगले तीन वर्षों में इसे पैन-इंडिया स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म डिलीवरी पार्टनर्स, राइड-हेलिंग ड्राइवर्स और लास्ट-माइल लॉजिस्टिक्स वर्कर्स के लिए तैयार किया गया है। सिंगल सब्सक्रिप्शन मॉडल के तहत ईवी, बैटरी-स्वैपिंग, टेक्नोलॉजी सपोर्ट और कंप्लायंस जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। पहल का उद्देश्य शहरी मोबिलिटी वर्कर्स को कम लागत में ईवी तक पहुंच उपलब्ध कराना और उनकी आय क्षमता बढ़ाना है। कंपनी के अनुसार, इस मॉडल से जुड़ने वाले प्रतिभागी अपनी वर्तमान आय से 20प्रतिशत तक अधिक कमा सकेंगे।

## मुखिया पति पर बीयर की बोतल से जानलेवा हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** थाना क्षेत्र के बघनगरी गांव में बिषुणपुर बघनगरी पंचायत की मुखिया बबीता कुमारी के पति बब्लू मिश्रा पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमलावरों ने बियर की बोतल से वार कर उन्हें घायल कर दिया।

घटना उस समय हुई जब मुखिया बबीता कुमारी अपने पति के साथ सकरा से एक जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर घर लौट रही थीं।बताया जाता है कि जैसे ही दंपती बघनगरी गांव के समीप पहुंचे, पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने रास्ता रोककर विवाद शुरू कर दिया।

देखते ही देखते झड़प बढ़ गई और हमलावरों ने बब्लू मिश्रा पर बियर की बोतल से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार हमलावर दोनों को जान से मार दो जैसी धमकियां दे रहे थे, जिससे स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई।घटना के समय हमलावर तीन गाड़ियों से आए थे।

शोर-शराबा सुनकर गांव के लोग जाग गए और मौके पर जुटने लगे, जिसके बाद हमलावर भागने लगे। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से बड़ी वारदात टल गई। घायल बब्लू मिश्रा का स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया।

मुखिया बबीता कुमारी ने आरोप लगाया कि यह हमला पूर्व नियोजित था और हत्या की नीयत से किया गया। उन्होंने तत्काल सकरा थाना को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा अन्य आरोपितों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने कहा कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है ।

### रिश्वत लेते जेई धराया

**साहेबगंज।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही सख्त कार्रवाई के तहत विशेष निगरानी इकाई की टीम ने साहेबगंज नगर परिषद के जेई अमन कुमार को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट के पास की गई, जहां नौ हजार रुपये घूस लेते ही टीम ने उसे दबोच लिया। घटना के बाद नगर परिषद परिसर में अफरातफरी मच गई। बताया गया कि कनीय अभियंता पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य के एवज में कुल 25 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। वार्ड नंबर 12 की पार्षद निर्मला देवी के पति राज कुमार तिवारी ने इसकी लिखित शिकायत विशेष निगरानी इकाई में दर्ज कराई थी। आरोप था कि बिना रिश्वत दिए कार्य से संबंधित फाइल आगे नहीं बढ़ाई जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने गुप्त सत्यापन कराया, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक (निगरानी) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।

## 14 ड्रग तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** नशा कारोबार के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संयुक्त छापेमारी अभियान में 14 तस्करों को गिरफ्तार किया है। अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर किया गया, जबकि इसकी मॉनिटरिंग एएसपी अमित कुमार कर रहे थे।कटकमदाग, लोहसिंघना और इचाक थाना की पुलिस की संयुक्त टीम ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर गिरोह का भंडाफोड़ किया।

पुलिस के अनुसार, इस नेटवर्क का मुख्य सरगना चतरा जिला के गिद्धौर निवासी उदय कुमार उर्फ नवल दांगी, चतरा सदर थाना क्षेत्र के लोआगड़ा निवासी पवन राज वर्मा और उसके पिता त्रिभुवन दांगी हैं। पिता-पुत्र मिलकर ब्राउन शुगर और गांजा की सप्लाई करते थे। पुत्र पवन राज वर्मा गिरफ्तार हो चुका है, जबकि पिता त्रिभुवन दांगी फरार है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग 15 लाख रुपये मूल्य की 135.72 ग्राम ब्राउन शुगर और 30 लाख रुपये मूल्य का दो किलो गांजा समेत कुल 45 लाख रुपये की नशीली सामग्री बरामद की गई।

इसके अलावा 64,160 रुपये नकद, 10 मोबाइल फोन, तस्करी में प्रयुक्त एक सफारी, एक ब्रेजा, एक स्विफ्ट कार सहित तीन चारपहिया वाहन, नौ मोटरसाइकिल तथा माप-तौल के लिए दो मिनी वेटिंग मशीन जब्त की गई है। एएसपी अमित कुमार ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क झारखंड से उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश तक फैला हुआ था। ब्राउन शुगर की आपूर्ति उत्तराखंड और यूपी तक की जाती थी। गिरोह में बड़ी संख्या में पैडलर शामिल हैं, जिनकी पहचान हो चुकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# इटली को वेस्टइंडीज ने रौंदा, खत्म हुआ वर्ल्डकप में सफर

## अब सुपर 8 में नजर आएगी कैरेबियाई टीम शमार, जोसेफ को 4 विकेट

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्डकप के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रन से हरा दिया। वेस्टइंडीज की इस वर्ल्डकप में यह लगातार चौथी जीत है। गुरुवार को दिन के पहले मैच में इटली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 165 रन बनाए हैं। जवाब में इटली 18 ओवर में 123 रन पर ऑलआउट हो गई। ग्रुप-सी का यह आखिरी मुकाबला था।



166 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इटली के लिए बेन मैनेंटी ने 26, जेजे स्मट्स ने 24, एंथोनी मोस्का ने 19 और ग्रांट स्टीवर्ट ने 12 रन बनाए। बाकी 7 बैटर्स दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने 4, मैथ्यू फोर्ड ने 3 और गुडाकेश मोती ने 2 विकेट लिए। अकील हुसैन को भी 1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज के लिए शाई होप ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 46 बॉल पर 75 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इसके अलावा, रोस्टन चेज 24 और शेरफेन रदरफोर्ड ने नाबाद 24 रन बनाए। इटली के लिए क्रिशन कलुगमागे और बेन मैनेंटी ने 2-2 विकेट लिए। अली हसन और थॉमस ड्राका को 1-1 विकेट मिला।

# मैग्नस कार्लसन बने विश्व फ्रीस्टाइल शतरंज चैम्पियन

**वाइजनहाउस, जर्मनी (एजेंसी)।** फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2026 का खिताब दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के फैबियानो करुआना को 2.5-1.5 से हराकर विश्व चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। चौथे और अंतिम गेम में ड्रॉ कार्लसन के लिए खिताब सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त रहा। निर्णायक क्षण तीसरे गेम में आया, जब कार्लसन लगभग



हारी हुई स्थिति से मुकाबला पलटने में सफल रहे। करुआना को तीन अलग-अलग मौकों पर जीत के अवसर मिले, लेकिन समय दबाव और जटिल स्थिति के कारण वे बढ़त को जीत में नहीं बदल सके। तीसरे गेम में बढ़त लेने के बाद कार्लसन ने अंतिम मुकाबले में संतुलित एंडगेम में ड्रॉ कर खिताब अपने नाम कर लिया। यह 2026 संस्करण फिडे द्वारा मान्यता प्राप्त पहला आधिकारिक फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप था। इससे पहले कार्लसन फिडे फिशर रैंडम विश्व खिताब जीतने की कोशिश कर चुके थे, लेकिन सफल नहीं हुए थे। वाइसेनहाउस में उन्होंने अपने करियर का 21वां विश्व खिताब हासिल किया और इसके साथ ही क्लासिकल, रैपिड, ब्लिट्ज और फ्रीस्टाइल के साथ शतरंज के सभी फॉर्मेट को जीत लिया है।

### तीसरा स्थान अब्दुसत्तोरोव के नाम

तीसरे स्थान के मुकाबले में उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने जर्मनी के विंसेंट केमर को 2.5-1.5 से हराया, और 2027 फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया। पांचवें स्थान के लिए हुए मुकाबले में हंस नीमन ने भारत के अर्जुन एरिगैसी को 2-0 से हराया।

# भारत-बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

● **नए खेलमंत्री बोले-** पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने की मंशा

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया। हक ने कहा- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया था।



**पूर्व खेल मंत्री आसिफ ने कहा था कि भारत में खिलाड़ियों के सुरक्षा की चिंता- नजरुल-** बांग्लादेश सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

● **पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी-** इससे पहले 13 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी और रहमान के बीच पहली फोन बातचीत हुई थी। मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि वे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए साथ काम करने को उत्सुक हैं। बीएनपी ने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी के बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। पार्टी ने कहा, 'हम भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने को तैयार हैं। हमारा रिश्ता आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि की साझा प्रतिबद्धता से आगे बढ़ेगा।'

### मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर विवाद

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था। इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

# ईशान किशन टी-20 | आईसीसी बैटर रैंकिंग के टॉप 10 में

### 17 पायदान की छलांग लगाई, पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन की आतिशी पारी का फायदा

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच ताजा टी-20 रैंकिंग जारी कर दी है। इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन टॉप-10 बैटर्स में शामिल हो गए हैं। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्डकप में खेली गई 77 रनों की पारी का फायदा मिला।

ईशान 17 पायदान चढ़कर बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। लिस्ट में टॉप पर भारत के ही अभिषेक शर्मा हैं। गेंदबाजी में भारत के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दुनिया के नंबर-1 टी-20 गेंदबाज बने हुए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पाकिस्तान के सईम अयूब एक बार फिर नंबर-1 बन गए हैं।

**पाक के खिलाफ जीरो पर आउट होने वाले अभिषेक नंबर-1-** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ डक पर आउट होने के बाद भी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट दूसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के विस्फोटक बल्लेबाज पथुम निसंका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैंडी में शानदार शतक जड़कर तीन स्थान की छलांग लगाई और तीसरे नंबर पर पहुंच गए। इंडिया के तिलक वर्मा भी एक



पायदान की छलांग लगाते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**पाक बैटर साहिबजादा फरहान को नुकसान-** दूसरी तरफ पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 2 स्थान नीचे लुढ़क गए हैं। साहिबजादा अब 5वें स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर को भी तीन स्थान का नुकसान हुआ है और अब वह 7वें पायदान पर खिसक गए हैं।

न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को भी एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है, बावजूद इसके दोनों बल्लेबाज टॉप-10 में बने हुए हैं। अब सीफर्ट 9वें जबकि हेड 10वें स्थान पर खिसक गए हैं। साहिबजादा फरहान भारत के खिलाफ 15 फरवरी को खेले गए मैच में जीरो पर आउट हुए थे। उन्हें हार्दिक पंड्या ने आउट किया था।

**बॉलिंग में वरुण नंबर-1, राशिद खान दूसरे स्थान पर-** गेंदबाजों की ताजा रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती 787 रेटिंग पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर मजबूत बने हुए हैं। हालांकि, अफगानिस्तान के राशिद खान अब एक पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और वे वरुण के काफी करीब हैं। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस को वर्ल्ड कप में लगातार दो मैचों में 3-3 विकेट लेने का फायदा हुआ है। वे अब 10 पायदान की छलांग लगाकर करियर की बेस्ट 5वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल भी 15वें और 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**ऑलराउंडर्स में सईम अयूब ने सिकंदर रजा को पछाड़ा-** ऑलराउंडर्स की कैटेगरी में नंबर-1की कुर्सी के लिए सईम अयूब और सिकंदर रजा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

पाकिस्तान के सईम अयूब ने भारत के खिलाफ कोलंबो में 25 रन देकर 3 विकेट लिए थे,जिसके दम पर उन्होंने जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर पहला स्थान हासिल कर लिया है। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

# नामीबिया पर पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत

### वहीं भारत ने लगातार नीदरलैंड को हराकर चौथा मैच जीता





**कोलंबो (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान ने नामीबिया को 102 रन से हराकर सुपर-8 स्टेज में एंट्री कर ली। यह टीम की वर्ल्ड कप में रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी ओर टीम इंडिया ने टूर्नामेंट इतिहास में रिकॉर्ड 12वां लगातार मैच जीत लिया। वहीं टीम के ओपनर अभिषेक शर्मा लगातार तीसरे मुकाबले में खाता नहीं खोल सके।

**पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत-** पाकिस्तान ने बुधवार को नामीबिया के खिलाफ 199 रन बनाने के बाद उन्हें 97 रन पर समेट दिया। टीम ने 102 रन से मुकाबला जीता। यह टी-20 वर्ल्ड कप में रन के अंतर से पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले 2009 में टीम नीदरलैंड को लॉर्ड्स स्टेडियम में 82 रन से हरा चुकी है।

### भारत ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया

नीदरलैंड के खिलाफ टी-20 में भारत ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। यह एक मुकाबले में भारत की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा गेंदबाज रहे। टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ भी 7 ही बॉलर्स से गेंदबाजी कराई थी। भारत इस टूर्नामेंट में 9 कैच छोड़ चुका है, जो आयरलैंड के 10 कैचों के बाद सबसे ज्यादा है। नीदरलैंड ने बगैर फिफ्टी लगाए अपना बेस्ट टी-20 स्कोर बनाए। टीम ने 7 विकेट खोकर 176 रन बनाए। इससे पहले 2018 में टीम ने नेपाल के खिलाफ 174 रन बनाए थे। नीदरलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना दूसरा बेस्ट स्कोर बनाया। टीम इससे पहले 2014 में आयरलैंड के खिलाफ 13.5 ओवर में ही 193 रन बना चुकी है।

### दुबे की वर्ल्डकप में पहली फिफ्टी, चक्रवर्ती को 3 विकेट

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार चौथा मैच जीत लिया है। टीम ने बुधवार के तीसरे मैच में नीदरलैंड को 17 रन से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ग्रुप ए के इस मैच में भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन ही बना सकी। शिवम दुबे ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। मैच का स्कोरबोर्ड

### चक्रवर्ती ने 3 तो दुबे ने 2 विकेट झटके

नीदरलैंड की ओर से बास डी लीडे ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट झटके। शिवम दुबे को 2 विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या के हिस्से एक-एक विकेट आया। भारत टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 12वां मैच जीत चुका है। 2024 में लगातार 8 मैच जीतने के बाद टीम ने 2026 में 4 मैच और जीत लिए। टूर्नामेंट इतिहास में भारत से ज्यादा लगातार मैच किसी भी टीम ने नहीं जीते।

# तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया।

गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है।यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई।

### अभिषेक शर्मा फिर 0 पर आउट हुए, बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

# इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले ओपनर बने

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 में भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा का संघर्ष जारी है। नीदरलैंड के खिलाफ अहम मुकाबले में भी वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इस निराशाजनक प्रदर्शन के साथ उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। अभिषेक अब एक कैलेंडर वर्ष में टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं। 2026 में यह पांचवां मौका है जब वह शून्य पर आउट हुए, जिससे उनकी फॉर्म पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

**नीदरलैंड के खिलाफ फिर निराशा-** नीदरलैंड के खिलाफ मैच में भारतीय टीम को तेज शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन अभिषेक शर्मा पहली ही चुनौती में असफल



रहे। विपक्षी गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से उन्हें बांधे रखा और वह बिना रन बनाए आउट हो गए। टी20 जैसे फॉर्मेट में ओपनर की भूमिका बेहद अहम होती है। पावरप्ले का फायदा उठाकर तेज रन बनाना टीम की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। ऐसे में बार-बार डक पर आउट होना टीम के संतुलन को प्रभावित करता है।

**एक कैलेंडर वर्ष में 5 डक, शर्मनाक सूची में नाम -** अभिषेक शर्मा अब 2026 में टी20 में पांच बार शून्य पर आउट हो चुके हैं। इसके साथ ही वह उन ओपनरों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा बार डक का सामना किया है।



# केडीएमए लीग मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में अंपायर मानिक गुप्ता की गई जान

**लखनऊ/उन्नाव (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव से हैरान करने वाली घटना सामने आई है। उन्नाव के शुक्लागंज के सप्रू मैदान में चल रही केडीएमए लीग मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में अंपायर की मौत का मामला सामने आया है। अंपायर का नाम मानिक गुप्ता है। वह कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर अपायर थे। मधुमक्खियों के हमले के दौरान अंपायर मानिक गुप्ता 10 मिनट तक घिरे रहे। इस घटना में केसीए के सीनियर अंपायर की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले के दौरान अन्य खिलाड़ियों के साथ दूसरे अंपायर ने भागकर जान बचाई। मानिक गुप्ता कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर अंपायर थे। वह 65 वर्ष के थे। उन्हें अंपायरिंग से खासा प्यार था। वह हॉर्ट की बीमारी से भी पीड़ित थे। परिवार ने उनके पोस्टमार्टम से इनकार कर दिया है। उनका अंतिम संस्कार भगवतदास घाट पर किया गया।

● **अंपायरिंग से प्यार, ड्रेस में ही गई जान-** मानिक गुप्ता को अपने अंपायर होने पर बहुत गर्व था। वह अंपायर की ड्रेस से काफी प्यार करते थे। अंपायर की ड्रेस पहनकर वे काफी खुश हो जाते थे। मानिक गुप्ता के साथियों ने बताया कि अंपायर की ड्रेस पहनने के बाद मानिक सिर्फ सच्चाई और ईमानदारी की बात



करते थे। उनकी यह खासियत अंपायरिंग में भी दिखती थी। उन्होंने अंतिम सांस भी अंपायर की ड्रेस पहने हुए ली।

● **जिला स्तर के थे अच्छे खिलाड़ी-** मानिक गुप्ता क्रिकेटर थे। उन्होंने जिला स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। उन्हें कानपुर का बेहतर खिलाड़ी माना जाता था। बाद में उन्होंने अंपायरिंग की परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा पास कर वे कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अंपायर पैनल में शामिल हो गए। करीब 30 सालों से वे केसीए से जुड़े टूर्नामेंट और लीग मुकाबलों में अंपायरिंग करते थे। खिलाड़ियों के बीच उनकी साफ-सुथरी और निष्पक्ष छवि है। उन्हें सही फैसला देने वाले अंपायर के तौर पर पहचान मिली हुई थी। मानिक का परिवार उनकी अंपायरिंग से ही चल रहा था। बुधवार को यह घटना शुक्लागंज कस्बे के सप्रू मैदान में उस समय घटी, जब केसीए की ओर से केडीएमए लीग मैच का आयोजन हो रहा था। वाईएमसीसी और पैरामाउंट टीमों के खिलाड़ी मैदान पर जुटे थे। 65 वर्षीय अंपायर मानिक गुप्ता अंडर-13 के मैच में अंपायरिंग कर रहे थे। मैच खत्म होने के बाद घर जाने के लिए अंपायर जगदीश का मैदान में ही इंतजार कर रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़ी साजिश नाकाम? लाल किले के पास धरे गए कार सवार संदिग्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में लालकिला के पीछे कार सवार दो कश्मीरी संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इनके पास से एनआईए का जाली पहचान पत्र बरामद हुआ है। जबकि यह कार 15 साल पुरानी है, जिसे एक संदिग्ध ने खरीदने का दावा किया है। बहरहाल संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। चूंकि कुछ दिन पहले ही आसपास के इलाके में ही ब्लास्ट की घटना हुई थी, इस कारण इन संदिग्धों स्थानीय पुलिस के अलावा दिल्ली पुलिस की एंटी टेरर यूनिट स्पेशल सेल, आईबी और एनआईए की संयुक्त टीमों द्वारा पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इन संदिग्धों से जुड़ी जानकारी जुटाकर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही इनके बारे में जानकारी दी जाएगी। हालांकि पुलिस के अलावा अन्य दूसरी एजेंसियों की टीमें इनसे काफी सख्ती से पूछताछ कर रही हैं और इनके नेटवर्क से जुड़े लोगों के बारे में भी जानकारी जुटा रही हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोतवाली थाना की पुलिस टीम इलाके में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान पेट्रोलिंग टीम को दिल्ली चलो पार्क के पास लाल किले के पीछे एक हुंडई सैंट्रो (काले रंग की कार मिली) जिसका पंजीकरण नंबर जम्मू-कश्मीर का था। इसके बाद पुलिस कार सवार दो दोनों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की।

### हादसे के बहस करता दिखा आरोपी, पीड़ित पर ही मढ़ दिया दोष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका साउथ इलाके में एसयूवी की टक्कर से 23 वर्षीय बाइक सवार साहिल धनेशरा की मौत के मामले में हादसे के तुरंत बाद का एक कथित वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद विवाद और गहरा गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में नाबालिग आरोपी चालक और उसकी बहन को स्थानीय लोगों द्वारा घिरे जाने पर पीड़ित को ही दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते देखा जा सकता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि नाबालिग आरोपी और उसकी बहन को हादसे को कोई दुख नहीं हैं, उल्टा वह दोनों लोगों से बहस कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो तीन फरवरी को लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज के पास हुई दुर्घटना के कुछ ही क्षण बाद एक राहगीर ने बनाया था। वीडियो में साहिल सड़क किनारे बेसुध पड़े दिखाई दे रहे हैं। उनकी मोटरसाइकिल सड़क के बीचों-बीच क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी है। वहीं, टक्कर के बाद एक खड़ी टैक्सी से जा भिड़ी एसयूवी भी पास में खड़ी नजर आ रही है। टैक्सी को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। वीडियो में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा दिख रहे हैं। कुछ लोग आरोपी 17 वर्षीय चालक और उसकी बहन से तीखे सवाल करते नजर आ रहे हैं। एक व्यक्ति चिल्लाकर कहता सुनाई दे रहा है कि ड्राइवर टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश कर रहा था।

### ब्लिंकिट से बटनदार चाकू ऑर्डर कर की हत्या, जांच के घेरे में ई-कॉमर्स कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में पिछले दिनों हुई दो हत्या की वारदातों की जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ऑनलाइन क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट के जरिए बटनदार चाकू मंगवाए थे और इन्हीं से वारदात को अंजाम दिया था। जांच अधिकारियों के मुताबिक, दोनों मामलों में इस्तेमाल किए गए चाकू 'बटनदार' (स्विच ब्लेड) श्रेणी के थे, जिनकी खरीद-फरोख्त और रखने पर कानूनी पाबंदी है। ऐसे जानलेवा हथियारों का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होना पुलिस के लिए चिंता का विषय है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच में ऑनलाइन ऑर्डर से जुड़े सबूत मिले हैं। पुलिस को डिलीवरी की तारीख, भुगतान का तरीका और संबंधित स्टोर की जानकारी भी मिली है। इसके आधार पर संबंधित स्टोर और वेयरहाउस की भूमिका की जांच की जा रही है।

# बारिश के बाद दिल्ली की हवा हुई और भी साफ, सीएक्यूएम ने हटाई ग्रैप-2 की पाबंदियां

## एजेंसियों को कड़ी निगरानी रखने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बीते दिनों हुई बारिश के बाद शहर में वायु प्रदूषण में कमी आई है और यहां की हवा भी काफी साफ हो गई है। ऐसे में शहर में वायु गुणवत्ता के स्तर में हुए सुधार को देखने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने शहर में लागू ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान) स्टेज-दो के प्रतिबंधों को बुधवार को वापस ले लिया। हालांकि पूरे एनसीआर क्षेत्र में फिलहाल ग्राप स्टेज-एक के प्रतिबंध जारी रहेंगे ताकि यह पक्का किया जा सके कि हवा का स्तर और खराब न हो।



इस बारे में जानकारी देते हुए सीएक्यूएम के एक अधिकारी ने कहा कि यह घोषणा ग्राप को लेकर हुई सब-कमेटी की समीक्षा बैठक के बाद की गई, जिसमें मौजूदा वायु गुणवत्ता स्तर और मौसम की परिस्थिति की जांच की गई। कमेटी ने पाया कि मौसम के अच्छे हालात की वजह से दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार हुआ है, इस दौरान बुधवार शाम 4 पीएम बजे एक्यूआई का स्तर 214 था, जो खराब कैटेगरी में बना हुआ है। इसके अलावा, भारत मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में एक्यूआई खराब या मध्यम श्रेणी में रह सकता है। जिसके बाद सब-कमेटी ने ग्राप स्टेज- (बहुत खराब एयर क्वालिटी) लागू करने के अपने 19 अक्टूबर 2025 को दिए आदेश को तुरंत रद्द करते हुए उसे हटाने का फैसला किया। हालांकि, ग्राप स्टेज-ढ्ढ के प्रतिबंध जारी रहेंगे और सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा इन प्रतिबंधों को पूरे एनसीआर में लागू करने के अलावा इनकी निगरानी और रिव्यू किया जाएगा, ताकि यह पक्का हो सके कि एक्यूआई लेवल और खराब न हो। इस दौरान सीएक्यूएम ने यह आदेश भी दिया कि प्रतिबंधों को लागू करने वाली सभी एजेंसियां ग्राप के मौजूदा शेड्यूल के स्टेज- के तहत कड़ी निगरानी रखेंगी। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक, दिल्ली के कई मॉनिटरिंग स्टेशनों ने एक्यूआई को मॉडरेट और खराब कैटेगरी के बीच बताया। इस दौरान इन इलाकों में एक्यूआई का स्तर कुछ इस तरह रिकॉर्ड किया गया, पूसा में 164, शादीपुर में 259, लोधी रोड पर 157, आनंद विहार में 270, बवाना में 247, सिरीफोर्ट में 237। बता दें कि शहर में ग्रैप स्टेज-एक और स्टेज-दो के प्रतिबंध क्रमशः पिछले साल 14 अक्टूबर और 19 अक्टूबर से लागू थे। बुधवार को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश हुई और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री अधिक 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

एक्यूआई का स्तर 0 से 500 तक होता है और उसे छह कैटेगरी में बांटा गया है, जिनमें से हर कैटेगरी प्रदूषण के लेवल और उससे जुड़े हेल्थ रिस्क को दिखाती है। 0 से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा माना जाता है, जिसका मतलब है कि हेल्थ पर बहुत कम या कोई असर नहीं पड़ता। 51 से 100 तक का एक्यूआई लेवल सैटिसफैक्टरी कैटेगरी में आता है, जहां एयर क्वालिटी ठीक रहती है, हालाँकि बच्चों, बुजुर्गों और सांस की दिक्कतों वाले लोगों जैसे सेंसिटिव ग्रुप को थोड़ी परेशानी हो सकती है। 101 से 200 तक की मॉडरेट कैटेगरी, बढ़ते प्रदूषण लेवल को दिखाती है।

## फीस ना बढ़ाने की दलील को कोर्ट ने खारिज किया

# नमो भारत ट्रेन और मेट्रो में यात्रियों को कुत्ते-बिल्ली संग नहीं मिलेगी एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नमो भारत ट्रेन और मेट्रो में कुत्ते और बिल्ली को साथ लेकर यात्री सफर नहीं कर सकेंगे। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने स्पष्ट कर दिया है कि ट्रेनों और स्टेशन परिसर में पालतू जानवरों को ले जाने पर सख्त पाबंदी रहेगी। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एनसीआरटीसी प्रशासन ने अब स्टेशनों पर इस संबंध में सूचनाएं प्रदर्शित करना शुरू कर दिया है। मुख्य द्वार और टिकट काउंटर के पास नोटिस बोर्ड के जरिये यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने साथ किसी भी प्रकार के पालतू जानवर को अंदर न लाएं।

**यात्रियों की सुरक्षा और ट्रेनों व स्टेशनों पर स्वच्छता बनाए रखने को अनिवार्य:** एनसीआरटीसी के अधिकारियों के अनुसार, उनके लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरी है। ऐसा निर्णय इसी कारण से लिया गया है। भीड़भाड़ वाले समय में जानवरों के कारण अन्य यात्रियों को असुविधा या सुरक्षा का खतरा हो सकता है। ट्रेनों और स्टेशनों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए यह कदम अनिवार्य है। कई यात्रियों को जानवरों से एलर्जी होती है या वे उनसे डरते हैं, जिससे सफर के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन सकता है। अधिकारियों के अनुसार लोगों की सुरक्षा को देखते हुए कुत्ते या बिल्ली को साथ ले जाने पर पाबंदी की गई है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे चेकिंग पॉइंट पर ही पालतू जानवरों के साथ आने वाले लोगों को रोक दें। यदि कोई



नियमों का उल्लंघन कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश करता है, तो उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। पालतू पशु और पक्षी, नुकीली वस्तुएं, औजार, निष्क्रिय करने वाले रसायन और अन्य खतरनाक वस्तुएं, बंदूकें और आग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ, ज्वलनशील वस्तुएं, आपत्तिजनक वस्तुएं आदि। बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को दिल्ली के सराय काले खां को मेरठ के मोदीपुरम से जोड़ने वाले 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत ट्रेन कॉरिडोर के शेष हिस्सों का उद्घाटन करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि नमो भारत के उद्घाटन के साथ-साथ 13 स्टेशन वाली 23 किलोमीटर लंबी मेरठ मेट्रो की शुरुआत भी की जाएगी। दिल्ली में सराय काले खां और न्यू अशोक नगर के बीच पांच किलोमीटर का खंड तथा मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम तक 21 किलोमीटर का खंड का काम अब पूरा हो चुका हैं, जिसका उद्घाटन 22 फरवरी को निर्धारित है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ 82 किलोमीटर के गलियारे में सराय काले खां, आनंद विहार, गाजियाबाद, गुलधर, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ, मोदीनगर नॉर्थ और मेरठ साउथ जैसे कई प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

# दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन, लॉरेंस बिश्नोई गैंग का 'कबूतर' गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर-इंटेलिजेंस यूनिट ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो पिछले सात सालों से फरार था। आरोपी की पहचान बॉबी कबूतर के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से पहले की रेकी में शामिल था। पुलिस ने बताया कि उसकी भूमिका इस हाई-प्रोफाइल हत्या से पहले जमीनी स्तर की जानकारी जुटाने की थी। वह कथित तौर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी था और गिरोह की आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। पुलिस उससे पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि उसके नेटवर्क में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं और वह किन-किन वारदातों में शामिल रहा है। दरअसल उसपर इस हाई प्रोफाइल केस मे रेकी करने के अलावा कई अन्य आरोप हैं। इससे पहले उत्तरी दिल्ली के बाहरी इलाके में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में हाल ही में 35 वर्षीय व्यवसायी की हत्या के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का कहना है कि हत्या एक लूट की साजिश का हिस्सा थी, जबकि जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के नाम पर वारदात की जिम्मेदारी लेने वाले सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक पोस्ट की जांच अभी जारी है।

# दिल्ली-एनसीआर में फिर लौटी ठंड, राजस्थान और एमपी में गिरे ओले; उत्तराखंड में बर्फबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अधिकांश हिस्सों में मौसम का मिजाज पल-पल बदल रहा है। बीते दिनों तापमान में अचानक हुई गिरावट के कारण गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर दी। वहीं, बुधवार को कई राज्यों में हुई बारिश के कारण एक बार फिर ठंड लौट आई है।

दरअसल, मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड, हिमाचल, तमिलनाडु, एमपी, राजस्थान में कुछ जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट की संभावना है जिसके कारण कारण सर्दी के बढ़ने की आशंका है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आज यानी 19 फरवरी को मौसम साफ रहेगा, हालांकि, तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है। आज दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान 12 और अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। 20 फरवरी को भी पारा 12 से 28 डिग्री के बीच रहेगा। 21 फरवरी को न्यूनतम 13 और अधिकतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। 22 फरवरी से तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के मौसम में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। बीते दिनों पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों में हुई बारिश के बाद अब मौसम स्थिर होता दिखाई दे रहा है। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के संकेत हैं। 20 फरवरी से पारा 28 से 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। जिसके कारण गर्मी बढ़ने की संभावना है। उत्तराखंड में पिछले कई दिनों से प्रदेशभर में मौसम शुष्क बना हुआ था और तापमान में बढ़ोतरी के चलते हल्की गर्माहट महसूस की जा रही थी। लेकिन बुधवार को अचानक बदले मौसम के कारण हालात बदल गए। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के साथ-साथ हेमकुंड साहिब में भी हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। बर्फबारी के कारण हाड़ों में शीत लहर का असर बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज भी 3000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश के भोपाल, ग्वालियर में रतलाम, श्योपुर, मुरैना, शिवपुरी, मंदसौर समेत 20 जिलों में बारिश देखने को मिली। आज भोपाल-ग्वालियर में सुबह से बारिश हो रही है। आज यानी 19 फरवरी को ग्वालियर, भिंड, शिवपुरी, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। तेज आंधी-बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी है।

# 30 मीटर तक हवा में उड़कर घर के बाथरूम में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, बाल-बाल बचा परिवार

## घर के बाथरूम में जा घुसा ट्रक, ड्राइवर पर मामला दर्ज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में एक चौंकाने वाला हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार से आ रहा एक ट्रक मिट्टी के टीले से उछलकर हवा में करीब 30 मीटर तक उड़ता हुआ एक घर में जा घुसा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रक को हवा में उड़ते हुए साफ देखा जा सकता है। यह हादसा पिछले शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे टाइगार्ड में हुआ। स्थानीय पुलिस के अनुसार, ट्रक पश्चिम दिशा में साउथवेस्ट स्कोल्स फेरी रोड पर जा रहा था और चालक तेज रफ्तार व लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। दरवाजे पर लगे कैमरे की फुटेज में दिखता है कि ट्रक पहले एक मिट्टी के टीले से उछला, फिर एक रिटेनिंग वॉल को पार करता हुआ सीधे घर की दीवार से टकरा गया। ट्रक डेविड ब्रूडनोक के घर के ग्राउंड फ्लोर के बाथरूम में जा घुसा। ब्रूडनोक ने स्थानीय चैनल से बातचीत में कहा, ÷मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई ट्रक उड़कर आएगा। अचानक जोरदार धमाका हुआ और घर हिल गया। नीचे जाकर देखा तो घर का पूरा सामने का हिस्सा टूट चुका था। हादसे के समय



ब्रूडनोक, उनकी पत्नी और उनके तीन छोटे बच्चे ऊपर की मंजिल पर थे। अच्छी बात यह रही कि परिवार का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ। ब्रूडनोक ने कहा कि वह भगवान का शुक्रगुजार हैं कि हादसे के वक्त पूरा परिवार ऊपर था, नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। हादसे के बाद ड्राइवर खुद गाड़ी से बाहर निकल आया, जबकि फायर ब्रिगेड की टीम ने मलबे में फंसे यात्री को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक ड्राइवर और यात्री दोनों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने 33 साल के ड्राइवर जैकब हैंकिंस पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और दूसरों की जान खतरे में डालने का मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी अभी इस हादसे की पूरी परिस्थितियों की समीक्षा कर रहे हैं, जिसमें ट्रक की रफ्तार और टक्कर से पहले की ड्राइविंग का तरीका शामिल है।

## ● कनाडा में घटी विदेशी छात्रों की संख्या

# 61 प्रतिशत की आई कमी, इन नियमों का भरतीय छात्रों पर दिखा असर

**टोरंटो एजेंसी।** कनाडा में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा अस्थायी निवासियों (जिनमें छात्र भी शामिल हैं) की संख्या कम करने और आवास, बुनियादी ढांचे व सार्वजनिक सेवाओं पर दबाव घटाने के लिए उठाए गए कदमों का असर अब साफ दिखने लगा है।

हालिया आंकड़ों में यह सामने आया है कि नए स्टडी परमिट जारी हाने की संख्या में करीब 61 प्रतिशत की कमी आई है। इमिग्रेशन, रिफ्यूजिस एंड सिटिजनशिप कनाडा के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 2024 में जहां 2 लाख 93 हजार 60 नए अंतरराष्ट्रीय छात्र आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 1 लाख 15 हजार 470 रह गई है।

दिसंबर 2024 में 29,835 नए छात्र पहुंचे थे जबकि दिसंबर 2025 में यह संख्या घटकर सिर्फ 9665 रह गई। अगस्त और दिसंबर में आमतौर पर ज्यादा स्टडी परमिट जारी होते हैं, क्योंकि इन्हीं महीनों में फॉल और विंटर सेमेस्टर शुरू होते हैं। मासिक



आंकड़ों में भी गिरावट देखी गई है। उदाहरण के लिए अप्रैल 2024 में 45 हजार 790 नए परमिट जारी हुए थे, जो अप्रैल 2025 में घटकर 8525 रह गए। अगस्त 2024 में 79 हजार 740 परमिट जारी हुए, जबकि अगस्त 2025 में 45 हजार 35 रह गए।

कनाडा सरकार ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए सालाना सीमा (कैप) तय की थी। इसके बाद 2025 और 2026 के लिए भी लक्ष्य कम कर दिए गए। पिछले साल घोषित 2025-2027 की योजना में 2026 के लिए 3.05 लाख छात्रों का लक्ष्य रखा गया था। अब नई 2026-2028 आव्रजन योजना में इसे घटाकर 1.55 लाख कर दिया गया है और अगले दो साल में इसमें हल्की और कमी होगी।

रेगुलेटेड कनाडियन इमिग्रेशन कंसल्टेंट मैथ्यू मैकडोनाल्ड ने कहा था कि 2026 के लिए लक्ष्य में 50 प्रतिशत की कटौती बड़ी बात है। इससे कॉलेज और यूनिवर्सिटी कम एडमिशन ऑफर दे पाएंगे, जिससे कनाडा के शिक्षा क्षेत्र पर दबाव बढ़ेगा। सरकार का कहना है कि वह आव्रजन को सस्टेनेबल स्तर पर लाना चाहती है और अस्थायी निवासियों की संख्या को कुल आबादी के 5 प्रतिशत से नीचे रखना चाहती है। इंटरनेशनल स्टूडेंट प्रोग्राम को भी सख्त किया है। अब एडमिशन लेटर की अनिवार्य जांच होती है। छात्रों के लिए फाइनेंशियल प्रूफ की राशि 10,000 कनाडाई डॉलर से बढ़ाकर 20,635 कनाडाई डॉलर कर दी गई है।

# नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 49 सदस्यीय कैबिनेट का गठन किया

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया है। उन्होंने खलीलुर रहमान को विदेश मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। वह मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रह चुके हैं।

तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ 49 सदस्यीय कैबिनेट ने भी शपथ ली थी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 20 साल बाद देश की सत्ता में वापसी की है।प्रधानमंत्री ने बीएनपी की वरिष्ठ नेता शमा उबैद को विदेश राज्यमंत्री नियुक्त किया है। वह बीएनपी की अंतरराष्ट्रीय मामलों की उपसमिति की सदस्य रह चुकी हैं। सरकार ने आदेश किया जारी विभागों के बंटवारे के बाद सरकार ने एक आधिकारिक आदेश जारी किया, जिसमें बताया गया कि प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने अपने पास रक्षा मंत्रालय समेत तीन विभागों



की जिम्मेदारी रखी है। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को ग्रामीण विकास व सहकारिता मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य आमीर खासरू महमूद चौधरी को वित्त और योजना मंत्रालयों की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बीएनपी के संयुक्त महासचिव सलाउद्दीन अहमद को गृह मंत्रालय मिला है। बता दें कि पहली बार प्रधानमंत्री बने 60 वर्षीय तारिक पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे हैं।

# चुन्युन की शुरुआत: 40 दिनों में 9.5 अरब यात्राएं, चीन में लूनर न्यू ईयर पर रिकॉर्ड यात्रा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन में लूनर न्यू ईयर से पहले हर साल होने वाली चुन्युन यात्रा इस बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। लाखों लोग अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए लंबी दूरी तय कर रहे हैं। आर्थिक मुश्किलों के बावजूद लोग घर लौटने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

बीजिंग में निर्माण कार्य करने वाले लियू झीक्वान चेंगदू जाने के लिए 30 घंटे से ज्यादा की ट्रेन यात्रा का इंतजार कर रहे थे। चेंगदू, सिचुआन प्रांत की राजधानी है, जो बीजिंग से करीब 2,000 किलोमीटर दूर है।

उन्होंने कहा कि इस साल हालात पिछले साल से ज्यादा खराब लग रहे हैं। अर्थव्यवस्था कमजोर है और पैसे कमाना मुश्किल होता जा रहा है। लियू ने पैसे बचाने के लिए धीमी ट्रेन चुनी। तेज रफ्तार ट्रेन से सफर सिर्फ नौ घंटे में पूरा हो सकता था, लेकिन उसका किराया दोगुने से भी ज्यादा था।

**रिकॉर्ड स्तर पर यात्रा:** फिर भी लियू ने घर जाने का फैसला किया, क्योंकि यह साल का वह खास समय है जब देशभर के कामगार छुट्टी लेकर परिवार के साथ समय बिताते हैं। चीन में लूनर न्यू ईयर 17 फरवरी को मनाया जाएगा। इस मौके पर होने वाली 40 दिन की यात्रा अवधि को ÷चुन्युन÷ कहा जाता है। सरकारी अनुमान के मुताबिक, इस दौरान 9.5 अरब यात्राएं होंगी, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

**ट्रेन और हवाई सफर के आंकड़े:** राष्ट्रीय विकास और



सुधार आयोग के अनुसार, इन 9.5 अरब यात्राओं में से करीब 54 करोड़ यात्राएं ट्रेन से होंगी। लगभग 9.5 करोड़ लोग हवाई जहाज से सफर करेंगे। बाकी अधिकतर लोग सड़क मार्ग से अपने घर जाएंगे। चीन में काम के लंबे घंटे और कम वार्षिक छुट्टियों के कारण यह त्योहार लोगों के लिए बेहद खास होता है।

बीजिंग के रेलवे स्टेशन पर यात्री बड़े-बड़े बैग और सूटकेस के साथ इंतजार करते नजर आए। कई लोग इंस्टेंट नूडल्स खा रहे थे, क्योंकि स्टेशन पर मुफ्त में गर्म पानी मिलता है। बीजिंग में नई-नई नौकरी शुरू करने वाली तियान डुओफू ने कहा कि वह 15 फरवरी से शुरू हो रही नौ दिन की छुट्टी का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि नौकरी शुरू करने के बाद समझ आया कि इतनी लंबी छुट्टी मिलना दुर्लभ है और परिवार के साथ मिलना-जुलना कम होता जा रहा है। इसलिए स्प्रिंग फेस्टिवल उनके लिए खास है। हेनान प्रांत की तियान यूनशिया, जो बीजिंग में नाश्ते का ठेला चलाती हैं, ने कहा कि नया साल सबसे बड़ा त्योहार है। उन्होंने कहा, ÷अगर हम घर नहीं जाएंगे तो त्योहार का असली माहौल महसूस नहीं कर पाएंगे।÷ वह अपने बच्चों, पोते-पोतियों और पति से मिलने के लिए घर जाना चाहती हैं।

# कंपनियां अपने ऑपरेशनल एरिया के लोगों की जरूरतों - प्राथमिकताओं को अपने सीएसआर कार्य में करें शामिल : उपायुक्त अजय नाथ झा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सीएसआर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे, डीएस डा. एन पी सिंह, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, बैंक प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

**स्थानीय जरूरतों के अनुरूप हो सीएसआर कार्य - प्रशासन करेगी स्वीकृत**

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कंपनियां अपने ऑपरेशनल एरिया के स्थानीय समुदाय की वास्तविक जरूरतों एवं प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए सीएसआर कार्यों की योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि सीएसआर केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रभावी माध्यम है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय विकास और जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि जिला सीएसआर कमेटी से अनुशंसित एवं स्वीकृत योजनाओं को ही कंपनियां धरातल पर उतारें। अपनी सुविधा अथवा व्यक्तिगत प्राथमिकता के आधार पर राशि खर्च करने की प्रवृत्ति से बचें।

**कंपनियों के लिए समयबद्ध कार्य योजना अनिवार्य**

उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रस्तावित योजनाओं एवं कार्यों का विस्तृत एक्शन प्लान 03 दिनों के भीतर जिला के सीएसआर नोडल पदाधिकारी को समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी दी कि मार्च के प्रथम सप्ताह में नए वित्तीय वर्ष के लिए जिले में प्रस्तावित सीएसआर कार्यों के संबंध में औपचारिक पत्र सभी कंपनियों को प्रेषित कर दिया जाएगा, ताकि समय पर कार्यारंभ सुनिश्चित किया जा सके।

**रेड-ऑरेंज जोन में समग्र विकास पर जोर**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जिले के रेड एवं ऑरेंज जोन क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों का सृजन, आधारभूत संरचना (इंफ्रास्ट्रक्चर) के गैप को समाप्त करना तथा पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कंपनियों से अपेक्षा की कि वे स्वरोजगार, सामुदायिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, स्कूलों के उन्नयन एवं हरित पहल को बढ़ावा देने वाली योजनाओं पर विशेष ध्यान दें।

**हाथी प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल विशेष पहल की जरूरत**

उपायुक्त ने विशेष रूप से हाथी आक्रमण से गोमिया समेत अन्य प्रखंडों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में सीएसआर के माध्यम से ठोस एवं दीर्घकालिक पहल की आवश्यकता है। उन्होंने टार्च - मशाल वितरण, मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन, हाथियों के भोजन हेतु विचरण क्षेत्रों में बांस एवं अन्य उपयुक्त वनस्पतियों का पौधरोपण, सोलर लाइट एवं हाई मास्ट लाइट की स्थापना जैसे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी कंपनियों से इन प्रयासों में सकारात्मक सोच एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**दिव्यांगजनों के लिए ई-ट्राई साइकिल/स्कूटी - उपकरण वितरण**

आयोजित बैठक में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। सीएसआर के तहत ई-ट्राई साइकिल/स्कूटी एवं आवश्यक सहायक उपकरणों का वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही, जिले में कौशल विकास प्रशिक्षण एवं आजीविका से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल करने का भी निर्देश दिया गया।

**पिछले निदेर्शों के अनुपालन की हुई समीक्षा**

बैठक के दौरान पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की गई। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा साझा की। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सीएसआर कार्यों में पारदर्शिता, समन्वय एवं परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्रीय विकास की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कंपनियों को जिले के 04 पीवीजीटी गांवों को गोद लेने के लिए भी सुझाव दिया। उधर, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं - रूचि वाले क्षेत्रों के संबंध में क्रमवार जानकारी दी और उस पर प्रस्ताव तैयार करने को कहा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## मतदान दिवस से पूर्व राजनीतिक विज्ञापनों को लेकर एमसीएमसी से प्रमाणन अनिवार्य

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एमसीएमसी कोषांग द्वारा समस्त नगर निगम एवं नगर परिषद प्रत्याशियों एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों को अवगत कराया जाता है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस एवं उसके एक दिन पूर्व जारी किए जाने वाले सभी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापनों के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से पूर्व प्रमाणन प्राप्त करना अनिवार्य है। निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने तथा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के प्रभावी अनुपालन के उद्देश्य से यह निर्देश जारी किया गया है। बिना एमसीएमसी प्रमाणन के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित अथवा प्रसारित नहीं किया जा सकेगा।

**निर्देश निम्नानुसार हैं:-**

- सभी प्रत्याशी अपने प्रस्तावित विज्ञापन (वीडियो, ऑडियो, पोस्टर, बैनर, सोशल मीडिया क्रिएटिव आदि) निर्धारित प्रारूप में तीन दिन पूर्व एमसीएमसी कोषांग के समक्ष प्रस्तुत करें।
- विज्ञापन के साथ स्क्रिप्ट/कंटेंट की प्रति तथा अधिकृत आवेदन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
- विज्ञापन के प्रकाशन/प्रसारण से पूर्व प्रमाणन प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- सोशल मीडिया पर प्रायोजित सामग्री भी प्रमाणन प्रक्रिया के अंतर्गत आएगी।

बिना प्रमाणन जारी किए गए विज्ञापनों को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा तथा संबंधित प्रत्याशी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसकी जानकारी गुरुवार को एमसीएमसी कमेटी के सदस्य सचिव सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने दी।

## नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के अवसर पर ड्राई-डे घोषित

**21 फरवरी से 24 फरवरी तक शराब बिक्री एवं वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा निर्वाचन की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी बोकारो द्वारा संबंधित नगर निकाय क्षेत्रों में ड्राई-डे घोषित किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम के अंतर्गत चास नगर निगम (वर्ग-ख) के 35 वार्डों तथा फुसरो नगर परिषद (वर्ग-ख) के 28 वार्डों में मतदान 23.02.2026 को निर्धारित है। इस अवसर पर आदेश निर्गत किया गया है कि मतदान के लिए निर्धारित समय की समाप्ति के 48 घंटे पूर्व, अर्थात 21.02.2026 के अपराह्न 5:00 बजे से लेकर मतदान समाप्ति के अगले दिन 24.02.2026 के पूर्वाह्न 7:00 बजे तक संबंधित मतदान क्षेत्रों में ड्राई-डे प्रभावी रहेगा।

**उक्त अवधि के दौरान निम्न आदेशों का अनुपालन होगा :-**

- किसी भी होटल, रेस्तराँ, क्लब या अन्य प्रतिष्ठान में शराब की बिक्री या परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- किसी भी भोजनालय, दुकान, सार्वजनिक अथवा निजी स्थान पर शराब का वितरण या विक्रय नहीं किया जाएगा।
- बिना लाइसेंस वाले परिसरों में शराब के भंडारण पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा प्रतिबंधों का सख्ती से अनुपालन कराया जाएगा।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# निकाय चुनाव के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 से संबंधित निवार्ची पदाधिकारी चास नगर निगम सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिसमें सभी अभ्यर्थियों के लिए इन नियमों का पालन करना अनिवार्य है ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनी रहे।



**मुख्य बिंदुओं का सार है:**

प्रचार की समय-सीमा: 21 फरवरी, शाम 5:00 बजे के बाद सभी प्रकार का प्रचार-प्रसार बंद हो जाएगा। इस दौरान "साइलेंस पीरियड" प्रभावी रहेगा, जिसमें रैलियां, लाउडस्पीकर वाली गाड़ियां और जनसभाएं पूरी तरह प्रतिबंधित होंगी।

**प्रतिबंधित क्षेत्र (100 मीटर दायरा):** मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर कोई भी पोस्टर, बैनर या चुनाव प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसका उल्लंघन माना जाएगा, जो एक दंडनीय निर्वाचन अपराध है।

**मतदाता पर्ची के नियम:** बांटी जाने वाली पर्चियों पर केवल मतदाता का विवरण (नाम, क्रमांक, बूथ नंबर) होगा। किसी भी हाल में अभ्यर्थी का नाम, अभ्यर्थी का क्रमांक या चुनाव चिह्न उस पर नहीं होना चाहिए।

**मोबाइल पर प्रतिबंध:** मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाना सख्त मना है। यह नियम मतदाताओं के साथ-साथ बूथ लेवल एजेंटों पर भी लागू होता है।

**ड्रॉप गेट:** शहर के 11 चिन्हित स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाये गये है, जिसके आगे वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ का चुनाव आज

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के चुनाव प्रभारी विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 20 फरवरी को अधिवक्ता लिपिक संघ का चुनाव होगा। मतदान के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उसी दिन पता चल जाएगा कि कौन अध्यक्ष और कौन कोषाध्यक्ष चुने गए। चुनाव की तैयारी पूरी की जा रही है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष और महासचिव को भी आवेदन दिया गया है कि चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिवक्ता संघ के सदस्य को चुनाव आब्जर्वर नियुक्त किया जाए। जिससे चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होगा। उक्त बात की जानकारी चुनाव प्रभारी विजय कुमार सिन्हा ने देते हुए बताया कि 20 फरवरी को चुनाव एवं गिनती होगी। कुल 91 मतदाता अपने अपने मत का उपयोग करेंगे।

### पर्दानशीं मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें: प्रभाष दत्ता**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका आम निर्वाचन, 2026 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां चरम पर है। इसी क्रम में गुरुवार को सेक्टर-2सी स्थित डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में 34 पर्दानशी मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, प्रभाष दत्ता ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतदान कर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सभी मतदान कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया, मतदाता पहचान, विशेष परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियां तथा मतदान केंद्र पर व्यवस्थापन से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। साथ ही सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर अमन झा, जीवन झा एवं विनोद कुमार अग्रवाल द्वारा तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया, जिससे उन्हें प्रक्रिया की बेहतर समझ प्राप्त हो सके।



### सामान्य प्रेक्षक ने पिंड्राजोरा स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक श्याम नारायण राम ने पिंड्राजोरा स्थित एसएसटी (स्टैटिक सर्विलांस टीम) चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैनात दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों से चुनाव संबंधी सतर्कता एवं जांच प्रक्रिया की जानकारी ली। प्रेक्षक ने वाहन पंजी (रजिस्टर) की बारीकी से जांच की तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए एसएसटी चेक पोस्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ चास प्रवीण कुमार उपस्थित थे। उन्होंने चेक पोस्ट पर की जा रही कार्रवाई एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी।

### श्री रामकृष्ण परमहंस जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए डीसी - डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलेवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना को लेकर गुरुवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने महान संत श्री रामकृष्ण परमहंस की 191 वां जयंती के अवसर पर सेक्टर वन-बी स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संघ के अध्यात्मिकता अभ्यास एवं विकास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर डीसी - डीडीसी ने श्री रामकृष्ण परमहंस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जिलेवासियों की सुख-शांति, प्रगति एवं आपसी सौहार्द की कामना करते हुए उन्हें नमन किया। डीसी ने कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस का जीवन प्रेम, सहिष्णुता और आध्यात्मिक एकता का संदेश देता है, जिसे समाज में अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र परिसर में भक्ति-भाव से प्रार्थना की गई तथा उपस्थित लोगों को श्री रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर संघ के अध्यक्ष गोपाल चंद्र मुंशी, सचिव प्रणव मित्रा समेत अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## गोपाल मुरारका के नेतृत्व में निगम क्षेत्र का होगा चहुमुखी विकास : कृष्णा अग्रवाल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम के महापौर पद के चुनाव को लेकर धर्मशाला मोड़ स्थित मारवाड़ी पंचायत में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी, वरिष्ठजन तथा बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोकारो जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल भी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि समाज की हार्दिक इच्छा है कि हमारे बीच के गोपाल मुरारका चास के मेयर बनें और शहर के चौमुखी विकास को नई दिशा दें। उन्होंने कहा कि गोपाल मुरारका सामाजिक सरोकारों से जुड़े व्यक्ति हैं और हमेशा जनहित के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। समाज को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में चास नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत संरचना, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा। वहीं गोपाल मुरारका ने अपने संबोधन में कहा कि वे जात-पात की राजनीति में विश्वास नहीं रखते और उनका उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर विकास करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा समाज के समर्थन को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा था, जिसके कारण इस बैठक का आयोजन आवश्यक हो गया। आज की बैठक में उमड़ा जनसमर्थन इस बात का प्रमाण है कि समाज उनके साथ मजबूती से खड़ा है। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से आगामी 23 फरवरी 2026 को होने वाले महापौर चुनाव में गोपाल मुरारका को पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने एकजुटता का संकल्प लेते हुए उनके पक्ष में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## हत्या के दोषी मानस गोप को आजीवन कारावास




**तेनुघाट (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम फहीम किरमानी ने हत्या के दोषी दुग्धा थाना अंतर्गत कुरंबा निवासी मानस गोप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मालूम हो कि उक्त वाद के सूचक बबलू कुमार देव ने दुग्धा थाना प्रभारी के पास बयान दर्ज कराया था कि उसका पुत्र आर्यन देव 9/2/23 की शाम से घर से लापता था काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। तब उसकी सूचना दुग्धा थाना प्रभारी को दी और खोज बीन करने का अनुरोध किया। पूछताछ के दौरान थाना प्रभारी को सूचक ने बताया कि दो दिन पूर्व मानस गोप ,भागीरथ गोप, और भुवनेश्वर गोप ने उसके साथ झगड़ा किया और धमकी दिया था कि तुमको बर्बाद कर देंगे। ऐसा हाल करेंगे कि जीवन भर पछताओगे। पुलिस के द्वारा उन लोगों से पूछताछ किया गया तो मानस गोप ने बताया कि उसने बबलू कुमार देव के पुत्र का गला दबाकर हत्या कर और शव को कमालिया बांध के निकट कुआं में डाल दिया है। हत्या की बात मानस ने अपने भाई भागीरथ गोप एवं पिता भुवनेश्वर गोप भी बताई थी। उन लोगों की निशानी पर सूचक के पुत्र का शव कुरंबा कमलिया बांध के बगल स्थित कुआं से बरामद किया गया। इस तरह अभियुक्त ने सूचक के पुत्र को जबरन उठाकर हत्या कर शव कुआं में छुपाने का प्रयास किया। उक्त बयान के आधार पर दुग्धा थाना में मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस सुनने के बाद श्री फहीम किरमानी ने अभियुक्त मानस गोप को हत्या के जुर्म में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त मानस गोप को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। वहीं साक्ष्य के अभाव में भागीरथ गोप और भुवनेश्वर गोप को रिहा किया।अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साह ने बहस किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दिलीप कुमार सिन्हा ने बहस किया।

## कोषांगों की तैयारियों का सामान्य प्रेक्षकों ने लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत चास नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक श्री श्याम नारायण राम एवं नगर परिषद फुसरो के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने सेक्टर 08 बी स्थित विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान द्वय प्रेक्षकों ने सामग्री कोषांग, परिवहन कोषांग एवं मत पेटिका कोषांग में की जा रही व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों से सामग्री की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, वाहनों की तैनाती तथा मत पेटिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कोषांग निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध एवं व्यवस्थित ढंग से कार्य करें, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई



**जैनामोड (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जरीडीह इकाई द्वारा जैनामोड़ स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता अभाविप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवम सिंह ने की। जिसमें मुख्य रूप से अभाविप के पूर्व एसएफडी प्रमुख विवेक पाठक, प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक रोशन जयसवाल उपस्थित रहे । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अभावीप पूर्व एसएफडी प्रमुख विवेक पाठक जी ने अपने उद्बोधन में शिवाजी महाराज के जीवन, उनके अद्वितीय साहस, राष्ट्रभक्ति एवं संगठन क्षमता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# झारखंड की शिक्षा को नई मजबूती : आईआईटी-आईएसएम में बन रहा आधुनिक हॉस्टल



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड की शैक्षणिक अवसंरचना को एक बड़ी मजबूती मिलने जा रही है। रामासिविल इंडिया ने देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-आईएसएम) धनबाद में अत्याधुनिक बालक छात्रावास के निर्माण का दायित्व संभाला है। देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में शुमार आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में यह परियोजना झार खंड की शैक्षणिक अवसंरचना को नई ऊंचाई देने वाली मानी जा रही है। करीब 5.53 एकड़ के निर्मित क्षेत्र में तैयार हो रहा यह 10 मंजिला छात्रावास भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें सुव्यवस्थित आवासीय विंग्स विकसित किए जा रहे हैं, जहां पर्याप्त वेंटिलेशन और प्राकृतिक रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है। डिजाइन इस तरह तैयार किया गया है कि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए शांत और अनुकूल वातावरण मिले, साथ ही सामुदायिक जीवन का संतुलित अनुभव भी प्राप्त हो सके। परिसर में मनोरंजन, प्रशासनिक और आवश्यक उपयोगिता सुविधाएं भी शामिल की गई हैं, जो आधुनिक कैंपस आवासीय ढांचे की झलक प्रस्तुत करती हैं। 21 एकड़ क्षेत्र में फैली इस परियोजना के तहत 800 छात्रों के लिए आवासीय सुविधा विकसित की जा रही है। वास्तु डिजाइन का दायित्व बेंजामिन बेंजामिन एंड वत्स आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर्स एंड अर्बन प्लानर्स ने निभाया है, जबकि रामासिविल इंडिया निर्माण साझेदार की भूमिका में है। परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 166.20 करोड़ रुपये बताई गई है। छात्रावास को एक समग्र आवासीय पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा और छात्र कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। भूतल पर बीएमएस और फायर कंट्रोल कक्ष, प्रशासनिक कार्यालय, वार्डन कक्ष और आगंतुकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था की गई है। विद्यार्थियों के लिए कैफेटेरिया, दो टीवी कक्ष और चार टेबल टेनिस टेबल से सुसज्जित इनडोर मनोरंजन क्षेत्र भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा दिव्यांगजन अनुकूल शौचालय, तीन बैडमिंटन कोर्ट, हरित आंगन, भूमिगत जल टैंक तथा साइकिल और दोपहिया वाहनों के लिए समर्पित पार्किंग जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। प्रत्येक तल पर प्रत्येक विंग में 10 कमरे बनाए गए हैं, जिनमें प्रति विंग 20 बिस्तरों की व्यवस्था है। इस प्रकार छात्रावास की कुल क्षमता 800 बिस्तरों की होगी। साथ ही प्रत्येक तल पर दो ड्राइंग बालकनियां भी दी गई हैं, जिससे पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जा सके। रामासिविल इंडिया कंस्ट्रक्शंस के निदेशक परवीन गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना झारखंड के शैक्षणिक और अवसंरचनात्मक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, सतत और दक्ष अवसंरचना ही राष्ट्र के भविष्य को मजबूत आधार प्रदान करती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com